Established 1865

# पायनियर

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

RNI No. DELHIN/2012/48369 | वर्ष-14 | अंक-34 | नई दिल्ली, शनिवार, 6 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | (नगर संस्करण)

### इंडो-रूस बिजनेस फोरम में पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने आर्थिक साझेदारी को नई दिशा देने पर दिया जोर

# भरोसा ही भारत-रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि भारत और रूस के बीच 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य 2030 से पहले ही हासिल कर लिया जाएगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भारत-रूस व्यापार मंच को संबोधित करते हुए मोदी ने रूसी कंपनियों को न्योता देते हुए कहा, आइए और भारत में बनाइए... भारत के साथ साझेदारी कीजिए। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि पिछले साल राष्ट्रपति पुतिन और उन्होंने 2030 तक 100 अरब डॉलर के आपसी व्यापार का लक्ष्य तय किया था। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति पुतिन के साथ आगे बातचीत के बाद तथा हमारी साझेदारी में जबरदस्त संभावनाओं को देखते हुए मुझे पूरा विश्वास है कि हम यह लक्ष्य तय समय से काफी पहले हासिल कर लेंगे। हम इस लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

> भारत-रूस 2030 से पहले 100 अरब डॉलर का हासिल कर लेंगे व्यापार लक्ष्य : मोदी

> मोदी ने रूसी कंपनियों को दिया न्योता, आइए और भारत के साथ साझेदारी कीजिए

मोदी ने कहा कि कारोबार के लिए सरल और भरोसेमंद व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं तथा भारत और यूरेशियाई आर्थिक संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चाहे कारोबार हो या कूटनीति, किसी भी साझेदारी की नींव आपसी विश्वास होती है। उन्होंने कहा, भारत-रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत यही विश्वास है। यही विश्वास हमारी साझा कोशिशों को दिशा देता है और गति भी प्रदान करता है।

यही वह बिंदु है, जो नई ख्वाहिशों और सपनों की उड़ान के लिए प्रेरणा देता है। मोदी ने बताया कि भारत सस्ते और कुशल इलेक्ट्रिक वाहनों, दोपहिया वाहनों तथा सीएनजी परिवहन समाधानों में अग्रणी है, जबकि रूस उन्नत सामग्रियों का बड़ा उत्पादक है। ईवी विनिर्माण, ऑटोमोटिव कलपुर्जा और गतिशीलता तकनीकों में साझेदारी करके दोनों देश न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरतें पूरी कर सकते हैं, बल्कि 'वैश्विक दक्षिण' के विकास में भी योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने के पक्ष में है। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी कंपनियां भारत से विभिन्न तरह के सामान और सेवाओं की खरीद बढ़ाने को तैयार हैं।



### भारत-रूस के बीच अहम समझौते

- **ऊर्जा सहयोग** : रूस ने भरोसा दिलाया कि वह भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए लगातार और बिना रुकावट ईंधन की सप्लाई करता रहेगा।
- **उद्योगिक साझेदारी** : भारतीय कंपनियों ने रूस की यूरालकेम के साथ एक यूरिया प्लांट रूस में ही स्थापित करने का समझौता किया।
- **फूड सेफ्टी** : भारत की एफएसएसएआई और रूस की उपभोक्ता सुरक्षा एजेंसी के बीच खाद्य सुरक्षा नियमों को मजबूत करने के लिए औपचारिक समझौते हुए।
- **स्वास्थ्य सेवा सहयोग** : मेडिकल रिसर्च और हेल्थ सर्विस में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **समुद्री लॉजिस्टिक्स** : बंदरगाह और शिपिंग ऑपरेशन में भारत-रूस के सहयोग को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।
- **माइग्रेशन और मोबिलिटी** : दोनों देशों ने लोगों की आवाजाही को आसान बनाने और माइग्रेशन प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए समझौते किए।

### रूस-यूक्रेन संकट पर पुतिन से बोले प्रधानमंत्री मोदी

## तटस्थ नहीं बल्कि शांति के पक्ष में है भारत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के नवीनतम प्रयासों का शुक्रवार को पुरजोर समर्थन किया और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यह संदेश दिया कि भारत इस संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने के लिए सभी शांति प्रयासों में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। यूक्रेन मुद्दा दोनों नेताओं के वार्षिक शिखर वार्ता में केंद्रीय रूप से उभरा है। इस शिखर वार्ता का उद्देश्य लगभग आठ दशक से जारी द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत बनाना है, जो जटिल भू-राजनीतिक माहौल और तनावों के बावजूद स्थिर बनी रही है। मोदी ने शिखर वार्ता के दौरान अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष को लेकर तटस्थ नहीं है, बल्कि इसे करने के लिए शांति का पक्षधर है। मोदी ने कहा, यूक्रेन संघर्ष के शुरू होने के बाद से हम चर्चा करते रहे हैं। एक करीबी मित्र के रूप में, आप हमें स्थिति के बारे में नियमित रूप से सूचित करते आए हैं। मुझे लगता है कि विश्वास एक बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, हम सभी को शांति का मार्ग तलाशना चाहिए। मैं नवीनतम प्रयासों से अवगत हूं और मुझे विश्वास है कि दुनिया शांति की ओर रुख करेगी।

> मोदी ने युद्ध खत्म करने के प्रयासों का समर्थन किया

## समझौते पर जल्द हस्ताक्षर के पक्ष में पुतिन

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि भारत एवं यूरेशियाई आर्थिक संघ (ईएईयू) के बीच तरजीही व्यापार समझौते पर जल्दी हस्ताक्षर होने से वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के प्रवाह में बाधाएं कम करने में मदद मिलेगी। भारत और ईएईयू ने पिछले सप्ताह इस मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर पहले दौर की बातचीत की थी। ईएईयू के पांच सदस्य देशों- रूस, आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान एवं किर्गिजस्तान के साथ भारत ने 20 अगस्त को समझौते के लिए नियमों एवं शर्तों को अंतिम रूप दिया था। भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए पुतिन ने यहां भारत-रूस व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच 100 अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दोनों देशों के कारोबारी समुदायों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। फिलहाल दोनों देशों के बीच व्यापार का आकार लगभग 70 अरब डॉलर है।

> भारत-ईएईयू के बीच तरजीही व्यापार समझौते पर बोले पुतिन



### इंडिगो संकट डीजीसीए ने लिया यू-टर्न

## क्रू के 'साप्ताहिक विश्राम' से जुड़े निर्देश लिए वापस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के राष्ट्रीय राजधानी से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानों सहित करीब 500 उड़ानें रद्द करने से देश भर में हजारों यात्री कई घंटों तक फंसे रहे और हवाई यात्रा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी पटरी से उतरी नजर आई। इंडिगो के पायलटों के उड़ान-समय के लिए नए नियमों की योजना बनाने में विफल रहने के कारण यह संकट उत्पन्न हुआ। लोगों का गुस्सा बढ़ने और विपक्षी दलों के सरकार को घेरने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय ने हस्तक्षेप करते हुए इंडिगो के पायलटों के लिए रात्रि ड्यूटी के कड़े नियमों से अस्थायी छूट दे दी।

> इंडिगो की सेवाओं में व्यवधान से हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी

इंडिगो का संकट उन नए नियमों से खड़ा हुआ जिनके तहत पायलटों के साप्ताहिक आराम की जरूरत के समय को 12 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया। साथ ही सप्ताह में केवल दो बार रात में लैंडिंग की अनुमति दी गई है, जो पहले छह हुआ करती थी। इंडिगो ने इन व्यवधानों के लिए गलत फैसलों और योजनागत कमियों को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली हवाई अड्डे ने घोषणा की कि शुक्रवार को इंडिगो की करीब 235 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। चेन्नई हवाई अड्डे ने भी प्रमुख महानगरीय गंतव्यों के लिए सभी उड़ानें शाम छह बजे तक रोक दी हैं। इंडिगो ने मुंबई में 104, बेंगलुरु में 102 और हैदराबाद में 92 उड़ानें रद्द की गईं।

### इंडिगो की 400 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** एयरलाइन पायलटों की मासिक कार्य सूची से जुड़ी समस्याओं के कारण देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का परिचालन पूरी तरह चरमरा गया है। शुक्रवार को 400 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और कई यात्री हवाई अड्डों पर तीन दिनों तक फंसे हुए हैं। पायलटों के लिए मासिक कार्य सूची (रोस्टरिंग) का अर्थ है पायलटों को सरकारी नियमों (एफडीटीएल) के अनुसार ड्यूटी, आराम और साप्ताहिक विश्राम आवंटित करने की समय-सारणी बनाना। हवाई अड्डों पर अराजकता का माहौल दिखा। इंडिगो की कई उड़ानें 12 घंटे से अधिक देरी से चलीं, यात्रियों ने विरोध प्रदर्शन किया और सामान खोने की शिकायतें भी सामने आईं। पायलटों की कमी और योजनागत खामियों के कारण इंडिगो की उड़ानों में यह व्यवधान आज चौथे दिन भी है और अधिकारी स्थिति पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं।

## आवास और गाड़ी खरीदना होगा सस्ता

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को नीतिगत रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। इससे घर, वाहन और अन्य कर्ज सस्ता होने की उम्मीद है। इसके साथ ही आरबीआई ने बैंकों में एक लाख करोड़ रुपये की नकदी डालने की भी घोषणा की। इससे अर्थव्यवस्था को अमेरिकी शुल्क के प्रभाव से सुरक्षित रखने और रुपये की कीमत में आई गिरावट से निपटने में मदद मिलेगी। आरबीआई की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.25 प्रतिशत करने का निर्णय लिया।

> रेपो दर में एक चौथाई की कटौती

> भविष्य में भी दर कटौती की बनी हुई है गुंजाइश

यह फरवरी 2025 के बाद से चौथी कटौती है और अब तक कुल 1.25 प्रतिशत कटौती हो चुकी है। रेपो दर में छह महीने के अंतराल के बाद की गई इस कटौती से आवास, वाहन और अन्य उपभोक्ता ऋणों के सस्ते होने का रास्ता खुल गया है। दरअसल रेपो दर में कटौती का सीधा असर बैंकों की उधारी लागत पर होता है। बैंकों को अब केंद्रीय बैंक से सस्ते में उधार मिलेगा लिहाजा वे एमसीएलआर और अन्य ऋण दरों में कमी कर सकेंगे। इससे घर, वाहन और व्यावसायिक ऋणों की मासिक किस्तें घटेंगी। रेपो दर में इस कटौती से आरबीआई ने डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 90 के भी पार चले जाने से जुड़ी आशंकाएं दरकिनार करने की कोशिश की है। इस साल डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में पांच प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है जो एशिया की सभी मुद्राओं के बीच सबसे खराब प्रदर्शन है।




### ब्याज दर में कटौती पर बोले विशेषज्ञ

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि ब्याज दर में कटौती और नकदी बढ़ाने के उपाय यह दर्शाते हैं कि मौद्रिक नीति का ताजा फैसला आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने की दिशा में है। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक आंकड़े वृद्धि व मुद्रास्फीति दोनों मोर्चों पर सकारात्मक रूप से चौंकाने वाले रहे हैं, जिससे दर कटौती की पर्याप्त गुंजाइश बनी है।

## हर पंचायत में बनेगी सहकारी संस्था : शाह

**एजेंसी। गांधीनगर**



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि अपनी निश्चित रणनीति के तहत सरकार का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में देश की जीडीपी में सहकारिता क्षेत्र के योगदान को तीन गुना करना और 50 करोड़ से ज्यादा सक्रिय सहकारी सदस्य बनाना है। शाह ने आयोजित अर्थ समिट को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने वर्ष 2030 तक वैश्विक जैविक बाजार में भारत का हिस्सा 20 प्रतिशत और वर्ष 2035 तक 40 प्रतिशत तक बढ़ाने का भी लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करना चाहती है। मोदी सरकार बनने के बाद ग्रामीण विकास, खेती, पशुपालन और सहकारिता क्षेत्र को देश के आर्थिक प्रणाली और पूरे विकास के जरूरी हिस्सों के तौर पर पहचाना गया। पूरी तरह से विकसित भारत के दृष्टिकोण में हर नागरिक की भलाई शामिल है, और उस लक्ष्य को पाने के लिए सहकारिता, खेती, पशुपालन और ग्रामीण विकास क्षेत्र पर ध्यान देना जरूरी है।

> जीडीपी में सहकारिता क्षेत्र की हिस्सेदारी तीन गुना करने का लक्ष्य

### बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर पूरे उत्तर प्रदेश में अलर्ट

# अयोध्या-मथुरा में बढ़ाई गई सतर्कता और सुरक्षा

**पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या/मथुरा**

बाबरी मस्जिद विध्वंस (छह दिसंबर, 1992) की बरसी से पहले भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या, श्री कृष्ण जन्म भूमि मथुरा समेत पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या और मथुरा के साथ वाराणसी, लखनऊ, मेरठ, अलीगढ़, आगरा, कानपुर और प्रयागराज जैसे प्रमुख जिलों में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

> होटल, ढाबे, अतिथि गृह और धर्मशालाओं की हो रही जांच

पुलिस के अनुसार, अयोध्या में चार दिसंबर से ही सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। राम मंदिर के पक्ष में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद विवादित स्थल पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। हाल में धर्म ध्वजा की स्थापना के साथ ही मंदिर का निर्माण पूरा हुआ है, ऐसे में छह दिसंबर को सुरक्षा एजेंसियां अत्यंत सतर्क हैं। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने बताया कि जिले के सभी थानों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चार दिसंबर से अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है और छह दिसंबर तक सुरक्षा घेरा और कड़ा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। एसएसपी ने कहा कि होटल, ढाबे, अतिथि गृह और धर्मशालाओं की लगातार जांच की जा रही है, और शहर के प्रवेश द्वारों पर वाहनों की भी निगरानी की जा रही है। अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष तिवारी ने बताया कि छह दिसंबर को लेकर अयोध्या क्षेत्र में पैदल गश्त की जा रही है। पुलिसकर्मियों को राम मंदिर मार्ग और संवेदनशील स्थानों पर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। मथुरा में कृष्ण जन्मभूमिझशाही ईदगाह परिसर एक संवेदनशील स्थल है।

आगरा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शैलेश कुमार पांडेय ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और पूरे जिले में सतर्कता बढ़ा दी। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर और अन्य संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद, पांडेय ने निवासियों को आश्वस्त करने के लिए गोविंद नगर और कोतवाली के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में पैदल मार्च किया।



### पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क

मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि शहर को जोन और सेक्टर में विभाजित किया गया है और प्रत्येक जोन की निगरानी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी करेंगे। बाहरी जिलों से अतिरिक्त बल, पीएसी, आरएएफ और अन्य विशेष इकाइयां तैनात की गई हैं। पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। किसी भी व्यक्ति या संगठन को ऐसी कोई भी नयी गतिविधि शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिससे शांति भंग होने का खतरा हो। धार्मिक स्थलों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संवेदनशील इलाकों में खुफिया इकाइयां सक्रिय हैं और शांति भंग करने वाले संदिग्धों को हिरासत में लिया जा रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 6 दिसंबर 2025



## दिल्ली नगर निगम के नए वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश

# 16,530.50 करोड़ से होगा विकास

- सफाई का बजट घटाया, शिक्षा-स्वास्थ्य का बढ़ाया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



दिल्ली नगर निगम के नए वित्तीय वर्ष 2026-27 का कुल 16,530.50 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। इसमें साफ-सफाई के बजट में कमी के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट को बढ़ाया गया है। इसके साथ ही राहत की बात यह है कि इस वित्तीय वर्ष में कोई अतिरिक्त कर लगाने का प्रस्ताव नहीं लाया गया है। निगम ने सफाई के बजट में 111.83 करोड़ रुपये घटाया है, जबकि शिक्षा के बजट को 826.61 करोड़ रुपये बढ़ाया।

जन स्वास्थ्य विभाग के बजट को 72.09 करोड़ रुपये व पशु चिकित्सा विभाग के बजट में 22.63 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की है। साथ ही, निगम ने नए वित्तीय वर्ष 2026-27 में सामान्य प्रशासन पर 25.4 करोड़ रुपये, बागवानी में 4.65 करोड़ रुपये, सामुदायिक सेवाओं में 3.36 करोड़ रुपये और लाभकारी परियोजनाओं के लिए 26.3 करोड़ रुपये की वृद्धि की है। अब इस बजट को निगम की स्थायी समिति, सदन में और निगम की समितियों में पेश करते हुए इस पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद सभी के सुझावों के मद्देनजर बजट को अंतिम रूप दिया जाएगा। निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने प्रदूषण के मुद्दे पर निगम की योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष मार्च तक निगम के अधीन आने वाली 600 सड़कों का निर्माण करेंगे। इससे इन सड़कों पर धूल प्रदूषण नहीं फैलेगा। सड़कों की सफाई के लिए नई मकैनिकल स्वीपिंग मशीनों को भी खरीदा जाएगा। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बजट सत्र खत्म होने के बाद निगम प्रशासन और अधिकारियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि निगम के सदन में कई प्रस्ताव सीधे लाए जाते हैं। उसे स्थायी समिति में नहीं लाया जाता। यह निगम की स्थायी समिति में चर्चा पर लाए जाने चाहिए। इस मुद्दे पर निगम आयुक्त ने कहा कि जिस परियोजना पर पांच करोड़ रुपये से अधिक की लागत होती है उसे स्थायी समिति में लाया जाता है। पांच करोड़ रुपये से कम फंड के प्रोजेक्ट को सदन में लाया जाता है। यह निगम के अधिनियम में भी सम्मिलित है। 20 मल्टी लेवल पार्किंग बनेगी निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद निगम 20 स्थानों पर मल्टी लेवल कार पार्किंग को तैयार करने के लिए जगहों को चिह्नित कर रहा है।

### निगम पर 15 हजार करोड़ रुपये का कर्ज

निगम आयुक्त ने बताया कि निगम पर 15 हजार 751 करोड़ रुपये की देनदारी है। इसके अतिरिक्त लगभग सात हजार करोड़ रुपये कर्मचारियों के एरियर भी देने हैं। कई ठेकेदारों को भी पैसे देने हैं। आयुक्त ने कहा कि निगम के राजस्व को बढ़ाने पर काम करेंगे। इसके लिए संपत्ति कर समेत अन्य सोर्स से आय बढ़ाएंगे। विभिन्न मदों में दिए गए बजट सफाई- 4795.28 करोड़ रुपये सामान्य प्रशासन- 3549.63 करोड़ रुपये लोक निर्माण कार्य- 1884.44 करोड़ रुपये जन स्वास्थ्य- 1833.51 करोड़ रुपये शिक्षा- 2520.34 करोड़ रुपये पशु चिकित्सा सेवा- 131.06 करोड़ रुपये बागवानी- 397.91 करोड़ भूमि, लाभकारी परियोजना- 118.20 करोड़ रुपये अन्य विकास खर्च- 475.10 करोड़ रुपये लाइसेंसिंग विभाग- 10.42 करोड़ रुपये सामुदायिक सेवा- 74.73 करोड़ रुपये कर्ज भुगतान- 667.80 करोड़ रुपये कुल- 16,530.50 करोड़ रुपये।

### यूजर चार्ज नए तरीके से तैयार होंगे

आयुक्त ने संकेत दिया है कि कूड़ा उठाने के लिए संपत्ति कर के साथ यूजर चार्ज को लगाने के फैसले को नए तरीके से तैयार करेंगे। देशभर में कई निगमों में यूजर चार्ज वसूला जाता है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अप्रैल में निगम प्रशासन ने कूड़ा उठाने के लिए यूजर चार्ज वसूलने का फैसला लिया था, जिसे भाजपा ने निगम में सत्ता में लौटने के बाद वापस ले लिया था।

### दो कर को समायोजित करेंगे

फैक्टरी लाइसेंस और जनरल ट्रेड लाइसेंस के बाद अब निगम रेस्तरां और अन्य खान पान के स्थानों को जारी होने वाले स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस को भी संपत्ति कर में समायोजित किया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि हम स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस को संपत्ति कर के दायरे में लाने पर काम कर रहे हैं।

## अवैध बार पर छापा, देर रात चल रहे थ्री बॉक्सेस कैफे से 25 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी-उत्तर जिला पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे एक बार क्लब पर कार्रवाई करते हुए 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई समयपुर बादली पुलिस स्टेशन की टीम द्वारा की गई, जहां देर रात एक कैफे में अवैध रूप से शराब और हुक्का परोसा जा रहा था। उपायुक्त (बाहरी उत्तर जिला) हर्षेश्वर स्वामी ने बताया कि 3-4 दिसंबर की मध्यरात्रि को समयपुर बादली पुलिस को समयपुर मुख्य चौक पर एक अवैध बार चलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह जाखड़ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें एसआई सतेंद्र, एसआई प्रमोद, एचसी करमजीत, एचसी शक्ति और एचसी विशाल शामिल थे। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची, तो उन्होंने संदिग्ध युवकों को एक इमारत में प्रवेश करते देखा। पीछा करने पर, इमारत की दूसरी मंजिल पर देर रात एक कैफे, जिसका नाम थ्री बॉक्सेस कैफे था, संचालित होता मिला। कैफे के अंदर तेज संगीत बज रहा था। पुलिस ने पाया कि 20 से 30 वर्ष की आयु के लगभग 16-17 पुरुष और 20 से 25 वर्ष की 7-8 महिलाएं सोफे पर बैठे थे और हुक्का पी रहे थे। 3-4 वेटर ग्राहकों को बीयर और व्हिस्की परोस रहे थे। कैफे के मैनेजर अनिल से पूछताछ करने पर वह शराब परोसने या कैफे चलाने का कोई वैध परमिट या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद, परिसर में मिली सभी सामग्री जब्त कर ली गई। जब्त सामग्री में 37 कैन बीयर, व्हिस्की की दो बोतलें (रेड लेबल और ब्लैक एंड व्हाइट), हुक्के (7-8) और एक म्यूजिक सिस्टम शामिल थे। पुलिस को कुछ 50 के नकली/गेमिंग करेंसी नोट भी मिले।

## तमिलनाडु पुलिस और बलेनो कार में टक्कर

**नई दिल्ली :** हरीनगर में दिल्ली हाट के पास शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां तमिलनाडु पुलिस की एक बस और एक मारुति बलेनो कार के बीच जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई और वे पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। डीसीपी पश्चिम दराडे शरद भास्कर ने बताया कि सुबह करीब 11.38 बजे पीसीआर कॉल के जरिए बस में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर तमिलनाडु पुलिस की बस (टीएन 15जी 0067) और पीछे से टकराई बलेनो कार (डीएल 6सीआर 7009) दुर्घटनाग्रस्त और जल चुकी अवस्था में पाई गईं। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अलावा, एफएसएल जांच और क्राइम टीम की टीम अब यह जांच कर रही है कि आग पहले किस वाहन में लगी थी और इस भीषण टक्कर का वास्तविक कारण क्या था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आगे चल रही बस के अचानक ब्रेक लगाने के कारण, पीछे से आ रही बलेनो कार जिसकी रफ्तार सामान्य से अधिक थी, का चालक समय रहते कार रोक नहीं पाया और कार तेजी से बस से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तुरंत ही वाहनों में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए दोनों वाहन को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में दोनों जलकर राख हो गए। वैसे समय रहते दोनों ही वाहन में सवार लोग बाहर निकल आए, जिसे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।


AXIS BANK LTD.

**"प्रतिभूति स्वरूप गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना"**

उधारकर्ताओं को विशेष रूप से तथा आमजन को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित खातों में गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक ई-नीलामी, **एक्सिस बैंक** द्वारा नीचे वर्णित शाखा में प्रस्तावित है। नीचे नामित उधारकर्ताओं ने **एक्सिस बैंक लिमिटेड** से स्वर्ण आभूषणों को गिरवी रखकर ("गोल्ड लोन सुविधा") ऋण सुविधा प्राप्त की थी, जो बैंक के पक्ष में सुरक्षा के रूप में गिरवी रखी गई थी।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों को उनके द्वारा ग्रहण की गई गोल्ड लोन सुविधा के बकाया भुगतान हेतु मांग नोटिस जारी किए गए थे। परंतु उधारकर्ताओं/जमानतदारों द्वारा बकाया ऋण राशि का भुगतान न किए जाने के कारण, बैंक उक्त गिरवी का प्रवर्तन करने के लिए बाध्य है तथा नीचे संपत्ति अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित गिरवी रखे स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी दिनांक 16.12.2025 को दोपहर 12:30 बजे से अपराह्न 03:30 बजे तक "जैसा जहां है", "जैसा है तथा जिस स्थिति में है", "जो कुछ भी विद्यमान है" तथा "बिना किसी दावा-प्रतिदावा के आधार पर" पर प्रस्तावित है।

**उधारकर्ताओं तथा बकाया राशि का विवरण:**

| क्रम सं. | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि (रु. में) | रिकॉल नोटिस की तिथि | सकल भार (ग्राम में) | शुद्ध भार (ग्राम में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **शाखा कार्यालय: अशोक विहार, नई दिल्ली (दिल्ली)** | | | | | |
| 1 | राकेश मित्तल | XXXXXXXXXXXX6690 | रु. 56,777.00 | 16-06-2025 | 10.000 | 9.500 |
| 2 | उर्मिला | XXXXXXXXXXXX9998 | रु. 5,44,472.00 | 09-07-2025 | 147.900 | 143.300 |
| 3 | निखिल | XXXXXXXXXXXX4999 | रु. 8,14,009.00 | 16-11-2025 | 145.800 | 139.200 |
| 4 | जय प्रकाश | XXXXXXXXXXXX2922 | रु. 19,44,063.00 | 16-11-2025 | 436.100 | 416.700 |
| 5 | पूजा बंसल | XXXXXXXXXXXX3003 | रु. 35,28,043.00 | 27-07-2025 | 708.400 | 586.500 |
| 6 | तवनीत सिंह | XXXXXXXXXXXX2922 | रु. 40,80,188.93 | 27-10-2025 | 761.000 | 650.000 |
| | **शाखा कार्यालय: बदरपुर, दिल्ली (DL)** | | | | | |
| 7 | कोमल चौहान | XXXXXXXXXXXX1655 | रु. 79,394.00 | 24-03-2025 | 15.770 | 15.520 |
| 8 | रेहान अफरीदी | XXXXXXXXXXXX4345 | रु. 2,65,000.00 | 14-10-2025 | 62.370 | 60.610 |
| | **शाखा कार्यालय: बाली नगर, नई दिल्ली (DL)** | | | | | |
| 9 | करण सिंह | XXXXXXXXXXXX7796 | रु. 13,48,348.00 | 17-10-2025 | 298.600 | 247.400 |
| | **शाखा कार्यालय: बवाना, दिल्ली (DL)** | | | | | |
| 10 | जावेद | XXXXXXXXXXXX3471 | रु. 5,96,933.88 | 24-03-2025 | 175.400 | 150.500 |
| | **शाखा कार्यालय: डी. बी. गुप्ता रोड, नई दिल्ली (DL)** | | | | | |
| 11 | अभिषेक आर्य | XXXXXXXXXXXX6040 | रु. 2,01,028.00 | 16-11-2025 | 47.300 | 45.050 |
| 12 | मुकेश | XXXXXXXXXXXX0652 | रु. 4,79,845.70 | 29-09-2025 | 155.500 | 138.300 |
| | **शाखा कार्यालय: दरियागंज, दिल्ली (DL)** | | | | | |
| 13 | नवनीत | XXXXXXXXXXXX9982 | रु. 9,82,319.72 | 17-10-2025 | 180.520 | 169.500 |
| | **शाखा कार्यालय: डीएलएफ, गुरुग्राम (हरियाणा)** | | | | | |
| 14 | रोहताश | XXXXXXXXXXXX6999 | रु. 64,077.00 | 06-11-2025 | 11.000 | 10.500 |
| | **शाखा कार्यालय: फरीदाबाद (हरियाणा)** | | | | | |
| 15 | राकेश कुमार | XXXXXXXXXXXX3357 | रु. 46,652.97 | 24-03-2025 | 68.300 | 65.220 |
| 16 | हामिद | XXXXXXXXXXXX4565 | रु. 99,272.04 | 16-05-2025 | 33.200 | 20.600 |
| 17 | सुषमा चोपड़ा | XXXXXXXXXXXX7507 | रु. 4,47,700.46 | 04-11-2024 | 257.400 | 244.700 |
| 18 | पूजा | XXXXXXXXXXXX8671 | रु. 17,40,409.36 | 30-01-2025 | 416.200 | 392.200 |
| | **शाखा कार्यालय: गीता कॉलोनी, नई दिल्ली (DL)** | | | | | |
| 19 | सद्दाम खान | XXXXXXXXXXXX4497 | रु. 1,07,182.00 | 16-11-2025 | 22.800 | 20.300 |
| | **शाखा कार्यालय: गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)** | | | | | |
| 20 | सत्यम गोयल | XXXXXXXXXXXX2102 | रु. 56,820.00 | 06-11-2025 | 10.000 | 9.600 |
| 21 | संगीता | XXXXXXXXXXXX4663 | रु. 70,617.20 | 24-03-2025 | 15.200 | 14.700 |
| 22 | प्रीति | XXXXXXXXXXXX7148 | रु. 1,13,768.00 | 24-03-2025 | 25.600 | 24.200 |
| 23 | रविंद्र कुमार | XXXXXXXXXXXX9394 | रु. 1,22,255.00 | 06-11-2025 | 18.800 | 18.100 |
| 24 | सुषमा | XXXXXXXXXXXX3174 | रु. 1,24,770.00 | 16-11-2025 | 33.300 | 30.500 |
| 25 | प्रीति | XXXXXXXXXXXX8610 | रु. 2,02,929.00 | 24-03-2025 | 49.950 | 47.100 |
| 26 | अंजली पाठक | XXXXXXXXXXXX5724 | रु. 2,30,603.00 | 27-10-2025 | 42.700 | 39.600 |
| 27 | अरुण नागर | XXXXXXXXXXXX8057 | रु. 8,23,799.00 | 27-09-2025 | 163.900 | 146.400 |
| | **शाखा कार्यालय: ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश)** | | | | | |
| 28 | वीरेंद्र यादव | XXXXXXXXXXXX6287 | रु. 56,113.00 | 24-03-2025 | 12.700 | 12.000 |
| 29 | निरवान | XXXXXXXXXXXX9057 | रु. 68,089.44 | 31-07-2025 | 17.500 | 15.500 |
| 30 | बिजेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXXX0882 | रु. 94,149.54 | 17-10-2025 | 37.200 | 35.200 |
| 31 | पुष्पा झा | XXXXXXXXXXXX3987 | रु. 1,03,138.09 | 16-11-2025 | 92.400 | 87.650 |
| 32 | किरण | XXXXXXXXXXXX4889 | रु. 1,25,355.00 | 31-07-2025 | 25.800 | 23.900 |
| 33 | कृष्ण कुमार | XXXXXXXXXXXX9160 | रु. 1,97,768.00 | 31-07-2025 | 43.800 | 41.800 |
| 34 | श्यामवती | XXXXXXXXXXXX6159 | रु. 7,17,924.00 | 17-10-2025 | 161.400 | 134.550 |
| 35 | योगेंद्र सिंह | XXXXXXXXXXXX6782 | रु. 8,69,846.00 | 27-09-2025 | 150.900 | 142.400 |
| 36 | जिया शर्मा | XXXXXXXXXXXX8598 | रु. 23,28,017.00 | 16-11-2025 | 412.000 | 353.300 |
| | **शाखा कार्यालय: ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा (उत्तर प्रदेश)** | | | | | |
| 37 | कपिल यादव | XXXXXXXXXXXX3382 | रु. 36,590.00 | 27-10-2025 | 8.340 | 7.340 |
| 38 | चंदन कुमार साह | XXXXXXXXXXXX6334 | रु. 73,115.00 | 16-06-2025 | 13.710 | 12.810 |
| 39 | सिम्मी | XXXXXXXXXXXX8339 | रु. 1,75,172.75 | 27-10-2025 | 34.300 | 31.300 |
| | **शाखा कार्यालय: हयातपुर, गुरुग्राम (हरियाणा)** | | | | | |
| 40 | ज्योति चौबे | XXXXXXXXXXXX2350 | रु. 1,04,402.95 | 16-11-2025 | 20.600 | 18.600 |
| 41 | कुलदीप | XXXXXXXXXXXX0817 | रु. 1,70,800.00 | 27-10-2025 | 34.840 | 33.440 |
| 42 | पूनम रस्तोगी | XXXXXXXXXXXX2657 | रु. 5,81,668.00 | 16-05-2025 | 123.900 | 120.000 |
| | **शाखा कार्यालय: इंदिरापुरम, गाजियाबाद (उ.प्र.)** | | | | | |
| 43 | रविंद्र कुमार | XXXXXXXXXXXX4921 | रु. 65,995.07 | 27-10-2025 | 13.700 | 13.100 |
| 44 | हरिंदर कुमार | XXXXXXXXXXXX0039 | रु. 81,244.00 | 27-10-2025 | 15.300 | 13.600 |
| | **शाखा कार्यालय: जनकपुरी, नई दिल्ली (DL)** | | | | | |
| 45 | सोनू यादव | XXXXXXXXXXXX2762 | रु. 64,695.00 | 27-10-2025 | 11.100 | 10.600 |
| | **शाखा कार्यालय: ज्योति नगर, दिल्ली** | | | | | |
| 46 | मोमिन | XXXXXXXXXXXX5742 | रु. 1,12,674.00 | 27-10-2025 | 24.200 | 22.900 |
| 47 | प्रदीप भाटिया | XXXXXXXXXXXX2835 | रु. 1,51,013.37 | 06-11-2025 | 36.300 | 34.600 |
| 48 | धर्मवीर सिंह | XXXXXXXXXXXX0469 | रु. 1,98,027.34 | 16-11-2025 | 50.300 | 46.700 |
| 49 | मोहम्मद फुरकान | XXXXXXXXXXXX3865 | रु. 2,75,338.24 | 27-10-2025 | 46.480 | 44.780 |
| 50 | दीपांशु | XXXXXXXXXXXX0443 | रु. 5,36,636.02 | 27-10-2025 | 102.930 | 96.730 |
| | **शाखा कार्यालय: कालकाजी, नई दिल्ली** | | | | | |
| 51 | नैय्यर आलम | XXXXXXXXXXXX4876 | रु. 82,764.15 | 05-06-2025 | 17.700 | 15.900 |
| 52 | पोली यास्मीन | XXXXXXXXXXXX8862 | रु. 86,648.00 | 27-10-2025 | 20.100 | 18.200 |
| 53 | प्रिया | XXXXXXXXXXXX1189 | रु. 2,43,075.08 | 05-06-2025 | 57.700 | 55.400 |
| 54 | नरेंद्र सिंह | XXXXXXXXXXXX7039 | रु. 5,48,904.00 | 16-11-2025 | 110.600 | 106.600 |
| 55 | मयंक गुप्ता | XXXXXXXXXXXX3337 | रु. 13,12,822.52 | 14-09-2025 | 517.700 | 456.870 |
| | **शाखा कार्यालय: किशनगंज, दिल्ली** | | | | | |
| 56 | रोहित | XXXXXXXXXXXX8657 | रु. 28,795.00 | 16-11-2025 | 5.430 | 5.130 |
| | **शाखा कार्यालय: लाजपत नगर, नई दिल्ली** | | | | | |
| 57 | योगेंद्र कुमार | XXXXXXXXXXXX1341 | रु. 49,602.00 | 23-11-2021 | 26.200 | 25.150 |
| 58 | राकेश भड़ाना | XXXXXXXXXXXX8801 | रु. 1,34,529.00 | 27-10-2025 | 20.300 | 19.500 |
| 59 | आरोष कोहली | XXXXXXXXXXXX3844 | रु. 7,82,681.00 | 03-04-2025 | 164.200 | 153.400 |
| | **शाखा कार्यालय: लाजपत नगर-II, नई दिल्ली** | | | | | |
| 60 | गुड़िया देवी | XXXXXXXXXXXX2161 | रु. 3,64,652.92 | 16-11-2025 | 57.940 | 55.740 |
| | **शाखा कार्यालय: लक्ष्मी बाज़ार, गुड़गांव, हरियाणा** | | | | | |
| 61 | विकास कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXXX0225 | रु. 3,21,256.00 | 29-09-2025 | 79.200 | 77.700 |
| | **शाखा कार्यालय: मालवीय नगर, नई दिल्ली** | | | | | |
| 62 | रवि रंजन | XXXXXXXXXXXX9647 | रु. 1,21,502.79 | 17-10-2025 | 21.400 | 20.500 |
| 63 | अगम्या झा | XXXXXXXXXXXX3451 | रु. 1,73,517.00 | 17-10-2025 | 26.800 | 26.000 |
| 64 | गोपाली सरकार | XXXXXXXXXXXX0010 | रु. 2,46,054.00 | 16-11-2025 | 39.300 | 38.300 |
| 65 | शुभंकर दत्ता | XXXXXXXXXXXX4251 | रु. 3,64,998.00 | 27-10-2025 | 59.400 | 57.500 |
| 66 | अगम्या झा | XXXXXXXXXXXX5071 | रु. 8,22,417.00 | 16-06-2025 | 180.800 | 169.100 |
| | **शाखा कार्यालय: मानेसर, हरियाणा** | | | | | |
| 67 | मोनिका | XXXXXXXXXXXX0837 | रु. 89,432.43 | 27-10-2025 | 22.600 | 21.600 |
| 68 | गीता देवी | XXXXXXXXXXXX1061 | रु. 91,178.00 | 27-10-2025 | 17.300 | 15.800 |
| 69 | अमित कुमार | XXXXXXXXXXXX0968 | रु. 1,43,591.32 | 16-11-2025 | 31.300 | 28.500 |
| 70 | मुकेश कुमार | XXXXXXXXXXXX5366 | रु. 2,37,358.25 | 06-11-2025 | 50.200 | 49.300 |
| 71 | मुकेश कुमार | XXXXXXXXXXXX2760 | रु. 3,86,962.00 | 16-11-2025 | 71.600 | 69.500 |
| 72 | अजय बीर | XXXXXXXXXXXX6597 | रु. 11,10,498.00 | 27-07-2025 | 340.500 | 293.500 |
| 73 | अमित कुमार | XXXXXXXXXXXX8208 | रु. 13,98,877.95 | 27-10-2025 | 243.900 | 217.300 |
| | **शाखा कार्यालय: मयूर विहार, नई दिल्ली** | | | | | |
| 74 | विपनीत सिंह चौधरी | XXXXXXXXXXXX3124 | रु. 92,470.37 | 16-11-2025 | 18.500 | 17.100 |
| 75 | मोहम्मद आरिफ | XXXXXXXXXXXX9417 | रु. 3,01,892.52 | 16-11-2025 | 135.900 | 110.240 |
| | **शाखा कार्यालय: मीरा बाग, नई दिल्ली** | | | | | |
| 76 | सुधीर कुमार पटेल | XXXXXXXXXXXX6123 | रु. 2,27,000.86 | 27-10-2025 | 57.000 | 47.700 |
| | **शाखा कार्यालय: मोती नगर, नई दिल्ली** | | | | | |
| 77 | अंजू सोनविया | XXXXXXXXXXXX1352 | रु. 1,17,548.00 | 27-10-2025 | 19.600 | 18.700 |
| | **शाखा कार्यालय: नजफगढ़, नई दिल्ली** | | | | | |
| 78 | अमित कुमार | XXXXXXXXXXXX8077 | रु. 7,00,159.00 | 27-11-2024 | 169.900 | 153.900 |
| | **शाखा कार्यालय: नेहरू प्लेस, दिल्ली** | | | | | |
| 79 | मोहित शर्मा | XXXXXXXXXXXX5214 | रु. 3,31,972.00 | 05-06-2025 | 79.000 | 71.250 |
| 80 | शान बाबू | XXXXXXXXXXXX9516 | रु. 4,22,877.00 | 16-06-2025 | 93.300 | 86.400 |
| | **शाखा कार्यालय: न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली** | | | | | |
| 81 | मोह. कुमैल | XXXXXXXXXXXX0313 | रु. 97,633.00 | 10-10-2023 | 29.900 | 24.000 |
| | **शाखा कार्यालय: न्यू रेलवे रोड, गुरुग्राम, हरियाणा** | | | | | |
| 82 | शमशेर | XXXXXXXXXXXX7449 | रु. 38,231.77 | 05-06-2025 | 9.200 | 9.000 |
| 83 | रूपा देवी | XXXXXXXXXXXX2932 | रु. 1,02,521.00 | 16-11-2025 | 18.100 | 16.300 |
| 84 | विनीत मलिक | XXXXXXXXXXXX6185 | रु. 1,46,823.00 | 06-11-2025 | 22.700 | 22.200 |
| 85 | सचिन त्यागी | XXXXXXXXXXXX3067 | रु. 1,78,421.81 | 07-09-2024 | 41.300 | 40.000 |
| | **शाखा कार्यालय: नोएडा, उत्तर प्रदेश** | | | | | |
| 86 | संतोष कुमार श्रीवास्तव | XXXXXXXXXXXX7114 | रु. 62,608.00 | 27-10-2025 | 10.660 | 10.260 |
| 87 | दिनेश सिंह सोलंकी | XXXXXXXXXXXX7406 | रु. 1,15,863.77 | 06-08-2025 | 32.200 | 31.000 |
| 88 | सौरभ श्रीवास्तव | XXXXXXXXXXXX2064 | रु. 1,26,613.00 | 27-10-2025 | 25.500 | 24.700 |
| | **शाखा कार्यालय: नोएडा एक्सटेंशन, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश** | | | | | |
| 89 | अनूप मेहरोत्रा | XXXXXXXXXXXX7311 | रु. 28,630.00 | 16-05-2025 | 6.400 | 6.000 |
| 90 | कुमारी सोनी भारती | XXXXXXXXXXXX5510 | रु. 70,205.93 | 17-10-2025 | 18.300 | 17.200 |
| 91 | अनंग पाल सिंह | XXXXXXXXXXXX9065 | रु. 78,131.00 | 16-11-2025 | 18.000 | 17.200 |
| 92 | पूजा कुमारी | XXXXXXXXXXXX0247 | रु. 1,41,780.17 | 05-06-2025 | 34.400 | 32.900 |
| 93 | कार्तिक चौधरी | XXXXXXXXXXXX9037 | रु. 1,80,124.02 | 06-11-2025 | 36.200 | 33.100 |
| 94 | नगेन्द्र कुमार गौतम | XXXXXXXXXXXX9913 | रु. 3,19,145.00 | 06-11-2025 | 76.600 | 57.800 |
| | **शाखा कार्यालय: पालम विहार, गुरुग्राम, हरियाणा** | | | | | |
| 95 | दिपेश यादव | XXXXXXXXXXXX2634 | रु. 1,43,707.00 | 16-11-2025 | 24.400 | 23.500 |
| 96 | सुनीता | XXXXXXXXXXXX4002 | रु. 1,59,282.00 | 16-11-2025 | 25.600 | 25.300 |
| 97 | ममता देवी | XXXXXXXXXXXX9805 | रु. 6,62,444.05 | 27-09-2025 | 119.200 | 115.800 |
| 98 | शमशेर खान | XXXXXXXXXXXX0747 | रु. 13,30,777.48 | 27-10-2025 | 217.200 | 209.700 |
| | **शाखा कार्यालय: पलवल, हरियाणा** | | | | | |
| 99 | चाँदनी | XXXXXXXXXXXX1472 | रु. 43,774.69 | 27-10-2025 | 11.100 | 10.600 |
| 100 | महेश कुमार | XXXXXXXXXXXX0506 | रु. 81,349.00 | 06-11-2025 | 20.600 | 19.100 |
| 101 | कमल सिंह | XXXXXXXXXXXX4395 | रु. 1,97,600.00 | 12-10-2022 | 78.500 | 73.800 |
| | **शाखा कार्यालय: पैराडाइज़ मॉल, सेक्टर-गुरुग्राम, हरियाणा** | | | | | |
| 102 | लक्ष्मण यादव | XXXXXXXXXXXX0562 | रु. 63,707.00 | 31-07-2025 | 13.700 | 12.900 |
| 103 | ऋद्धिमा गुप्ता | XXXXXXXXXXXX9230 | रु. 1,05,979.00 | 16-11-2025 | 19.700 | 19.200 |
| 104 | सुनील कुमार | XXXXXXXXXXXX7156 | रु. 2,33,985.00 | 16-05-2025 | 68.180 | 64.180 |
| 105 | कामिनी सिंह | XXXXXXXXXXXX6345 | रु. 2,98,905.00 | 27-10-2025 | 51.200 | 49.400 |
| 106 | कामिनी सिंह | XXXXXXXXXXXX7301 | रु. 3,31,926.00 | 27-10-2025 | 55.600 | 52.700 |
| 107 | कामिनी सिंह | XXXXXXXXXXXX5237 | रु. 3,73,288.00 | 27-10-2025 | 65.000 | 62.700 |
| 108 | हरप्रीत सिंह पहल | XXXXXXXXXXXX1533 | रु. 13,36,224.33 | 24-04-2025 | 299.600 | 294.600 |
| | **शाखा कार्यालय: पटौदी, गुरुग्राम, हरियाणा** | | | | | |
| 109 | असर्फी देवी | XXXXXXXXXXXX3543 | रु. 9,32,708.00 | 29-09-2025 | 201.600 | 192.700 |
| | **शाखा कार्यालय: पुष्प विहार, दिल्ली** | | | | | |
| 110 | दीपक अग्रवाल | XXXXXXXXXXXX0954 | रु. 1,88,612.74 | 12-09-2025 | 58.000 | 46.600 |
| 111 | राहुल झा | XXXXXXXXXXXX0540 | रु. 2,23,187.41 | 27-09-2025 | 41.600 | 34.300 |
| | **शाखा कार्यालय: आर.के. मिशन, नई दिल्ली** | | | | | |
| 112 | मोह. तनवीर आलम | XXXXXXXXXXXX5336 | रु. 97,265.19 | 31-07-2025 | 19.810 | 19.100 |
| 113 | राजेंद्र सिंह | XXXXXXXXXXXX2906 | रु. 3,36,203.67 | 27-10-2025 | 63.340 | 61.740 |
| 114 | सतबीर सिंह | XXXXXXXXXXXX5708 | रु. 5,00,213.09 | 16-06-2025 | 479.600 | 447.800 |
| 115 | विकास कुमार | XXXXXXXXXXXX0936 | रु. 8,79,062.33 | 27-10-2025 | 157.590 | 145.090 |
| 116 | शत्रु गुप्ता | XXXXXXXXXXXX6847 | रु. 24,04,225.91 | 16-06-2025 | 812.500 | 639.300 |
| | **शाखा कार्यालय: राज नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** | | | | | |
| 117 | मनीष पाल | XXXXXXXXXXXX3966 | रु. 1,18,223.00 | 16-06-2025 | 22.300 | 21.400 |
| 118 | सोहनवीर | XXXXXXXXXXXX0228 | रु. 2,02,417.00 | 06-11-2025 | 36.300 | 34.800 |
| 119 | सोहनवीर | XXXXXXXXXXXX6585 | रु. 2,02,858.00 | 27-10-2025 | 48.100 | 33.600 |
| 120 | मोह. साकिर अली | XXXXXXXXXXXX9789 | रु. 2,13,982.31 | 16-11-2025 | 41.000 | 38.500 |
| 121 | सितारा बेगम | XXXXXXXXXXXX1035 | रु. 3,14,970.00 | 27-10-2025 | 57.000 | 54.000 |
| 122 | संजय कुमार | XXXXXXXXXXXX7613 | रु. 3,32,566.90 | 30-01-2025 | 115.800 | 112.300 |
| | **शाखा कार्यालय: रोहिणी, दिल्ली** | | | | | |
| 123 | गौरव सिंह | XXXXXXXXXXXX8584 | रु. 90,190.00 | 27-10-2025 | 15.400 | 14.800 |
| 124 | पंकज मिश्रा | XXXXXXXXXXXX2238 | रु. 1,12,524.00 | 16-11-2025 | 17.500 | 17.000 |
| 125 | ज्योति सैनी | XXXXXXXXXXXX2963 | रु. 2,63,048.00 | 27-10-2025 | 44.100 | 42.500 |
| | **शाखा कार्यालय: सेक्टर 10A, गुरुग्राम, हरियाणा** | | | | | |
| 126 | कविता राज | XXXXXXXXXXXX2440 | रु. 3,49,117.00 | 16-06-2025 | 60.900 | 59.800 |
| | **शाखा कार्यालय: सेक्टर 12, नोएडा** | | | | | |
| 127 | शुभम गर्ग | XXXXXXXXXXXX7455 | रु. 4,58,063.42 | 16-11-2025 | 94.290 | 90.850 |
| | **शाखा कार्यालय: सेक्टर 14, गुरुग्राम, हरियाणा** | | | | | |
| 128 | कुमारी निशा सिंह | XXXXXXXXXXXX8892 | रु. 1,48,805.14 | 27-09-2025 | 65.700 | 57.950 |
| 129 | विनोद कुमार पांडेय | XXXXXXXXXXXX5734 | रु. 2,08,591.13 | 17-10-2025 | 42.300 | 39.600 |
| 130 | रेनू पारीक | XXXXXXXXXXXX6175 | रु. 14,32,632.00 | 27-09-2025 | 236.700 | 219.500 |
| | **शाखा कार्यालय: सेक्टर 16, फरीदाबाद, हरियाणा** | | | | | |
| 131 | अरुण खेर | XXXXXXXXXXXX0960 | रु. 44,015.00 | 16-06-2025 | 9.300 | 9.080 |
| 132 | अजाजुल हक | XXXXXXXXXXXX1124 | रु. 52,151.00 | 16-11-2025 | 8.800 | 8.540 |
| 133 | अजाजुल हक | XXXXXXXXXXXX7266 | रु. 70,671.30 | 16-11-2025 | 15.500 | 15.100 |
| 134 | प्रशांत गोदारा | XXXXXXXXXXXX1015 | रु. 1,34,663.00 | 17-10-2025 | 25.300 | 24.500 |
| 135 | पुष्पेंद्र माली | XXXXXXXXXXXX6894 | रु. 4,41,449.11 | 27-10-2025 | 89.500 | 79.500 |
| 136 | राहुल नामा | XXXXXXXXXXXX1589 | रु. 4,38,567.89 | 16-11-2025 | 93.300 | 82.200 |
| 137 | आकाश चौहान | XXXXXXXXXXXX8004 | रु. 4,56,216.00 | 27-10-2025 | 77.700 | 72.870 |
| 138 | मोहम्मद जावेद | XXXXXXXXXXXX8027 | रु. 5,04,900.85 | 27-09-2025 | 83.700 | 80.700 |
| 139 | बृज बिहारी | XXXXXXXXXXXX8508 | रु. 5,22,462.00 | 31-07-2025 | 119.100 | 115.090 |
| 140 | साक्षी वर्मा | XXXXXXXXXXXX7591 | रु. 5,52,932.00 | 31-07-2025 | 102.500 | 97.250 |
| 141 | सबा समरीन अख्तर | XXXXXXXXXXXX8767 | रु. 6,77,047.87 | 16-11-2025 | 238.500 | 217.400 |
| 142 | ज्ञानवीर सिंह | XXXXXXXXXXXX2026 | रु. 10,04,252.54 | 16-11-2025 | 227.300 | 204.300 |
| | **शाखा कार्यालय: सेक्टर 31-32ए, गुरुग्राम, हरियाणा** | | | | | |
| 143 | निधि | XXXXXXXXXXXX9794 | रु. 28,762.84 | 27-10-2025 | 6.400 | 6.000 |
| 144 | मंगेलाल | XXXXXXXXXXXX0105 | रु. 55,941.00 | 27-10-2025 | 9.900 | 9.400 |
| | **शाखा कार्यालय: सेक्टर 17, गुरुग्राम, हरियाणा** | | | | | |
| 145 | अरुण | XXXXXXXXXXXX1801 | रु. 1,22,695.11 | 24-03-2025 | 26.140 | 24.840 |
| | **शाखा कार्यालय: सेक्टर 18, नोएडा, उत्तर प्रदेश** | | | | | |
| 146 | मोहम्मद शमीम | XXXXXXXXXXXX1074 | रु. 4,58,625.00 | 16-11-2025 | 76.300 | 72.950 |
| | **शाखा कार्यालय: सेक्टर 22, गुरुग्राम, हरियाणा** | | | | | |
| 147 | दिपेश यादव | XXXXXXXXXXXX3644 | रु. 1,22,842.00 | 06-11-2025 | 18.300 | 18.000 |
| | **शाखा कार्यालय: सेक्टर 24, रोहिणी, नई दिल्ली** | | | | | |
| 148 | ज्योति सैनी | XXXXXXXXXXXX6925 | रु. 7,29,064.95 | 27-10-2025 | 122.700 | 114.400 |
| 149 | सीबा | XXXXXXXXXXXX2034 | रु. 8,02,918.84 | 27-09-2025 | 156.400 | 146.500 |
| | **शाखा कार्यालय: शाहदरा, दिल्ली** | | | | | |
| 150 | मोहम्मद फुरकान | XXXXXXXXXXXX4873 | रु. 1,18,129.00 | 24-03-2025 | 25.700 | 24.600 |
| 151 | मोहित | XXXXXXXXXXXX4950 | रु. 2,93,228.00 | 24-03-2025 | 58.500 | 55.800 |
| 152 | विकास | XXXXXXXXXXXX8031 | रु. 5,81,187.34 | 27-10-2025 | 96.500 | 91.400 |
| | **शाखा कार्यालय: शालीमार बाग, दिल्ली** | | | | | |
| 153 | दीपिका तिवारी | XXXXXXXXXXXX7238 | रु. 1,07,320.52 | 27-10-2025 | 19.300 | 18.150 |
| 154 | वैशाली नारंग | XXXXXXXXXXXX3134 | रु. 3,10,923.00 | 27-10-2025 | 61.800 | 48.200 |
| | **शाखा कार्यालय: सीतागंज, दिल्ली** | | | | | |
| 155 | बबलू कुमार | XXXXXXXXXXXX2643 | रु. 89,551.00 | 27-10-2025 | 14.710 | 14.110 |
| | **शाखा कार्यालय: स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली** | | | | | |
| 156 | प्रिया वाधवा | XXXXXXXXXXXX7926 | रु. 9,33,808.00 | 27-09-2025 | 176.900 | 155.600 |
| 157 | गौरव वाधवा | XXXXXXXXXXXX7815 | रु. 17,99,310.00 | 27-07-2025 | 403.700 | 340.600 |
| | **शाखा कार्यालय: उत्तम नगर, नई दिल्ली** | | | | | |
| 158 | संजन | XXXXXXXXXXXX2141 | रु. 44,002.05 | 16-11-2025 | 10.400 | 9.900 |
| 159 | अनिल कुमार | XXXXXXXXXXXX7622 | रु. 1,91,576.50 | 27-07-2025 | 38.800 | 37.000 |
| 160 | संजन | XXXXXXXXXXXX8439 | रु. 2,25,379.75 | 16-11-2025 | 36.700 | 34.500 |
| | **शाखा कार्यालय: वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** | | | | | |
| 161 | कुमारी ज्योति पाल | XXXXXXXXXXXX8565 | रु. 8,12,302.00 | 27-09-2025 | 161.800 | 144.300 |
| | **शाखा कार्यालय: विकासपुरी, नई दिल्ली** | | | | | |
| 162 | सोनाली | XXXXXXXXXXXX1789 | रु. 26,590.70 | 30-01-2025 | 8.500 | 8.100 |
| 163 | हिमांशु बब्बर | XXXXXXXXXXXX9905 | रु. 1,70,890.95 | 16-11-2025 | 36.200 | 34.400 |
| 164 | चरण सिंह | XXXXXXXXXXXX0352 | रु. 12,78,105.51 | 09-07-2025 | 311.300 | 289.700 |
| 165 | नवज्योति खुल्लर | XXXXXXXXXXXX4904 | रु. 21,04,287.00 | 19-05-2025 | 650.000 | 623.700 |
| | **शाखा कार्यालय: विश्वास नगर, दिल्ली** | | | | | |
| 166 | नितीश | XXXXXXXXXXXX9288 | रु. 36,521.00 | 27-10-2025 | 8.300 | 7.700 |
| 167 | नूतन कौशिक | XXXXXXXXXXXX8812 | रु. 53,010.40 | 17-10-2025 | 11.700 | 11.400 |
| 168 | गुरचरण अरोड़ा | XXXXXXXXXXXX3696 | रु. 4,03,164.80 | 25-03-2025 | 95.760 | 92.560 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना किसी पूर्व सूचना के खाते को हटाने अथवा नीलामी तिथि में परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है। नीलामी ऑनलाइन **https://gold.samil.in** पर **अपराह्न 12:30 बजे से 03:30 बजे** के मध्य आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तें जानने हेतु कृपया उक्त वेबसाइट **https://gold.samil.in** पर लॉग इन करें।

**स्थान: दिल्ली**
**दिनांक: 06.12.2025**

हस्ताक्षरित/-, अधिकृत अधिकारी,
एक्सिस बैंक लिमिटेड


## धर्मशिला नारायणा अस्पताल के विशेषज्ञओं ने बच्चों में ब्लड कैंसर उपचार के नवाचारों पर की चर्चा




- उपचार की नई तकनीकों से हो रही है ब्लड कैंसर की रोकथाम : डॉ सुनील भट्ट

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली धर्मशिला नारायणा अस्पताल ने आज एक विशेष मीडिया संवाद का आयोजन किया, जिसमें बचपन में होने वाले कैंसर और रक्त विकारों के उपचार में हो रहे उल्लेखनीय नवाचारों तथा बेहतर रोगी परिणामों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इम्यूनोथेरेपी, सेल थेरेपी और उन्नत बोन मैरो ट्रांसप्लांट तकनीकों जैसी आधुनिक विधियां किस प्रकार भारत में बाल कैंसर उपचार की दिशा बदल रही हैं। भारत में लगभग 40% बाल कैंसर मामलों में रक्त कैंसर शामिल होता है, जो बच्चों के लिए सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। विशेषज्ञों ने समय पर पहचान, जागरूकता और अन्य बाल कैंसरों के साथ-साथ रक्त कैंसर के उच्च उपचार-सफलता दर के बारे में समाज को जागरूक करने पर बल दिया।

नारायणा हेल्थ एक अग्रणी हेल्थकेयर समूह के रूप में बाल हीमेटोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट में अत्याधुनिक समाधान उपलब्ध कराता रहा है, जिससे बच्चों की जीवित रहने की दर और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुनील भट्ट, वाइस-चेयरमैन ऑन्कोलॉजी कॉलेजियम डायरेक्टर एवं क्लिनिकल लीड, नारायणा हेल्थ, ने उन्नत ट्रांसप्लांट तकनीकों और अपने व्यापक अनुभव पर कहा कि मेरा मुख्य फोकस थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, ल्यूकेमिया और अन्य बाल कैंसरों से पीड़ित बच्चों के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट पर है।

मैंने बच्चों में 2,500 से अधिक ट्रांसप्लांट किए हैं। सफलतापूर्वक मैच्ड ट्रांसप्लांट करने के अलावा, अब हम हैप्लो-आईडेंटिकल या हाफ-मैच्ड ट्रांसप्लांट भी सफलतापूर्वक कर रहे हैं। ये नई तकनीकें उपचार को बच्चों के लिए सुरक्षित और अधिक प्रभावी बना रही हैं।

## ब्राह्मण समाज का फूटा गुस्सा, संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की मांग




**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

मध्य प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समुदाय, विशेषकर महिलाओं के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आज फरीदाबाद में ब्राह्मण समाज का आक्रोश फूट पड़ा। भारी संख्या में समाज के लोग उपायुक्त कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति व मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने संतोष वर्मा को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त करने और उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक व कानूनी कार्रवाई की मांग की। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि एक उच्च प्रशासनिक पद पर रहते हुए इस तरह की टिप्पणी बेहद निंदनीय, अशोभनीय और महिलाओं का अपमान है। उनका कहना था कि यह संविधान प्रदत्त समानता के अधिकार का उल्लंघन है और सामाजिक सौहार्द को आहत करता है। समाज ने संतोष वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त धाराओं में मुकदमा चलाने की भी मांग उठाई है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जब तक अधिकारी सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांगते, तब तक विरोध जारी रहेगा। सुबह से ही फरीदाबाद के विभिन्न हिस्सों से लोग बैनर और पोस्टर लेकर उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचने लगे। नारेबाजी के बीच एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन हरियाणा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी तेज किया जाएगा।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश सरकार इस मामले में संज्ञान लेते हुए संतोष वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर चुकी है और उन्हें निलंबित भी किया जा चुका है। बावजूद इसके, प्रदर्शनकारी अधिकारी की पूर्ण बर्खास्तगी की मांग पर अड़े हुए हैं।

**फरीदाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई :** फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस ने वर्ष 2025 में संपत्ति विरुद्ध अपराधों पर प्रभावी प्रहार किया है। पुलिस की सक्रियता के चलते वाहन चोरी, साधारण चोरी, सेंधमारी, लूट और स्नैचिंग जैसे अपराधों में इस वर्ष उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई।


**Name change**

I,Rooplal S/o Dev Lal R/o H.No. E-124, A.C. Nagar, NIT, Faridabad HR have changed my name to Rooplal Ram.

-----------------------------------

I,Manoj Chawla S/o Chander Parkash Chawla R/o E-8 Nehru Ground Faridabad have changed my name to Manoj Kumar Chawla

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को मनोज कुमार की ओर यह सूचना दी जाती है कि वे ग्राम नौरंगपुर, सेक्टर-79 गुरुग्राम-मानेसर अर्बन कॉम्प्लेक्स 9, हरियाणा, ब्लॉक/टॉवर बी, "गोल्फ हीन-79" के नाम से जाने वाले प्रोजेक्ट में स्थित अपार्टमेंट नंबर बी-1803, 18वीं फ्लोर पर है, जिसका कारपेट क्षेत्रफल 638.480 वर्ग फीट, का मालिक है। हस्तांतरण विलेख दिनांक 30.07.2025, दस्तावेज संख्या 5625, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 100/187, दिनांक 30.07.2025 (SRO-मानेसर) के अनुसार है। अब, सुनील कुमार आईसीआईसीआई बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए बंधक रखना चाहते हैं। मेसर्स सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा श्री मनोज कुमार के पक्ष में अपार्टमेंट नंबर बी-1803, 18वीं फ्लोर के संबंध में निष्पादित किया गया मूल फ्लैट बायर एग्रीमेंट, दस्तावेज संख्या 2513, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 279/1360, दिनांक 26.07.2021, SRO-मानेसर के अनुसार है, जो खो गया है/गुम हो गया है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 7 दिनों के भीतर, अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। तुलसेम सीगल एलएलपी एन-161, भूतल, सावित्री टावर, गौतम नगर, यूसुफ सराय कम्युनिटी सेंटर के पास, दिल्ली-110049, संपर्क # 011-40046316

# राजधानी में अभी प्रदूषण से राहत नहीं

## मौसम विभाग ने शीतलहर का जताया पूवार्नुमान

■ बवाना में सबसे अधिक एक्यूआई 373 दर्ज किया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को भी जहरीली हवा से कोई राहत नहीं मिली और वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह नौ बजे के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 323 रहा।

दिल्ली भर के 30 निगरानी स्टेशन ने बेहद खराब स्तर की हवा दर्ज की, जिसमें बवाना में सबसे अधिक एक्यूआई 373 दर्ज किया गया। सप्ताह के दौरान एक्यूआई में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 279 दर्ज किया गया, जो सोमवार को बढ़कर 304 हो गया। मंगलवार को यह और बढ़कर 372 हो गया, जो गंभीर श्रेणी की ओर बढ़ रहा था। बुधवार को यह 342 पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को यह फिर से 304 पर पहुंचकर बेहद खराब हो गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर श्रेणी में रखा जाता है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार के लिए शीतलहर का पूवार्नुमान जारी किया है। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.9 डिग्री कम है। सापेक्षिक आर्द्रता भी 100 प्रतिशत रही। अधिकतम तापमान दिन में लगभग 22 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने का अनुमान है।

### प्रदूषण से निपटने प्रयास कर रही सरकार

नई दिल्ली। अशोक नगर वार्ड की निगम पार्षद रीना महेश्वरी ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि हर साल सर्दियों में यह गंभीर रूप ले लेता है। उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों ने प्रदूषण रोकने के लिए कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला, जिसके कारण स्थिति और खराब हुई। वहीं आम आदमी पार्टी की सरकार ने 11 वर्षों में कोई ठोस योजना नहीं बनाई, जिससे समस्या और विकराल हो गई। रीना महेश्वरी के अनुसार रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार प्रदूषण को लेकर बेहद गंभीर है और ट्रिपल इंजन सरकार ने कई प्रभावी योजनाएँ लागू की हैं। कृत्रिम बारिश जैसी पहल भी की गई, हालांकि मौसम ने अपेक्षित साथ नहीं दिया। इसके बावजूद सरकार गड्ढे भरने, धूल नियंत्रण, प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर कार्रवाई और सड़कों पर नियमित छिड़काव जैसे कदम तेजी से उठा रही है। एक महीने में हजारों चालान जारी किए जा चुके हैं। रीना महेश्वरी ने बताया कि दिल्ली की हवा लगातार खराब बनी हुई है, विशेष रूप से सर्दियों में अदकबेहद गिर जाता है। इसी को देखते हुए सरकार अब मिस्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही है।

# दिल्ली बम धमाका : एनआईए ने आरोपी शोएब की कस्टडी 10 दिन और बढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



दिल्ली में हुए बम धमाके के मामले में आरोपी शोएब की एनआईए कस्टडी 10 दिन और बढ़ा दी गई है। पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किए गए शोएब को पहले 10 दिन की कस्टडी मिली थी, जो अब समाप्त होने के बाद अदालत ने बढ़ा दी। एनआईए के अनुसार, शोएब पर आरोप है कि उसने आतंकवादी उमर नबी को धमाके से ठीक पहले पनाह दी थी और लॉजिस्टिक सहायता भी दी थी। इससे पहले 2 दिसंबर को एनआईए ने मुख्य आरोपी आमिर रशीद अली की कस्टडी 7 दिन और बढ़ाने की मंजूरी ली थी। आमिर को 16 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था।

एनआईए ने उसकी गिरफ्तारी के बाद अदालत से हिरासत बढ़ाने की मांग की थी, ताकि धमाके से जुड़े अहम सुराग और साजिश की परतों को उजागर किया जा सके। पहले उसे 10 दिन की रिमांड दी गई थी, जिसके दौरान एजेंसी ने उससे लंबी पूछताछ की। जांच में सामने आया कि आमिर उस कार का मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर ने धमाके के दौरान किया था। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला कि आमिर ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी साजिश रची और हमले की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाई। एनआईए ने इस मामले में दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद कई राज्यों में तलाश अभियान चलाया और आमिर को दिल्ली से गिरफ्तार किया। जांच एजेंसियों के दायरे में अब एक और बड़ा नाम डॉ. उमर नबी भी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की पड़ताल में पता चला कि उमर पिछले साल से ही आत्मघाती हमलावर की भर्ती और मॉड्यूल की योजना बना रहा था। दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड से पकड़े गए जसीर ने पूछताछ में बताया कि उमर ने पूरी साजिश की योजना बनाई और हमलावरों की भर्ती में सक्रिय भूमिका निभाई। एनआईए कई राज्यों में लगातार छापेमारी अभियान चला रही है ताकि इस मॉड्यूल में शामिल हर संदिग्ध की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा सके। एनआईए हर सम्भव सुराग जुटाने में लगी हुई है।

# जीएमआर ने रेखा सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



दिल्ली सरकार ने शहर में सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए कई सड़कों व फ्लाईओवरों को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), वेदांता, जीएमआर जैसी प्रमुख कंपनियों को सौंप दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार और जीएमआर के बीच शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत कंपनी आजादपुर मंडी से इंद्रलोक तक सड़क के रखरखाव, सफाई और पौधरोपण का काम तीन साल तक संभालेगी। पौधारोपण, सफाई और अन्य कार्यों पर छह करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और जीएमआर एक सौर पंप भी लगाएगा। रेखा गुप्ता ने बताया कि चिराग दिल्ली फ्लाईओवर, पंचशील क्लब फ्लाईओवर, आईआईटी फ्लाईओवर, पंजाबी बाग व अरविंदो मार्ग के लिए आईओसीएल और मुकरबा चौक से मधुबन चौक तक कार्य अन्य कंपनियों को आवंटित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम प्रदूषण के खिलाफ अपनी लड़ाई में दिल्ली की बड़ी कंपनियों के साथ साझेदारी करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत, आईजीएल मुनिरका फ्लाईओवर का काम संभालेगा, वेदांता को पंजाबी बाग फ्लाईओवर (राम मंदिर की तरफ), आउटर रिंग रोड (शालीमार बाग की तरफ) और राव तुला राम रोड फ्लाईओवर का काम सौंपा गया है। रेखा गुप्ता ने कहा कि वहीं गोदरेज, नेताजी सुभाष पैलेस फ्लाईओवर के रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेगा।

## एनडीएमसी 6 दिसंबर को आयोजित करेगी सुविधा शिविर

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) 6 दिसंबर, शनिवार को एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड में अपना सुविधा शिविर आयोजित करेगी। यह शिविर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा। यह कार्यक्रम एनडीएमसी की नागरिक आउटरीच पहल का हिस्सा है, जिसके तहत नागरिकों को विभिन्न नगरपालिका सेवाओं से संबंधित जानकारी, सुविधा और शिकायत निवारण एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाता है। सुविधा शिविर में एनडीएमसी क्षेत्र के निवासी, सेवा उपयोगकर्ता, आरडब्ल्यूए, एमटीए, तथा सेवारत और सेवानिवृत्त एनडीएमसी कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया है। वे बिजली कनेक्शन, संपत्ति कर, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, कर्मचारियों के सेवा मामले, जलभराव, अपशिष्ट निपटान, जैसी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे।

# दिल्ली में पेशाब करने पर मर्डर, पहले कहासुनी और फिर चाकू से गोद डाला

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



■ मुख्य आरोपी 19 वर्षीय इमरान की गिरफ्तारी और तीन नाबालिगों को पकड़े जाने के बाद सुलझी हत्या की गुत्थी

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के भोगल में एक सार्वजनिक शौचालय के पास पेशाब करने को लेकर हुई तीखी बहस के बाद नशे में धुत युवक एवं नाबालिगों के एक समूह ने 27 वर्षीय एक कार चालक की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह बारापुला फ्लाईओवर के नीचे हुई इस हत्या की गुत्थी मुख्य आरोपी 19 वर्षीय इमरान उर्फ पनवाड़ी की गिरफ्तारी और तीन नाबालिगों को पकड़े जाने के बाद सुलझी। पुलिस ने बताया कि तीन दिसंबर सुबह हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। बाद में मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के अयोध्या निवासी कुलदीप उर्फ राम सिंह के रूप में हुई।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि जांचकताओं ने आसपास के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने बताया कि भोगल के जैन मंदिर के पास एक शौचालय के पास लगे कैमरे की महत्वपूर्ण फुटेज से पहली सफलता मिली। पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही तकनीकी निगरानी और मुखबिरों से मिली जानकारी की मदद से पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की। पुलिस ने बताया कि पहले भी झपटमारी और चोरी के तीन मामलों में शामिल रहे इमरान को गिरफ्तार किया गया और साथ ही घटना से जुड़े तीन नाबालिगों को भी पकड़ा गया। एक अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए नाबालिगों ने पूछताछ के दौरान कथित तौर पर खुलासा किया कि वे इमरान का जन्मदिन मना रहे थे और रात में घूमने के लिए इंडिया गेट की ओर जा रहे थे, तभी उनका सामना कुलदीप से हुआ।

अधिकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि इलाके में पेशाब करने को लेकर बहस शुरू हुई, जो जल्द ही बढ़ गई। अधिकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि नशे की हालत में, समूह ने कथित तौर पर उस व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आरोपी पीड़ित की कार लेकर भाग गए, जिसे बाद में खून से सने कपड़ों और अपराध में इस्तेमाल हथियार के साथ बरामद कर लिया गया।

# अक्षय ईआर के नक्सल कनेक्शन का वीडियो हमारे पास : दिल्ली पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



इंडिया गेट पर वायु प्रदूषण के नाम पर हुए प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस की जांच ने गंभीर मोड़ ले लिया है। पुलिस का दावा है कि पुलिसकर्मियों पर मिर्ची स्प्रे से हमला करने वाले प्रदर्शनकारी अक्षय ईआर के नक्सली संबंध सामने आए हैं। जांच में यह भी पता चला है कि इस घटना का मुख्य साजिशकर्ता भी यही अक्षय है। पुलिस जांच रिपोर्ट में कहा गया है, उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया।

फोन की सर्च हिस्ट्री में नक्सलियों से जुड़े वीडियो और लिंक मिले हैं। पुलिस सूत्र ने बताया कि फोन की पड़ताल से पता चला कि अक्षय का नक्सलियों से संबंध है। पुलिस के अनुसार, भगत सिंह छात्र एकता मंच (बीएससीईएम) नामक संगठन ने इस प्रदर्शन में बड़ी भूमिका निभाई। अक्षय इस समूह का प्रमुख व्यक्ति है, जबकि गुरकीरत इसकी अध्यक्ष है और उसकी बहन रवजोत समूह की एडमिन है। पुलिस जांच में सामने आया है, अक्षय मुख्य साजिशकर्ता है। उसके फोन की सर्च हिस्ट्री में नक्सलियों से जुड़े वीडियो और लिंक मिले हैं। फोन पर गुरकीरत द्वारा भेजा गया एक टेक्स्ट मैसेज भी है जिसमें माडवी हिडमा को हीरो बताया गया है, न कि नक्सली। प्रदर्शन के दौरान अक्षय की एक तस्वीर वायरल हुई थी जिसमें पुलिस उसे दबोचकर जमीन पर पटक रही थी। पुलिस का कहना है कि मिर्ची स्प्रे छीनने के लिए उसे ऐसा करना पड़ा। अक्षय ने कथित तौर पर कॉन्स्टेबल इशांत की आंखों में मिर्ची स्प्रे छिड़का था और उसके पास से एक मिर्ची स्प्रे की बोतल बरामद हुई थी। पुलिस का दावा है कि दूसरी आरोपी गुरकीरत, भगत सिंह छात्र एकता मंच की अध्यक्ष है। पुलिस ने कहा, वायु प्रदूषण के नाम पर बुलाए गए इस प्रदर्शन में मारे गए नक्सली माडवी हिडमा के समर्थन में नारे लगाने की पूरी तैयारी और एजेंडा था। पुलिस ने यह भी दावा किया है कि एक अन्य आरोपी क्रांति उर्फ प्रियांशु सिंह ने अपना मोबाइल नंबर नहीं दिया और जांच को गुमराह कर रहा है। इसके अलावा, एक अन्य आरोपी विष्णु तिवारी के फोन से 22 नवंबर को लिया गया स्क्रीनशॉट मिला है जिसमें हिडमा को सरेंडर के बहाने मारा गया, यह झूठी जानकारी फैलाई जा रही थी। दिल्ली पुलिस ने कुल 23 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## काला जठेड़ी सिंडिकेट के सदस्यों पर लगा 'मकोका'

नई दिल्ली। दिल्ली- एनसीआर में संगठित अपराध के खिलाफ चल रहे तेज अभियान के तहत, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कुख्यात संदीप उर्फ काला जठेड़ी सिंडिकेट के खिलाफ कठोर मकोका कानून लगाया है और इसके सरगना सहित कई प्रमुख सदस्यों, शूटरों और सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त आयुक्त (क्राइम) सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस सिंडिकेट का गठन शुरू में पारिवारिक हत्याओं का बदला लेने के उद्देश्य से किया गया था। हालांकि, यह जल्द ही एक सुनियोजित आपराधिक उद्यम में बदल गया। इसका मुख्य उद्देश्य बदला लेने के साथ-साथ हरियाणा-दिल्ली क्षेत्र में वर्चस्व स्थापित करना और जबरन वसूली, ठेका हत्या, अवैध शराब व्यापार तथा डरा-धमकाकर जमीन विवाद निपटाने के माध्यम से वित्तीय लाभ कमाना था।

# इग्नू की वीसी प्रो. उमा कांजीलाल को मिला प्रो. जी. राम रेड्डी अवॉर्ड 2025

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



■ डॉ. बी. आर. अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. घंटा चक्रपाणि द्वारा प्रदान किया सम्मान

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने घोषणा की है कि उसकी वाइस-चांसलर प्रो. उमा कांजीलाल को वर्ष 2025 के लिए डिस्टेंस एजुकेशन में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रतिष्ठित प्रो. जी. राम रेड्डी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान 4 दिसंबर 2025 को डॉ. बी. आर. अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. घंटा चक्रपाणि द्वारा प्रदान किया गया, जिस दिन महान शिक्षाविद और भारत में डिस्टेंस एजुकेशन के अग्रणी प्रो. जी. राम रेड्डी की जयंती भी मनाई गई। यह पुरस्कार ओपन और डिस्टेंस लर्निंग में प्रो. कांजीलाल के उल्लेखनीय योगदान, टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में उनके प्रभावी नेतृत्व और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा तक पहुंच विस्तार की प्रतिबद्धता को सम्मानित करता है। इसी अवसर पर बीआरएओयू और प्रो. जी. राम रेड्डी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा वार्षिक प्रो. जी. राम रेड्डी मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें भारत में ओपन यूनिवर्सिटी मॉडल की नींव रखने वाले इस महान शिक्षाविद को श्रद्धांजलि दी गई। प्रो. जी. राम रेड्डी को भारत की पहली ओपन यूनिवर्सिटी– डॉ. बी. आर. अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी–की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और बाद में इग्नू के प्रथम वाइस-चांसलर के रूप में लाखों शिक्षार्थियों को लचीली और समावेशी शिक्षा उपलब्ध कराने वाले सिस्टम के निर्माण के लिए जाना जाता है। इग्नू ने प्रो. उमा कांजीलाल को इस सम्मान के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार यूनिवर्सिटी के शिक्षा में नवाचार, समावेशिता और उत्कृष्टता के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है।

# भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने पिता की अस्थियां गंगा में विसर्जित कीं

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



प्रख्यात वकील और मिजोरम के पूर्व गवर्नर स्वराज कौशल के निधन के एक दिन बाद उनकी बेटी और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार को गढ़ मुक्तेश्वर में गंगा में उनकी अस्थियों का विसर्जन किया। प्रतिष्ठित कानूनी विशेषज्ञ और दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज के पति कौशल का गुरुवार दोपहर को निधन हो गया, जिसके बाद राष्ट्रीय नेताओं, कानूनी और राजनीतिक बिरादरी के सहयोगियों ने शोक संवेदना व्यक्त की। लोधी रोड श्मशान घाट पर गुरुवार शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां कई गणमान्य व्यक्ति श्रद्धांजलि देने के लिए इकट्ठा हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनके निधन पर दुख जताया और सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान और राष्ट्रीय मामलों में उनकी गरिमामयी उपस्थिति को याद किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने राज्य इकाइयों की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की। शुक्रवार की सुबह सांसद बांसुरी स्वराज अस्थियां इकट्ठा करने की पारंपरिक रस्म के लिए फिर से श्मशान घाट गईं। वह बाद में परिवार के सदस्यों के साथ गढ़ मुक्तेश्वर गईं, जहां उन्होंने अस्थियां गंगा में विसर्जित करने से पहले पिंड पूजा की। इस अनुष्ठान में कई जनप्रतिनिधि और राजनीतिक सहयोगी शामिल हुए, जो शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने आए।अस अवसर पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, विधायक अनिल शर्मा, श्याम शर्मा, नीरज बसोया, उमंग बजाज और शिखा रॉय उपस्थित रहे। इस मौके पर डीडीए सदस्य राजीव बब्बर, दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, नई दिल्ली जिला अध्यक्ष रवींद्र चौधरी, करोल बाग जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बब्बर, मीडिया संपर्क प्रमुख विक्रम मित्तल, पार्षद शरद कपूर और अंजुम मंडल, पूर्व विधायक मदन लाल और दिल्ली छावनी बोर्ड के सदस्य राजेश गोयल समेत दिल्ली भाजपा के कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। स्वराज कौशल की स्मति को सम्मान देने के लिए परिवार ने रविवार यानी 7 दिसंबर को दोपहर 3 बजे चाणक्यपुरी के पीएसओआई क्लब में एक शोक सभा रखी है।

## 351 सड़कों का लैंड यूज बदले सरकार : सांसद बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने संसद में मांग की है कि दिल्ली नगर निगम द्वारा अनुमोदित 351 सड़कों के लैंड यूज परिवर्तन के प्रस्ताव को दिल्ली सरकार तुरंत स्वीकार करे। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान 2021 के अनुसार जिन सड़कों पर 70% से अधिक दुकानें हैं, उन्हें कमर्शियल रोड और जिन पर 50% से अधिक दुकानें हैं, उन्हें मिक्स्ड लैंड यूज रोड घोषित किया जाना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा कि निगम ने वर्षों पहले 351 सड़कों का सर्वे कर उनकी सूची सरकार को भेजी थी, लेकिन अब तक उनका लैंड यूज बदला नहीं गया है, जिससे व्यापारी सीलिंग के भय में काम करने को मजबूर हैं।

सांसद ने जोर देकर कहा कि लैंड यूज बदलने से दुकानदार कनवर्जन चार्ज जमा कर नियमों के तहत व्यापार कर सकेंगे, जिससे न केवल 13 हजार से अधिक सील दुकानें, जिनमें डिफेंस कॉलोनी जैसी मार्केट भी शामिल हैं, डिसील होंगी, बल्कि सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का रेवेन्यू भी प्राप्त होगा।

# रूस की एच एस ई यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर डीयू बनाएगा स्पेस मिरर लैब

■ एकेडमिक रिसर्च के लिए स्पेस स्पेक्ट्रम में डेटा स्टोरेज, प्रोसेसिंग और ट्रांसमिशन पर होगा कामः प्रो. योगेश सिंह

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



दिल्ली विश्वविद्यालय और रूस की एच एस ई यूनिवर्सिटी मिलकर स्पेस मिरर लैब स्थापित करेंगे। इस विषय को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय और नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी हायर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एच एस ई यूनिवर्सिटी), रूस के बीच स्टेटमेंट ऑफ कोऑपरेशन पर शुक्रवार, 5 दिसंबर को हस्ताक्षर हुए।

इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने कहा कि यह बहुत ही खुशी का विषय है दो मित्र देशों के दो बड़े संस्थान संयुक्त रूप से अनुसंधान में आगे आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सहयोग एच एस ई यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर दिल्ली विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ टेक्नोलॉजी में एक स्पेस मिरर लैब बनाने के लिए है। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि एकेडमिक रिसर्च के मकसद से स्पेस स्पेक्ट्रम में डेटा स्टोरेज, प्रोसेसिंग और ट्रांसमिशन पर दिल्ली विश्वविद्यालय और एचएसई यूनिवर्सिटी के बीच एक साइंटिफिक मिरर लैबोरेटरी बनाना बहुत ही दूरदर्शी और महत्वाकांक्षी योजना है। इस सामूहिक कार्य के तहत, दोनों यूनिवर्सिटी मिरर लैब के जरिए मिलकर ऐसे जॉइंट रिसर्च और एजुकेशनल प्रोजेक्ट पर काम करेंगी जो भारत और रूस के लिए काम के होंगे। कुलपति ने कहा कि इसके अलावा भी कई और शैक्षणिक परियोजनाएं भी पाइपलाइन में हैं। उन्होंने कहा कि इन सांझा अकादमिक और अनुसंधान कार्यक्रमों से दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारी लाभ होगा। इस अवसर पर एच एस ई यूनिवर्सिटी के रेक्टर डॉ. निकिता अनिसिमोवा और दिल्ली यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता ने कुलपति प्रो. योगेश सिंह की मौजूदगी में स्टेटमेंट ऑफ कोऑपरेशन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान रूस की ओर से एचएसई यूनिवर्सिटी के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मनोज शर्मा एवं उनके साथ सुश्री अनास्तासिया सगेर्वा उपस्थित रही, जबकि डीयू की ओर से डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, एसओएल की डायरेक्टर प्रो. पायल मागो, चेयरमैन इंटरनेशनल रिलेशन प्रो. नीरा अग्निमित्रा, डीन इंटरनेशनल रिलेशन प्रो. अनिल राय तथा प्रो. शैलेंद्र गोयल, चेयरमैन क्लचर काउंसिल एवं पीआरओ अनूप लाठर, फैकल्टी ऑफ टेक्नोलोजी के डीन प्रो. संजीव सिंह तथा डीन अकादमिक प्रो. के. रत्नाबली सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 6 दिसंबर 2025



## संक्षिप्त खबरें

### जेआरसी का स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के लिए संकल्प कार्यक्रम आयोजित



**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार तथा आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, भारतीय आर्थिक मजबूती और नवाचार की दिशा में प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि ह्रश्वक्क-2020 के अनुसार एक करोड़ विद्यार्थी वर्ष 2047 तक देश के इनोवेशन को गति देंगे। कार्यक्रम में बीजेयू मो के अध्यक्ष सचिन ठाकुर व टीम ने छात्रों को स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक समाधान विकसित करने और अपने नए आइडियाज को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्राचार्य मनचंदा, प्राध्यापिका गीता, सुशीला, सरिता, पवन कुमार व अन्य अध्यापकों ने बीजेयू मो के पदाधिकारियों का स्वदेशी व वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने हेतु धन्यवाद किया।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ आठ को करेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित


**फरीदाबाद।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला फरीदाबाद के प्रयासों से मेट्रो हॉस्पिटल के सहयोग से 8 दिसंबर को सुबह 10 बजे एक मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर नगर निगम कार्यालय प्रांगण में, यूनियन ऑफिस के पास बी.के. अस्पताल में लगाया जाएगा। शिविर का विधिवत उद्घाटन नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त धीरेंद्र प्रताप खटखटा द्वारा किया जाएगा। जिला प्रधान नवल सिंह और जिला सचिव लज्जाराम ने बताया कि शिविर में मेट्रो हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी टेस्टिंग मशीनों के साथ उपस्थित रहेंगे और विभिन्न बीमारियों की जांच एवं परीक्षण करेंगे। प्रेस प्रवक्ता सत्यपाल नरवत ने सभी रिटायर्ड कर्मचारियों से अपील की कि वे सुबह 10 बजे समय पर पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं।

### समाज सेवा का दो दिवसीय उत्सव संपंन



**फरीदाबाद।** अहमदाबाद में रसना ग्रुप, रसना फाउंडेशन और अरीज खंबाटा बेनेवोलेंट ट्रस्ट द्वारा पारसी समुदाय की विरासत और समाज सेवा को सम्मानित करने के लिए आयोजित दो दिवसीय समारोह का समापन हुआ। कर्णावती क्लब के पसेपीलिस पवेलियन में आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक नेताओं, समाजसेवियों और गणमान्य अतिथियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पहले दिन मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की मौजूदगी में 'पारसी एक्स्ट्रैवगेंजा और सम्मान समारोहइ हुआ, जिसमें वादा दस्तूरजी खुर्शेद दस्तूर, तेहमटन मिर्जा और साइरस दस्तूर सहित कई पुजारियों को सम्मानित किया गया। कॉमेडियन साइरस ब्रॉचा और नाटक एआई-आर्टिफिशियल ईरानी विशेष आकर्षण रहे। दूसरे दिन राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि रहे। समाज सेवा व विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले 10 व्यक्तियों को पारसी रत्न अवार्ड प्रदान किए गए।

### जापान के सुजुकी अधिकारियों ने राजकीय पॉलिटेक्निक मानेसर का किया दौरा



**गुरुग्राम।** सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन, जापान के अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक मानेसर पहुंचा। इस दौरे का उद्देश्य हरियाणा के तकनीकी संस्थानों में कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण वातावरण और उद्योग से जुड़े मानकों का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था। कार्यक्रम में टेक्निकल एजुकेशन हरियाणा के महानिदेशक, माननीय प्रभजोत सिंह, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में जुड़े। इसके साथ ही एसएमसी जापान, एमएसआईएल और संस्थान की प्लेसमेंट कमेटी के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें विशेष रूप से जापान में छात्रों के ओवरसीज प्लेसमेंट पर चर्चा की गई।

### भारत के एआई मिशन को गति देगा अमेजन

**फरीदाबाद।** अमेजन ने भारत सरकार के एआई मिशन को मजबूत बनाने के लिए व्यापक सहयोग की घोषणा की है। कंपनी 2030 तक 12.7 अरब डॉलर के लोकल क्लाउड और एआई बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में काम कर रही है, जिससे करोड़ों भारतीयों तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता की पहुंच सुनिश्चित होगी। अमेजन अपने विभिन्न व्यवसायों के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक छोटे उद्यमियों को एआई के लाभ उपलब्ध कराएगी और सरकारी विद्यालयों के 40 लाख छात्रों को एआई साक्षरता प्रदान करेगी। अमेजन इंडिया के कंट्री मैनेजर समीर कुमार ने कहा कि एआई समाज की भाषा और साक्षरता बाधाओं को दूर कर समान अवसर उपलब्ध कराने की क्षमता रखता है।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से मरीजों को हो रही परेशानी

**कविता। फरीदाबाद**

जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को शहर के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर ऐसी कई खामियां सामने आईं, जिन्होंने मरीजों को बेहाल कर दिया। एक ओर सारन चौक स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जांचकर्ता अनुपस्थित रहा, वहीं दूसरी ओर बीके सिविल अस्पताल में दो दिनों से यूपीएस और बैटरी खराब होने के कारण ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ी है। इससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोगों को बिना जांच कराए ही वापस लौटना पड़ा।



**बीके सिवल अस्पताल में ऑनलाइन व्यवस्था ठप**

बीके सिविल अस्पताल में पिछले दो दिनों से यूपीएस और बैटरी दोनों ही तकनीकी खराबी का शिकार हैं। इस कारण अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया, बिलिंग और लैब जांच सहित सभी ऑनलाइन सेवाएं बंद हैं। जांचकर्ता मैनुअल पर्चे बनाकर काम चला रहे हैं, जिससे कामकाज बेहद धीमा हो गया है। शुक्रवार की सुबह से लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। कई मरीजों ने बताया कि दो दिनों से उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। ऑनलाइन पर्ची न बनने और रिपोर्ट उपलब्ध न होने के कारण वे अपना इलाज आगे नहीं बढ़ा पा रहे। मैनुअल प्रक्रिया के चलते एक पर्ची बनाने में भी काफी समय लग रहा है।

**प्रयोगशाला बंद मिली :** सारन चौक स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शुक्रवार को प्रयोगशाला पूरी तरह बंद मिली। यहां हर सप्ताह शुक्रवार को डायबिटीज से पीड़ित मरीजों के लिए बीपी और शुगर की जांच की जाती है। इस दिन बड़ी संख्या में मरीज खाली पेट जांच करवाने के उद्देश्य से सुबह-सुबह केंद्र पर पहुंचे, लेकिन प्रयोगशाला के ताले लटके थे। मरीजों ने बताया कि जब उन्होंने पूछताछ की तो पता चला कि लैब टेक्नीशियन ट्रेनिंग पर गया हुआ है और उसकी जगह कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। लोगों ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग को पहले से जानकारी होने के बावजूद किसी अतिरिक्त टेक्नीशियन की व्यवस्था नहीं करना सीधी लापरवाही है। वहीं जब पायनियर संवाददाता ने मौके पर पहुंचकर सुबह 10:30 बजे पुछताछ की, तो स्वास्थ्य केंद्र इंचार्ज ड्यूटी पर ही नहीं पहुंचे थे।

मरीजों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की ऐसी लापरवाही से आम लोगों की जिंदगी सीधे प्रभावित होती है। यदि लैब टेक्नीशियन ट्रेनिंग पर था तो उसकी जगह किसी अन्य टेक्नीशियन को तैनात किया जाना चाहिए था।

**विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में:** इस पूरे मामले पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लगातार बढ़ती शिकायतों और मरीजों की परेशानियों के बावजूद विभागीय अधिकारी मौन हैं। अब देखना यह होगा कि विभाग कब तक इन समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाता है।

## पुलिस ने चार दिन में 41 आरोपी किए गिरफ्तार

- ऑपरेशन ट्रैकडाउन के बाद गुरुग्राम पुलिस ने चलाया आपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

थानीय पुलिस ने अपराधों व अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन ट्रैकडाउन के बाद ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन चलाया गया। इस दौरान जुआ खेलने तथा नशीला पदार्थ बेचने तथा सेवन करने वाले, कम रोशनी वाले 145 स्थान चिन्हित किए गए। पुलिस ने चार दिन में 21 एफआईआर दर्ज करके 41 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस तरह से जुआ खेलने/खिलाने, शराब रखने/बेचने/सप्लाई करने तथा मादक पदार्थ रखने/बेचने/सप्लाई करने वालों पर गुरुग्राम पुलिस का डंडा चला।

पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार एक दिसम्बर 2025 से जुआ खेलने/खिलाने, शराब रखने/बेचने/सप्लाई करने तथा मादक पदार्थ रखने/बेचने/सप्लाई करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चार दिन तक व्यापक स्तर पर पुलिस ने कार्रवाई की। इस अवधि में पुलिस बल द्वारा चिन्हित किए गए हॉटस्पॉट क्षेत्रों पर विशेष निगरानी, सघन चेकिंग, प्रभावी एवं खुफिया सूचनाओं पर तत्परता से कार्यवाही की गई। गुरुग्राम पुलिस की टीमों ने 145 हॉटस्पॉट स्थानों को चिन्हित करके काम्बिंग की गई। इस दौरान 41 आरोपियों को गिरफ्तार करके 21 एफआईआर दर्ज की गई।

**अवैध शराब एवं मादक पदार्थ बरामदगी :** गुरुग्राम पुलिस द्वारा काबू किए गए 41 आरोपियों के कब्जा से 242 बोतलें अंग्रेजी शराब व 361 पव्वे देशी शराब तथा 750 रुपयों की नगदी बरामद की गई। इस दौरान कुल 2.32 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस द्वारा तीन हिंसक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एक हिंसक अपराधी की अन्य राज्यों के साथ जानकारी सांझा की गई।

## पानी व सीवर कनेक्शनों को वैध करने के लिए लगाए जाएंगे कैंप



**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा ने पानी और सीवर कनेक्शनों से संबंधित मामलों की समीक्षा को लेकर सभी जोनों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी, कार्यकारी अभियंता, एसडीओ और सभी जोनों के पानी कनेक्शन इंस्पेक्टर उपस्थित रहे।

अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा ने निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र में लंबित एवं अवैध पानी और सीवर कनेक्शनों को नियमित (विधिक) करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम जल्द ही विभिन्न स्थानों पर शिविर (कैंप) आयोजित करेगा, जिनके माध्यम से नागरिकों के लंबित या अवैध कनेक्शनों को वैध किया जाएगा। इससे लोगों को पानी बिल जमा करने, नया कनेक्शन लेने और अन्य सेवाओं के लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी संबंधित रिपोर्ट समय पर तैयार रखें और सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को यह सुविधा मिल सके। उन्होंने अपील की कि जिन लोगों ने अभी तक अपने पानी और सीवर कनेक्शन निगम से वैध नहीं करवाए हैं, वे जल्द से जल्द अपने संबंधित जोन कार्यालय में पहुंचकर उन्हें नियमित करवाएं। बैठक में कार्यकारी अभियंता नितिन कादियान, एसडीओ अमित चौधरी, क्षेत्र एवं कर अधिकारी विकास कन्हैया, सुमन रतरा, सृष्टि बब्बर, दीपा पब्बी, अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग संपन्न

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 स्थित सेंट्रल व्यू होटल में डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में डीएलएफ क्षेत्र में अतिक्रमण, स्वच्छता व्यवस्था और पानी निकासी जैसी प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल ने की, जबकि सचिव अभय बजाज, वाइस प्रेसिडेंट एम.एल. गोयल, अर्जित चावला, विशाल मल्होत्रा, भूपेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, ज्वाइंट सेक्रेटरी शरद कुमार, निशांत रस्तोगी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एमएसएमई के सीनियर मैनेजर ऋषि राम ने किया।

बैठक में एफएमसी और प्रोजेक्ट्स से संबंधित जानकारी डीजीएम, फाउंडेशन फॉर एमएसएमई के अभिषेक नागा ने दी। वहीं लोन प्रक्रिया के बारे में लक्ष्मी फाइनेंस सर्विस की हेड पूजा जायसवाल ने मार्गदर्शन दिया। डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से उद्योगों को गति देने के विषय में हरप्रीत बब्बर ने जानकारी साझा की।

## ट्रैफिक रोड सेफ्टी पार्क में छात्रों को यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



- 25 स्कूली छात्र-छात्राओं व स्टाफ को किया जागरूक

यातायात पुलिस कर्मचारियों और रवि शर्मा हीरो मोटोकॉर्प द्वारा चालान नहीं सलाम मिलेगा अभियान के तहत शुक्रवार को क्राउन प्लाजा स्थित हीरो पार्क में यातायात नियमों की जागरुकता पाठशाला लगाई गई।

पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ. राजेश मोहन के निर्देशन में कार्य करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मुख्यालय/हाईवे सत्यपाल यादव की देखरेख में यह पाठशाला लगाई गई। इस ट्रैफिक पार्क में यातायात नियमों, यातायात चिन्हों के बारे जागरुकता लाने के लिए अलग-अलग स्कूलों के छात्र,ऑटो /ई रिक्शा/टैक्सी चालक लाए जाते हैं और उनको यातायात नियमों बारे निरन्तर जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को इस ट्रैफिक पार्क में न्यू शिशु कल्यान स्कूल के 25 छात्र-छात्राओं व स्टाफ को यातायात नियमों और यातायात चिन्हों बारे जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान मौजूद 25 स्कूली छात्र-छात्राओं व स्टाफ को यातायात नियमों जैसे दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा ना करें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें, रॉन्ग साइड ड्राइविंग ना करें, लेन ड्राइविंग करें आदि यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यह सभी जानकारियां अपने साथियों व परिवार के सदस्यों के साथ साझा करने बारे भी प्रेरित किया गया, ताकि होने वाली सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

इस दौरान मौजूद सभी छात्र-छात्राओं व स्टाफ को चालान नहीं सलाम मिलेगा अभियान के तहत सडक सुरक्षा जीवन रक्षा की शपथ भी दिलाई गई और सडक हादसों में घायलों की मदद के लिए सरकार द्वारा 1.50 लाख रुपए तक कैशलैस स्कीम के बारे भी जानकारी दी गई। मौजूद सभी छात्रों को एक्सीडेंट में घायल की मदद के लिए इमरजेंसी में सीपीआर की प्रकिया के बारे मं जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## कला एवं शिल्प प्रदर्शनी : बच्चों की दिखी प्रतिभा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



- स्कूल ने युवा विद्यार्थियों की रचनात्मकता का जश्न मनाया

लायंस पब्लिक स्कूल सेक्टर-10ए ने युवा विद्यार्थियों की रचनात्मकता का जश्न मनाने के लिए शुक्रवार को कला एवं शिल्प प्रदर्शनी एजुकला-2025 आयोजित की गई। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को पूरे शैक्षणिक वर्ष में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कला एवं शिल्प कार्यों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान किया।

प्रदर्शनी में रेखाचित्र, मधुबनी पेंटिंग, क्ले वर्ली आर्ट, मोजेक पेंटिंग, मिरर वर्क, बेस्ट-आउट-ऑफ-वेस्ट और त्रि-आयामी शिल्प सहित विविध प्रकार की कला और शिल्प कृतियां प्रदर्शित की गईं। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन लायन डी.वी. तनेजा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन लायन डॉ. के.एस. ढाका, पूर्व चेयरमैन लायन के.एल. डांग, वाइस चेयरमैन लायन सुधीर तनेजा, वाइस चेयरमैन लायन भीम वासुदेव, कोषाध्यक्ष लायन तरुण वाधवा, ट्रस्टी लायन अशोक सोमल, प्रबंधक राजीव कुमार, लायंस पब्लिक स्कूल, धनकोट की उप-प्रधानाचार्या अरुणा बहल और लायंस पब्लिक स्कूल धनकोट की अकादमिक काउंसलर रेणु वर्मा भी उपस्थित थीं।

मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व चेयरमैन लायन डी.वी. तनेजा ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत अनूठे विचारों की सराहना की। चेयरमैन, लायन डॉ. के.एस. ढाका ने छात्रों द्वारा प्रदर्शित नवीन कलाकृतियों और उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्या दीपिंदर कौर ने अपने प्रेरक शब्दों से नवोदित कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और उनकी कल्पनाशीलता और समर्पण की सराहना की। अभिभावक बच्चों के रचनात्मक प्रयासों और कलात्मक कार्यों की सराहना की।

## मानेसर में निमार्णाधीन साइट पर ट्रक के नीचे दबे एक मजदूर की मौत

**गुरुग्राम।** मानेसर में एक निमार्णाधीन साइट पर मलबे से भरा ट्रक पलटने से उसके नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। इस घटना की सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची टीमों ने मजदूर का रेस्क्यू किया, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी।

जानकारी के अनुसार मानेसर में निमार्णाधीन साइट पर बेसमेंट से एक ट्रक मलबा लेकर बाहर की तरफ आ रहा था। इससे पहले कि ट्रक बेसमेंट से बाहर निकलता, उसका बैलेंस बिगड़ा और वह पलट गया। वहां पर काम कर रहा एक श्रमिक ट्रक से भरे मलबे के नीचे दब गया। मौके पर पहुंची टीमों ने मजदूर को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत की। पूरा ट्रक मलबा उस पर गिरा हुआ था। बचाव टीमों ने उसकी जान बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

## प्रत्येक विभाग लंबित मामलों की प्रगति की नियमित करें समीक्षा : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

- उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों की एंट्री सही, स्पष्ट और वास्तविक स्थिति के अनुरूप हो

हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद पोर्टल पर लंबित जनशिकायतों की प्रगति का मूल्यांकन करना था। वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निपटान तेज, पारदर्शी और संतोषजनक तरीके से किया जाए। वीसी के बाद उपायुक्त आयुष सिन्हा ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी पोर्टलों पर दर्ज शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों की एंट्री सही, स्पष्ट और वास्तविक स्थिति के अनुरूप हो, ताकि रीओपन की स्थिति न बने। साथ ही सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करें और प्रगति रिपोर्ट समय पर अपडेट करें।

डीसी ने कहा कि सीएम सैनी स्वयं इन शिकायतों पर नजर रख रहे हैं, इसलिए हर शिकायत का समाधान समयबद्ध और प्रभावी हो। प्रशासनिक और विधिक प्रक्रिया के साथ मानवीय संवेदनशीलता को भी प्राथमिकता दी जाए, ताकि आमजन को वास्तविक राहत मिल सके। बैठक में सीईओ जिला परिषद, एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार, डीसीपी ऊषा, सीटीएम अंकित कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 8 से आपके द्वार जनता दरबार लगाएंगी मेयर

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।**



- मानेसर के गांवों में हर रोज लगेगा जनता दरबार

मानेसर नगर निगम की मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव सोमवार से आपकी मेयर आपके द्वार कार्यक्रम के पहले फेज की शुरूआत करेंगी। कार्यक्रम के तहत निगम क्षेत्र के सभी गांवों में जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे। निगम से संबंधित सभी समस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जाएगा। लोगों के बीच पहुंचकर अधिकारी ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और उन्हें हल करना का प्रयास करेंगे।

मेयर के साथ जनता दरबार में नगर निगम की सिविल, हॉर्टिकल्चर, इलेक्ट्रिकल, सेनिटेशन और टैक्स ब्रांच के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर होंगे। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संयुक्त आयुक्त हितेंद्र कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम मानेसर नगर निगम के विकास और प्रशासन के बीच कड़ी का काम करेगा। जनता दरबार के माध्यम से निगम क्षेत्र के आमजन को सुलभता और पारदर्शिता के साथ स्थानीय समस्याओं का समाधान मिल सकेगा। आमजन अपने मुद्दें और समस्याओं के निवारण के लिए अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। जनता दरबार के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित अधिकारी समस्या का त्वरित निवारण और समाधान निकालें।

निगम क्षेत्र के लोगों के काम के लिए मेयर और निगम अधिकारी स्वयं उनके पास जाकर समस्याएं जानेंगे, तो लोगों का नगर निगम के प्रति विश्वास बढ़ेगा। जनता की निगम के प्रति सहयोग और संतुष्टि की भावना उत्पन्न होगी। आपकी मेयर आपके द्वार कार्यक्रम के तहत स्थानीय स्तर पर निगम प्रशासन और जनता के बीच के फासले को कम करने का प्रयास भर है। कार्यक्रम ग्रामीण इलाकों में पानी की आपूर्ति, सडक निर्माण, स्ट्रीट लाइट, सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का समाधान करने की पहल है।

**मंडल स्तरीय बाल महोत्सव**

## बच्चों ने तीन दिनों तक दिखाई प्रतिभा

**गुरुग्राम।** जिला बाल कल्याण परिषद, गुरुग्राम के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय मंडल स्तरीय बाल महोत्सव-2025 का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य अतिथि एडीसी वत्सल वशिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। सुरेखा हूड्डा, जिला बाल कल्याण अधिकारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, जबकि कमलेश शास्त्री, मंडल बाल कल्याण अधिकारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समापन समारोह में रेवाड़ी, गुरुग्राम और नारनौल जिलों से आए विजयी प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तरी (समूह-2, 3, 4), एकांकी नाटक/थिएटर प्ले (समूह-4) और सोलो डांस (समूह-2, 3, 4) जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## 'सबसे निचले तबके की सहानुभूति से सेवा करें लोक सेवक'

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।**



- विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने किया आह्वान

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने लोक सेवकों से समाज के सबसे निचले तबके के लोगों तक पहुंचने और उनके प्रति सहानुभूति, प्रतिबद्धता के साथ उनकी सेवा करने का आह्वान किया। वे शुक्रवार को सेक्टर-18 स्थित हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) में हरियाणा विधान सभा के प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों और विशेष फाउंडेशन कोर्स को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान वे अधिकारियों से रूबरू हुए और उनकी प्राथमिकताओं के बारे में बातचीत की। हिपा में विधान सभा के अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा 8 सप्ताह का विशेष फाउंडेशन कोर्स चल रहा है। इस फाउंडेशन कोर्स में आईपीएस, आईएफओएस, आईपी एंड टीएएफएस अधिकारी शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विविध विषयों पर व्यापक और उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पहले विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से संवाद करते हुए उनकी कार्यप्रणाली तथा प्रशिक्षण के बारे में चर्चा की। विस अध्यक्ष कल्याण ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नई दृष्टि और नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि जब भी वे किसी कार्यक्रम में जाते हैं, वे वहां से कुछ न कुछ अवश्य सीखकर लौटते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सीखने की भावना बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। हम सभी का बड़ा लक्ष्य देश और समाज की सेवा करना है। कभी-कभी हमें लगता है कि राष्ट्र निर्माण, विकसित भारत में हमारी भूमिका छोटी है, लेकिन वास्तव में ईमानदारी से किए गए छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिणाम देते हैं। वहीं विशेष फाउंडेशन कोर्स में आईएफओएस, आईपीएस, आईपी एंड टीएएफएस अधिकारियों को प्रेरित करते हुए विस अध्यक्ष ने कहा कि अपनी क्षमताओं को सही दिशा में लगाना और निरंतर आगे बढ़ते रहना ही सफलता का मार्ग है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अधिक प्रभावशाली और बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं सीखने के साथ-साथ दूसरों को भी सीखाने की भावना रखनी चाहिए।

# गौतमबुद्धनगर में आज से दो दिनों के लिए धारा-163 लागू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों एवं निगम कर्मचारियों के साथ अभद्रता या मारपीट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी



गौतमबुद्धनगर में 6 दिसंबर (शौर्य दिवस/काला दिवस) और डॉ. भीमराव अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर प्रस्तावित कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। प्रशासन ने आशंका जताई है कि इन अवसरों पर विभिन्न संगठनों द्वारा धरना-प्रदर्शन, जुलूस और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं, जिनसे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना रहती है।

इसी संवेदनशीलता को देखते हुए 5 दिसंबर से 6 दिसंबर 2025 तक पूरे जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 लागू कर दी गई है। इस संबंध में अपर पुलिस उपायुक्त, कानून एवं व्यवस्था, मनीषा सिंह ने एकतरफा आदेश जारी करते हुए स्पष्ट कहा कि इन दो दिनों में किसी भी प्रकार की भीड़, जुलूस, धार्मिक आयोजन अथवा प्रदर्शन पर नियंत्रण आवश्यक है, ताकि किसी भी तरह का तनावपूर्ण माहौल न बनने पाए।

आदेश में बताया गया है कि 6 दिसंबर की तारीख श्रीराम जन्मभूमि/बाबरी मस्जिद प्रकरण के संदर्भ में संवेदनशील मानी जाती है। साथ ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर होने वाले आयोजनों और विभिन्न संगठनों की संभावित गतिविधियों के कारण सुरक्षा के विशेष इंतजाम जरूरी हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार बिना पूर्व अनुमति 5 या उससे अधिक लोगों का किसी भी सार्वजनिक स्थान पर समूह बनाना या जुलूस निकालना प्रतिबंधित होगा। सरकारी कार्यालयों के आसपास एक किलोमीटर की परिधि में ड्रोन उड़ाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। अन्य स्थानों पर ड्रोन शूटिंग के लिए पुलिस की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए लाउडस्पीकरों की आवाज की सीमा निर्धारित की गई है।

इसके अलावा लाठी, डंडा, तेजधार हथियार, ज्वलनशील पदार्थ और लाइसेंसी शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थानों पर घूमना प्रतिबंधित है। शादी-ब्याह के समारोहों में हर्ष फायरिंग पूरी तरह वर्जित रहेगी। खुले स्थानों या मकानों की छतों पर ईंट-पत्थर या ज्वलनशील वस्तुएं इकट्ठा करना भी गैरकानूनी होगा। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या तनाव पैदा करने वाली सामग्री पोस्ट करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों एवं नगर निगम कर्मचारियों के साथ अभद्रता या मारपीट करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए जारी किया गया है। किसी भी उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और कमिश्नरेट क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

> रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा। धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर केवल परिसर तक सीमित रहने चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर नमाज, पूजा या किसी भी धार्मिक आयोजन पर रोक रहेगी, जब तक कि विधिवत अनुमति न ली जाए। विवादित स्थानों पर किसी भी प्रकार की पूजा या धार्मिक गतिविधि करने को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

## शिक्षकों का विवरण 15 तक पोर्टल पर डालना अनिवार्य

**नोएडा।** यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित होने के बाद अब केंद्रों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। बोर्ड ने 15 दिसंबर तक वेबसाइट पर शिक्षकों का विवरण डालने ने निर्देश दिए हैं। परिषद के सचिव ने कहा है कि विद्यालयों के प्रधानाचार्य उनके विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों का विवरण वेबसाइट पर समय से अपलोड कर दें। विवरण अपलोड करते समय एक बार पुनः पूर्ण सतर्कता और गहनता से जांच अवश्य की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई शिक्षक गलत विषय में परीक्षक के रूप में न चुना जाए और न ही कोई अपात्र शिक्षक चयनित हो सकें। यदि कोई अयोग्य शिक्षक परीक्षक नियुक्त होता है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाचार्य की होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा दे 20 लाख ठगे

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर टीला मोड़ थानाक्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति से 20 लाख रुपये ठग लिए। खुद को शेयर मार्केट और क्रिप्टो निवेश मैनेजर बताने वाली महिला ने मोटे मुनाफे का झांसा देकर पीड़ित को जाल में फंसाया। साइबर थाना पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। टीला मोड़ थानाक्षेत्रांतर्गत इंद्रप्रस्थ योजना की भारत सिटी में रहने वाले गौरव चतुर्वेदी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जून से सितंबर के बीच लिंक्डइन और फेसबुक पर अमांडा ली नाम की एक महिला ने खुद को शेयर मार्केट और क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट मैनेजर बताते हुए उनसे संपर्क किया। उसने निवेश पर भारी रिटर्न का लालच देकर उन्हें झांसे में ले लिया। शुरूआत में उसने बायनांस और क्वाइनबेस जैसे भरोसेमंद क्रिप्टो प्लेटफॉर्म का नाम लेकर उनका विश्वास जीता। आरोप है कि महिला ने उन्हें निवेश से होने वाले भारी मुनाफे के ग्राफ दिखाकर यह भरोसा दिलाया कि वह इस क्षेत्र की बड़ी जानकार है। गौरव का कहना है कि महिला और उसके साथियों ने धीरे-धीरे उनके और पत्नी के खातों से 20 लाख रुपये अलग-अलग तरीकों से क्रिप्टो वॉलेट में ट्रांसफर करा लिए। गौरव का कहना है कि पहले चरण में उन्हें मुनाफा निकालने की अनुमित देकर आरोपियों ने उनका भरोसा जीता। इस तरह रकम ट्रांसफर कराई पीड़ित के मुताबिक कुछ समय बाद अमांडा ली ने एक प्लेटफार्म का जिक्र करते हुए दावा किया कि उस पर ट्रेड करने से कई गुना अधिक मुनाफा मिलेगा। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने चार दिसंबर को साइबर थाने में केस दर्ज कराया। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जालसाजों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### कार चालक को गुमराह कर मोबाइल लूटा

**ट्रांस हिंडन।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में एक बार फिर से ठक-ठक गिरोह ने दस्तक दी है। गिरोह के दो सदस्यों ने एक कार चालक को भ्रमित किया और चेहरे पर स्प्रे करके फोन लूट लिया। पीड़ित ने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्याम पार्क एक्टेंशन में रहने वाले अंकित मित्तल के अनुसार वह दो दिसंबर की शाम लगभग साढ़े चार बजे मोहन नगर से कार में सवार होकर घड्ड की ओर जा रहे थे। रेलवे स्टेशन वाली लाल बत्ती पर उनकी कार रुकी। तभी दो युवक पीछे से शोर मचाते हुए भागते हुए उनकी कार के पास आए और एक ओर से कार पर हाथ मारने लगे। एक युवक चीख रहा था कि कार उसके पैर पर चढ़ा दी। इस दौरान ही चालक वाले गेट पर दूसरा युवक आया और शीशा नीचे करने के लिए कहने लगा। जैसे ही उन्होंने खिड़की का शीशा नीचे किए, युवक ने उनके चेहरे पर कोई स्प्रे किया। जिससे उनकी आंखें बंद हो गई। इस दौरान युवकों ने उनकी कार की सीट पर रखा मोबाइल चोरी कर लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर सूचना दी।

### सोलर पंप पर सब्सिडी के लिए 15 तक आवेदन

**गाजियाबाद।** पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सब्सिडी पर सोलर पंप उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना का लाभ लेने के लिए किसान 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। कृषि उपनिदेशक राम जतन मिश्रा ने बताया कि किसानों के सिंचाई के खर्च को कम करने, फसल उत्पादन बढ़ाने और डीजल पर निर्भरता को कम करने के लिए पहल की जा रही है। योजना के अंतर्गत किसानों को सोलर सिंचाई पंप पर 60 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही पांच वर्ष की वारंटी और बीमा सुरक्षा का लाभ भी किसानों को दिया जाना है। अधिकारी ने बताया कि योजना में आवेदन करने के लिए किसानों के पास खेती योग्य भूमि का होना व बोरवेल या जल के स्त्रोत का होना चाहिए। आवेदक के पास आधार कार्ड,भूमि के दस्तावेज के साथ बैंक खाते की जानकारी होनी चाहिए।

### कूड़ा निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश

**गाजियाबाद।** पाइप लाइन मार्ग स्थित भिक्कनपुर गांव के पास कूड़े का पहाड़ तेजी से खत्म किया जाएगा। नगर आयुक्त ने कूड़े का पहाड़ खत्म करने के निर्देश दिए हैं। भिक्कनपुर गांव के पास डंपिंग ग्राउंड बनाया था। यहां कई साल से कूड़ा डाला जा रहा था। निगम ने कूड़ा डालना बंद कर दिया है। अभी ढबारसी डंपिंग ग्राउंड पर कूड़ा डाला जा रहा है। नगर आयुक्त ने भिक्कनपुर गांव के पास बने कूड़े के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

### कैबिनेट मंत्री को समस्याओं से अवगत कराया

**गाजियाबाद।** राज नगर एक्सटेंशन स्थित ओरा कायमेरा सोसाइटी के निवासी शुक्रवार को अध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा से मिले। निवासियों ने उन्हें सोसाइटी संबंधित कई समस्याओं के बारे में अवगत कराया। एओए अध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि उन्होंने सोसाइटी के हित में सोसाइटी में ही बने पार्क में ओपन जिम और सोलर लाइट लगवाने संबंधित कई मांग की। इसके अलावा कई समस्याओं के बारे में भी उन्हें अवगत कराया गया। इसपर उन्होंने ओपन जिम और सोलर लाइट जल्द लगवाने का आश्वासन दिया।

### महिला ने फंदा लगाकर जान दी

**नोएडा।** सेक्टर-45 स्थित सदरपुर कॉलोनी में विकास अपनी पत्नी शिवानी के साथ रहते हैं। 19 वर्षीय शिवानी ने गुरुवार रात अपने घर में पंखे से फंदा लगा लिया। परिजन ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लग रही है। पुलिस का कहना है कि यदि मृतका के परिजन से कोई शिकायत मिलती है तो एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### अनाज की कालाबाजारी रोकने की मांग की

**ट्रांस हिंडन।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिला अधिकारी को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें एमएसपी को कानूनी दर्जा, देशभर में समान पेंशन, शिक्षा-चिकित्सा निशुल्क, किसानों का कर्ज माफी और अनाज की कालाबाजारी रोकने की मांग की गई। अध्यक्ष चौधरी अमित कसाना ने इन मुद्दों पर जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की बात कही।

# शादी का झांसा देकर कंपनीकर्मी से दुष्कर्म

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

फेज-3 स्थित पीजी में रहने वाले युवक पर दिल्ली निवासी युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। कंपनी में काम करने वाली पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। कुछ वर्ष पहले उसकी मुलाकात जिला बुलंदशहर निवासी जलज प्रताप सिंह से हुई। वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। वह वर्तमान में फेज-3 थाना क्षेत्र स्थित एक पीजी में रहता है। दोनों के बीच दोस्ती के बाद प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों अक्सर एक-दूसरे से मिलने लगे। आरोप है कि जलज प्रताप ने उसे शादी का झांसा दिया और पीजी में बुलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पीड़ित पिछले कई माह से युवक से शादी करने के लिए कह रही है। आरोप है कि युवक अब शादी करने से इनकार कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि थाना स्तर से सुनवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बैंककर्मी ने युवती की अश्लील फोटो वायरल किए

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली युवती ने बैंक में काम करने वाले युवक पर उसके अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-15 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करती है। दिल्ली के भजनपुरा निवासी सूरज सिंह बैंक में काम करता था। वह उसकी कंपनी में काम करने वाले लोगों के खाते खुलवाने के लिए कंपनी में आया था, तभी दोनों की जान पहचान हो गई। युवती के अनुसार उसके बाद दोनों मिलने लगे। इसी दौरान आरोपी ने उसके अश्लील फोटो खींच लिए। पीड़िता के अनुसार आरोपी उस पर शादी का दबाव बना रहा है। जब उसने मना किया तो इस बात से नाराज होकर उसने इंस्टाग्राम पर उसकी फर्जी आईडी बनाई और अश्लील फोटो वायरल कर दिए।

# 100 करोड़ की ठगी: गिरोह का पर्दाफाश, आठ गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

नोएडा एसटीएफ की टीम ने बैंकों से धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज के आधार पर लोन लेने वाले गिरोह का गुरुवार को पदार्फाश कर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोप है कि वे 10 बैंकों से 100 करोड़ से अधिक की ठगी कर चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि एक सूचना के आधार पर निरीक्षक सचिन कुमार और उनकी टीम ने रामकुमार, नितिन जैन, मोहम्मद वसी, शमशाद आलम, इंद्र कुमार कर्मकार, अनुज यादव, अशोक कुमार उर्फ दीपक जैन उर्फ रिंकी और ताहिर हुसैन को गिरफ्तार किया। उनके पास से 126 पासबुक, 170 डेबिट कार्ड, 45 आधार, कार्ड 27 पैन कार्ड, 15 आईडी कार्ड, निर्वाचन आयोग के पांच पहचानपत्र, 26 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, तीन कारें, विभिन्न व्यक्तियों के होम लोन, पर्सनल लोन से संबंधित दस्तावेज और घरों की रजिस्ट्रियां बरामद की। एसटीएफ के अनुसार आरोपियों ने 10 बैंकों से 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी की है। उनके 220 बैंक अकाउंट के बारे में जानकारी मिली है, जिन्हें फ्रीज कराया गया है।

आरोपियों से पूछताछ के दौरान पता चला है कि ये बदमाश कूटरचित दस्तावेज बनाकर फर्जी नाम से कई बैंकों से धोखाधड़ी से फ्लैट और मकान पर होम लोन करवा रहे थे। इसके बाद ये लोग गायब हो जाते थे। यह गिरोह फर्जी प्रोफाइल बनाकर चंडीगढ़, उत्तराखंड, दिल्ली और नोएडा के अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जगहों के बिल्डरों से साठगांठ करके बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी से प्रोफाइल फंडिंग कर रहे थे। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों द्वारा की गई ठगी का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

## साइबर ठगों ने 12 करोड़ रुपये ठगे

**नोएडा।** नोएडा में साइबर ठगों ने शेयर बाजार में निवेश कर 15 प्रतिशत तक लाभ होने का झांसा देकर सेक्टर-47 के रहने वाले आर्किटेक्ट कारोबारी से 12 करोड़ रुपये ठग लिए। पीड़ित वॉट्सएप पर आए मैसेज के जरिए महिला ठग के संपर्क में आए। कारोबारी ने महिला ठग पर विश्वास कर महज डेढ़ माह में नौ बार में रकम ट्रांसफर की। मुनाफे समेत रकम नहीं निकलने पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस रकम को फ्रीज कराने और शातिर ठगों को पकड़ने में जुटी है। यह नोएडा की सबसे बड़ी साइबर ठगी है। इससे पहले नौ करोड़ रुपये तक की ठगी हुई थी। नोएडा सेक्टर-47 में रहने वाले इंद्रपाल आर्किटेक्ट कारोबारी हैं। सेक्टर तीन में कंपनी कार्यालय चलाते हैं। वह शेयर मार्केट में भी रुचि रखते हैं। 17 अक्टूबर को उनके पास कियारा शर्मा नाम की महिला का मैसेज आया था। बात होने पर महिला ने वॉट्सएप ग्रुप पर जोड़ा। शेयर बाजार में निवेश कर 15 प्रतिशत तक मुनाफा होने की योजना बताई। हर दिन ग्रुप पर लोग मुनाफा होने के मैसेज भेजते। ठग ने कारोबारी से एप डाउनलोड कराकर पंजीकरण कराया।

# पटाखा बनाते समय हुआ जोरदार धमाका छत का हिस्सा गिरने से युवक घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के एक मकान में हुए जोरदार धमाके से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। धमाका इतना भीषण था कि मकान की छत और दरवाजे उड़ गए, जबकि आसपास के घर भी जोरदार कंपन से हिल उठे। किराए के मकान में दानिश नाम का युवक आतिशबाजी बनाने का काम कर रहा था। हादसे के दौरान अचानक ब्लास्ट हो गया, जिसमें दानिश गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के मुताबिक, दानिश ही घर में अवैध रूप से पटाखे तैयार कर रहा था। हादसे में घर के अन्य सदस्यों को मामूली चोटें आई हैं। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह खतरे से बाहर है। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी, जिसके बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और पूरे मामले की जानकारी पुलिस, दमकल विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलने पर आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। दमकल विभाग ने स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पा लिया और इलाके में शांति व्यवस्था कायम है।

सहायक पुलिस आयुक्त लिपि नगायच ने बताया कि दानिश द्वारा बिना अनुमति मकान में पटाखे बनाने का कार्य किया जा रहा था, जो कानूनन अपराध है। इस मामले में थाना मसूरी पुलिस की ओर से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन यह पता लगाने में जुटा है कि कहीं इस क्षेत्र में अवैध आतिशबाजी बनाने के अन्य ठिकाने तो नहीं हैं। साथ ही घटना स्थल पर मौजूद विस्फोट में उपयोग किए गए रसायनों तथा सामग्री को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बता कि पूरे मामले पर दनिश से भी पूछताछ की जाएगी जिससे और स्थानों का पता चल सके और इसके साथ कितने लोग इसमें जुड़े थे, इसकी भी जांच की जा रही है। स्थानीय निवासियों ने ऐसे अवैध पटाखा निर्माण पर कड़ी रोक लगाने की मांग की है।

# 15 लाख रुपये के विकास कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण



पायनियर समाचार सेवा। मोदीनगर

मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव डबाना में शुक्रवार को 15 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए विकास कार्यों का लोकार्पण विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा किया गया। विधायक ने ग्रामीणों के बीच बताया कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

गांव में दो मार्गों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने और नाली निर्माण का कार्य क्रमशः 6.05 लाख एवं 8.53 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। लोकार्पण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने इन कार्यों के लिए विधायक का स्वागत किया।

डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य गांवों के समग्र विकास को गति देना है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सके।

## फैक्टरी के कर्मचारियों पर लाठी-डंडों से हमला, आरोपी फरार

**गाजियाबाद।** कविनगर थानाक्षेत्र के ड्यूटी करके फैक्टरी से निकले कर्मचारियों पर एक व्यक्ति ने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित संजू का कहना है कि तीन दिसंबर को वह रोजाना की तरह कविनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित गोल्डन वैली ओवरसीज कंपनी में ड्यूटी पर गया था। ड्यूटी समाप्त करके जैसे ही वह फैक्टरी से बाहर निकला तो शाहपुर बम्हैटा निवासी तरुण राजपूत ने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उस पर और फैक्टरी के अन्य कर्मचारियों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने मारपीट के दौरान गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित ने पांच दिसंबर को कविनगर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

### कोटपा अधिनियम के तहत जिले की संयुक्त कमेटी चलाएगी अभियान

# स्कूल-कॉलेजों के निकट हटाई जाएंगी तंबाकू की दुकानें

- जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई की तैयारी में 200 मीटर की परिधि से हटाई जाएंगी दुकानें

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



स्कूलों और कॉलेजों के आसपास बढ़ते तंबाकू सेवन को रोकने के लिए जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। कोटपा अधिनियम के तहत गठित संयुक्त टीम 200 मीटर की परिधि में तंबाकू की दुकानों को हटाने का अभियान चलाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने शिक्षा विभाग से स्कूलों और कॉलेजों के आसपास संचालित दुकानों की सूची मांगी है। जिले में कई शिक्षण संस्थानों के बाहर तंबाकू उत्पादों की खुली बिक्री हो रही है। इससे बच्चों और किशोरों को तंबाकू की लत लग रही हैं। शहर में मॉडल टाउन, जीटी रोड, श्याम पार्क, अर्थला, राजनगर, डीपीएस चौराहा आदि शिक्षण संस्थानों के पास 200 मीटर के अंदर सिगरेट, गुटखा आदि तंबाकू उत्पाद बेचने की अस्थाई दुकानें खुली हुई हैं।

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि तंबाकू के सेवन से युवाओं में गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है, इसलिए शिक्षण संस्थानों के आसपास इसका प्रभाव खत्म करना जरूरी है। इसके लिए समिति अध्यक्ष के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने बेसिक शिक्षा विभाग और जिला विद्यालय निरीक्षक से स्कूल कॉलेजों के पास खुली तंबाकू उत्पादों की बिक्री की दुकानों की सूची मांगी है, ताकि इनको हटाने की कार्रवाई शुरू की जा सके।

तंबाकू निषेध प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि सूची मिलने के बाद कोटपा अधिनियम के तहत संयुक्त टीम के माध्यम से दुकानों को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार रात सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राहुल कुमार, सचिन गुप्ता, मोहन और सत्येंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताश की गड्डी और नगदी बरामद की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के बारे में शिकायत मिली थी। इसके बाद कार्रवाई की गई।

# नया आगरा बसाने से पहले खामियां दूर कर रहा यीडा

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) नए आगरा को विकसित करने की तैयारी में जुटा है। इसके लिए यीडा ने नए आगरा के मास्टर प्लान को स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर दिल्ली को परीक्षण के लिए भेजा है ताकि खामियों को सुधार कर बेहतर शहर विकसित किया जा सके। यीडा फेज-2 में न्यू आगरा अर्बन सेंटर विकसित करेगी। इसके लिए 9130.82 हेक्टेयर का मास्टर प्लान बनवाया गया है। मास्टर प्लान के अनुसार नया आगरा चंडीगढ़ की तर्ज पर विकसित होगा। नई टाउनशिप में सेवन वी सड़क कांसेप्ट को लागू किया जाएगा। इस लेआउट में सात अलग-अलग प्रकार की सड़कें होंगी जो वाहनों से लेकर पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों तक की जरूरतों को पूरा करेंगी। सड़क के किनारे ग्रीन बेल्ट होगी। इसमें से 2,501 हेक्टेयर का सबसे बड़ा हिस्सा आवासीय विकास के लिए है। 447 हेक्टेयर मिश्रित उपयोग क्षेत्रों के लिए निर्धारित किया गया है। नए शहर की जनसंख्या 14.6 लाख है, साथ ही 8.5 लाख रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

जानकारी के मुताबिक यह इलाका ताज ट्रैपेजियम जोन (टीटीजेड) में आता है। यह राज्य में लगभग 10,400 वर्ग किलोमीटर का एक परिभाषित क्षेत्र है। इसमें विश्व धरोहर स्थल ताजमहल और इसके आसपास के अन्य ऐतिहासिक स्मारक शामिल हैं। इसका उद्देश्य ताजमहल और आसपास के अन्य स्मारकों को वायु प्रदूषण, औद्योगिक उत्सर्जन और पर्यावरण क्षरण से बचाना है। ऐसे में यहां उन्हीं औद्योगिक इकाइयों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे जो प्रदूषण मुक्त होंगी। इस प्रकार विकसित होगा नया शहर श्रेणी क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) आवासीय 2501 व्यावसायिक 340.09 व्यावसायिक टूरिज्म 142.45 औद्योगिक 1812.8 मिक्स लैंड 447 संस्थागत 244.13 सर्विस 86 मनोरंजन 322.48 पीएसपी टूरिज्म 172 ग्रीन 485.72 ग्रीन रिवर बफर 823.7 कृषि 127.43 वन 307 लाजिस्टिक 180 सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर 1139.02 कुल क्षेत्रफल 9130.82 नए आगरा के मास्टर प्लान को परीक्षण के लिए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर दिल्ली भेजा गया है।

# पाकिस्तान में नया खेला

## गृहयुद्ध के आसार के बीच हुकूमत की नई रणनीति

पाकिस्तान के हालात अभी ठीक नहीं हैं। इस बीच इमरान खान के सही-सलामत होने की खबर से काफी हद तक तनाव कुछ कम हुआ है। उनसे 20 मिनट की मुलाकात के बाद बहन डॉ. उज़्मा खानुम ने पुष्टि की कि उनकी सेहत ठीक लगती है, लेकिन उन्हें मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। उन्हें लगभग पूरा दिन जेल के 'सेल' में अकेले रखा जाता है। किसी से कोई बातचीत नहीं, लिहाजा इमरान बहुत गुस्से में हैं। इन हालात के लिए इमरान ने आसिम मुनीर को दोषी करार दिया है। बहरहाल पाकिस्तान की सियासी, फौजी, हुकूमती पटकथा यहीं समाप्त नहीं होती, बल्कि यहां से नया मोड़ लेती है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ही संसद में 27वां संविधान संशोधन पारित कराया था और फील्ड मार्शल मुनीर के लिए 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस' (सीडीएफ) का नया पद सृजित किया था। मुनीर को पाकिस्तान का 'नया तानाशाह' बनाने की प्रक्रिया थी, क्योंकि संविधान संशोधन के बाद उन्हें राष्ट्रपति से भी ताकतवर बनाया जाना था। उन्हें सेनाओं का 'नया सुप्रीम कमांडर' भी बनाया जाना था। उनके खिलाफ कोई अदालती, कानूनी केस दायर नहीं किया जा सकता, ऐसी छूट भी उन्हें दी जानी थी, लेकिन मुनीर प्रशासनिक तौर पर 'तानाशाह' एक सरकारी अधिसूचना जारी होने के बाद ही बन पाते। प्रधानमंत्री शहबाज और उनके बड़े भाई, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने खेला करा दिया। मुनीर सेना प्रमुख के पद से 29 नवंबर को रिटायर हो गए और सीडीएफ की अधिसूचना जारी नहीं हुई, क्योंकि प्रधानमंत्री शहबाज बहरीन, यमन के प्रवास के बाद लंदन चले गए। वहां तीन दिन रहे। कहा जाता है कि वहां उन्होंने अपने मेडिकल टेस्ट कराए। पाकिस्तान लौटे, तो लाहौर में उतरे और बड़े भाई नवाज के साथ गुफ्तगू की। उसी दौरान मुनीर को लेकर रणनीति तय की गई, क्योंकि 'तानाशाह' बनाने की आलोचना दुनिया भर में हो रही है। यह मामला संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के स्तर पर उठाया गया। रूस और चीन ने भी आगाह किया, क्योंकि वे किसी भी कीमत पर अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत को हटा कर अमरीका का दोबारा हस्तक्षेप नहीं चाहते। चूंकि मुनीर विधिवत रूप से रिटायर हो गए और नई नियुक्ति तय नहीं हुई, लिहाजा संवैधानिक और सरकारी तौर पर मुनीर आज किसी भी पद पर नहीं हैं। प्रधानमंत्री शहबाज इस्लामाबाद भी लौट आए, लेकिन उन्होंने सीडीएफ की फाइल पर दस्तखत नहीं किए थे, लिहाजा अधिसूचना भी जारी नहीं की जा सकी। प्रधानमंत्री ने मुनीर से मुलाकात भी नहीं की। क्या इसके मायने साफ हैं कि मुनीर के 'तानाशाह' बनने के मंसूबे अधर में ही लटक कर रह गए हैं? पाकिस्तान के अनुभवी पत्रकारों और हुकूमत के अंदरूनी जानकारों के दावे हैं कि अब नवाज शरीफ प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। उपचुनावों में उनकी पार्टी ने छह में से 5 सीटें जीत ली हैं। इमरान के समर्थन में पाकिस्तान की अवाम का सैलाब किस कदर सडक़ों पर है, यह शरीफ भाई और मुनीर दोनों ही पक्ष देख रहे हैं। ऐसे में इमरान का बाल भी बांका किया गया, तो पाकिस्तान में 'आग' और हिंसा के बेकाबू हालात होंगे। गृहयुद्ध के आसार बने ही हुए हैं। यह आकलन पाकिस्तान की हुकूमत ने भी किया है।

# डॉ. भीमराव अबेडकर का अभूतपूर्व योगदान

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार





आज, हम एक विराट व्यक्तित्व के स्वामी और आधुनिक मानव समाज की दिशा निर्धारित करने वाले प्रगतिशील उपायों के पुरोधा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मना रहे हैं। एक विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, दार्शनिक, समाज सुधारक और इन सबसे अधिक एक राष्ट्र-निर्माता के रूप में उनके अथक प्रयासों ने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने केवल भारत के संविधान का मसौदा ही तैयार नहीं किया बल्कि एक ऐसे समावेशी और सशक्त राष्ट्र का खाका भी प्रस्तुत किया जहां प्रत्येक नागरिक की गरिमा की रक्षा हो और सभी को समान अवसर प्राप्त हो सके। इन मूलभूत मूल्यों से प्रेरित होकर मोदी सरकार ने जन कल्याण और सुशासन को बढ़ावा देने वाली कई पहलें की हैं। 27 नवंबर, 2025 को पेरिस स्थित यूनेस्को (UNESCO) मुख्यालय में भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संपूर्ण विश्व डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण का साक्षी बना। विश्व के गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष यह प्रतिमा न केवल भारत के एक नेता के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में बल्कि न्याय के एक सार्वभौमिक प्रतीक के रूप में खड़ी है। पट्टिका पर ₹भारत के संविधान का शिल्पकार₹ लिखा है, फिर भी ये शब्द उस व्यक्ति की विरासत का पूरी तरह से उल्लेख नहीं कर सकते, जिसने न केवल भारत के संविधान का मसौदा तैयार किया, बल्कि एक पूरे राष्ट्र को समग्रतः आकार देने में मदद की।

अपने पूरे जीवनकाल में, बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के अधिकार और उनके कल्याण की वकालत करते हुए न्याय के लिए संघर्ष किया। गोलमेज सम्मेलन में दलित वर्गों के प्रतिनिधि के रूप में उन्होंने जीवन निर्वाह मजदूरी, काम करने की उचित स्थिति, दमनकारी जमींदारों से किसानों की मुक्ति और दबे-कुचले लोगों को प्रभावित करने वाली सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन की पुरजोर वकालत की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से श्रमिकों और दलितों की पीड़ा को देखा था। बंबई में, वह बंबई डेवलपमेंट डिपार्टमेंट की एक कमरे वाली चॉल (tenements) में मिल मजदूरों के साथ 10 साल से अधिक समय तक रहे, जहाँ कोई आधुनिक सुविधाएँ नहीं थीं और प्रत्येक मंजिल पर सभी उद्देश्यों के लिए केवल एक शौचालय और एक नल था। इन परिस्थितियों ने उन्हें श्रमिकों के जीवन को काफी नजदीक से समझने का अवसर दिया। उन्होंने आम जनता को एकजुट किया और 1936 में भूमिहीन लोगों, गरीब काश्तकारों, कृषकों और श्रमिकों के कल्याण हेतु एक व्यापक कार्यक्रम के साथ इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी (ILP) की स्थापना की। 17 सितंबर, 1937 को बंबई विधानसभा के पुणे सत्र के दौरान, उन्होंने कोंकण में 'खोती' भूमि कार्यकाल प्रणाली को समाप्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया। 1938 में, उन्होंने बंबई में काउंसिल हॉल तक किसानों के मार्च का नेतृत्व किया और किसानों, श्रमिकों और भूमिहीनों के लोकप्रिय नेता बन गए। वह कृषि काश्तकारों की दासता (बंधुआ मजदूरी) को समाप्त करने के लिए विधेयक पेश करने वाले पहले भारतीय विधायक थे। उन्होंने औद्योगिक विवाद विधेयक 1937 का भी कड़ा विरोध किया क्योंकि इसमें श्रमिकों के हड़ताल करने के अधिकार में कटौती की गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अनिश्चित वैश्विक व्यवस्था के दौर में डॉ. अंबेडकर ने वायसराय की कार्यकारी परिषद के श्रम सदस्य के रूप में भारत में मजदूरों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार होने और उद्योगों का विस्तार होने पर उद्यमियों को समृद्धि के अवसर मिले, लेकिन श्रमिकों को उनका उचित हिस्सा नहीं दिया गया। उस समय डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण उपाय पेश किए, जिससे सरकार की श्रम नीति की नींव पड़ी। उन्होंने श्रमिकों से जुड़े जटिल मुद्दों का बहुत दक्षता के साथ समाधान निकाला जिससे उन्हें कर्मचारियों व नियोक्ताओं दोनों से सम्मान प्राप्त हुआ।

वर्ष 1943 में बंबई से आकाशवाणी से किए गए अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के लिए स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित ₹जीवन की उचित स्थिति₹ सुरक्षित करने का आग्रह किया। उनके प्रयासों से श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने में मदद मिली। उन्होंने प्रमुख श्रम कानूनों के माध्यम से श्रमिकों के कल्याण हेतु अहम योगदान किया जिसमें युद्ध चोट (मुआवजा बीमा) विधेयक, असुरक्षित निरीक्षणों के कारण मिलों में होने वाली मृत्यु पर रोक लगाने से संबंधित बॉयलर (संशोधन) विधेयक 1943, भारतीय खान और ट्रेड यूनियन संशोधन विधेयक, खनिक मातृत्व लाभ संशोधन विधेयक, कोयला खान सुरक्षा (स्टोविंग) संशोधन विधेयक और कामगार मुआवजा संशोधन विधेयक शामिल हैं।

9 दिसंबर 1943 को, डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने धनबाद कोयला खदानों का दौरा किया और खदानों के संचालन व श्रम स्थितियों का निरीक्षण करने के लिए जमीन से 400 फीट नीचे गए। इसके परिणामस्वरूप जनवरी 1944 का कोयला खान श्रम कल्याण अध्यादेश आया, जिससे श्रमिकों के कल्याण के लिए एक कोष बनाया गया। उन्होंने कोयले की खानों से निकाले गए कोयले पर कर को दोगुना करके इस कोष को मजबूत किया, जिससे खनिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित हुए। 8 नवंबर 1943 को, उन्होंने भारतीय ट्रेड यूनियन (संशोधन) विधेयक भी पेश किया, जिसमें नियोक्ताओं के लिए ट्रेड यूनियनों को मान्यता देना अनिवार्य कर दिया गया।8 फरवरी 1944 को कोयला खदानों में महिलाओं के जमीन के भीतर काम पर से प्रतिबंध हटाने के विषय पर विधानसभा में बहस के दौरान डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने कहा, ₹मुझे लगता है कि यह पहली बार है कि किसी भी उद्योग में लैंगिक आधार पर भेदभाव के बिना समान काम के लिए समान वेतन का सिद्धांत स्थापित किया गया है।₹ यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। माइन्स मैटरनिटी बेनिफिट (संशोधन) बिल 1943 के माध्यम से उन्होंने मातृत्व लाभ को मजबूत किया और उन्हें अनुपस्थिति के कारण आर्थिक दंड से बचाने का प्रावधान किया। वर्ष 1945 में उन्होंने अधिनियम में और संशोधन किए ताकि महिलाओं को प्रसव से दस सप्ताह पहले जमीन के भीतर कार्य करने से बचाया सके और उनके लिए प्रसव से दस सप्ताह पहले और चार सप्ताह बाद कुल मिलाकर चौदह सप्ताह का मातृत्व अवकाश सुनिश्चित किया जा सके।

26 नवंबर 1945 को नई दिल्ली में भारतीय श्रमिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, उन्होंने श्रमिकों के प्रति सरकार के दायित्वों की समीक्षा की और श्रमिकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के श्रम कानूनों की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। प्रगतिशील श्रम कल्याण कानून की आवश्यकता पर बल देते हुए, उन्होंने कहाः-

कोई यह कह सकता है कि अंग्रेजों को श्रम कानून की एक उचित संहिता बनाने में 100 साल लग गए, किंतु यह कोई तर्क नहीं है कि हमें भी भारत में 100 साल लगने चाहिए। इतिहास का अध्ययन केवल इस दृष्टि से नहीं किया जाना चाहिए कि दूसरे देशों की गलतियों की नकल कितनी अच्छी तरह की जाए। हम इतिहास का अध्ययन इसलिए करते हैं ताकि यह जान सकें कि लोगों ने क्या गलतियां की है और उनसे कैसे बचा जा सकता है। इतिहास हमेशा एक उदाहरण नहीं होता। अक्सर यह एक चेतावनी होता है। अगले दिन उसी सम्मेलन में, उन्होंने कारखानों में काम के घंटे घटाकर 48 घंटे प्रति सप्ताह करने, वैधानिक औद्योगिक कैंटीन शुरू करने और कामगार मुआवजा अधिनियम, 1934 में संशोधन करने के लिए कानून प्रस्तावित किया। उन्होंने न्यूनतम मजदूरी और भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926 में संशोधन के लिए कानूनों का मसौदा तैयार करने की योजना भी घोषित की। 21 फरवरी 1946 को, डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने साप्ताहिक काम के घंटों को घटाकर 48 करने, ओवरटाइम दरों को तय करने और सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के लिए कारखाना (संशोधन) विधेयक पेश किया।

# भारत और रूस साझेदारी का नया अध्याय

**पुतिन की यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब रूस का यूरोप से संबंध तनावपूर्ण है और पश्चिमी देशों ने उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए हुए हैं। रूस के लिए एशिया का महत्व बढ़ा है और इस एशिया में भारत उसकी सबसे स्थिर और महत्वपूर्ण साझेदारी है।**

**डॉ. कौशल कांत मिश्रा**
भाजपा प्रवक्ता
चिकित्सक एवं हिंदू श्री फाउंडेशन के संस्थापक





दुनिया इस समय जिस बड़े भू राजनीतिक परिवर्तन काल से गुजर रही है, वह आने वाले युग की अंतरराष्ट्रीय राजनीति को नए सिरे से आकार देने वाला दौर है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, यूरोप में अस्थिरता, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक सप्लाई चेन में लगातार हो रहे बदलावों ने शक्ति संतुलन को पूरी तरह बदल दिया है। कई देश पुराने गठबंधनों और दबावों के आधार पर अपनी विदेश नीतियों को ढाल रहे हैं, लेकिन इस बदलते माहौल में भारत ने जिस स्वतंत्र और संतुलित राह को चुना है, वह उसे एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है। ऐसे समय में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा किसी सामान्य राजनयिक घटना से कहीं अधिक है। अमेरिका के साथ जारी तनाव, यूक्रेन संकट और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बीच पुतिन का भारत आना यह संकेत देता है कि नई विश्व व्यवस्था में भारत और रूस के संबंधों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। इसी कारण पूरी दुनिया इस यात्रा को ध्यान से देख रही है।

राष्ट्रपति पुतिन के आगमन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रोटोकॉल से हटकर पालम एयरपोर्ट जाना, उनका गर्मजोशी से स्वागत करना और उन्हें गले लगाना केवल औपचारिकता नहीं था, बल्कि यह उस गहरे भरोसे और ऐतिहासिक मित्रता की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति थी जिसे दोनों देशों ने दशकों में मिलकर बनाया है। जनमानस भी इस यात्रा को लेकर उत्साह से भरा दिखाई दिया। यह वही अपनत्व की भावना है जिसने भारत और रूस के रिश्ते को राजनीतिक बदलावों और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद हमेशा स्थिर बनाए रखा। भारतीय चैनल के साथ एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि भारत और रूस का सहयोग किसी भी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अब एक महत्वपूर्ण वैश्विक शक्ति है और उसकी नीतियां पूरी तरह स्वतंत्र हैं। पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की भी प्रशंसा करते हुए उन्हें एक भरोसेमंद नेता बताया जो किसी भी बाहरी दबाव में नहीं आते। उन्होंने कहा कि मोदी का नेतृत्व भारत को मजबूती से आगे बढ़ा रहा है और दुनिया में एक स्थिर और आत्मविश्वासी आवाज के रूप में स्थापित कर रहा है। भारत और रूस की मित्रता किसी एक कालखंड या किसी एक नेतृत्व की उपज नहीं है। शीत युद्ध के दौर से लेकर आज की बहुध्रुवीय दुनिया तक दोनों देशों का संबंध विभिन्न चुनौतियों से गुजरे हैं, लेकिन हर परिस्थिति में यह रिश्ता और अधिक गहरा होता गया है। इंडो सोवियत संधि से लेकर रक्षा सहयोग, अंतरिक्ष कार्यक्रम, ऊर्जा सुरक्षा और निवेश तक, हर क्षेत्र में रूस भारत का भरोसेमंद साथी रहा है। पुतिन की यह यात्रा इस ऐतिहासिक सहयोग को नई ऊर्जा देती है और यह संदेश भी देती है कि आने वाले वर्षों की वैश्विक व्यवस्था में भारत और रूस दोनों एक दूसरे के लिए अनिवार्य साझेदार बने रहेंगे।

यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब रूस का यूरोप से संबंध तनावपूर्ण है और पश्चिमी देशों ने उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए हुए हैं। रूस के लिए एशिया का महत्व बढ़ा है और इस एशिया में भारत उसकी सबसे स्थिर और महत्वपूर्ण साझेदारी है। भारत के दृष्टिकोण से भी रूस केवल रक्षा उपकरणों का स्रोत नहीं, बल्कि ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष सुरक्षा और भू राजनीतिक संतुलन का अहम साथी है। रूस के साथ संवाद भारत को वह रणनीतिक स्वतंत्रता देता है जो किसी उभरती हुई शक्ति के लिए अनिवार्य है। पश्चिमी दबावों के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीद जारी रखी और इससे न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई बल्कि घरेलू अर्थव्यवस्था को भी स्थिरता मिली। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के व्यक्तिगत संबंध इस साझेदारी को और मजबूती देते हैं। दोनों नेताओं के बीच वर्षों से भरोसे और सहज संवाद का संबंध है। व्लादिवोस्तोक में रूस द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिए गए सर्वोच्च सम्मान से लेकर एस 400 मिसाइल सिस्टम के निर्णय तक, ये सभी घटनाएं इस बात को प्रमाणित करती हैं कि दोनों देशों का रिश्ता परिस्थितियों से नियंत्रित नहीं होता बल्कि पारस्परिक सम्मान और रणनीतिक समझ पर आधारित होता है। यूक्रेन संकट आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनयिक मसला है। भारत ने शुरुआत से यह स्पष्ट किया कि यह युद्ध बातचीत और कूटनीति से ही समाप्त हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्रपति पुतिन से कहा गया यह वाक्य कि आज का युग युद्ध का नहीं है, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भारत की बढ़ती भूमिका का संकेत बना। भारत ने बार बार यह बताया है कि युद्ध का असर केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहता बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करता है। खाद्यान्न, ऊर्जा, महंगाई और सप्लाई चेन सभी इससे प्रभावित होते हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा से यह उम्मीद बढ़ती है कि भारत शांति निर्माण की पहल में एक संतुलित और विश्वसनीय आवाज बना रहेगा।

भारत और रूस का रक्षा सहयोग इस रिश्ते का सबसे मजबूत स्तंभ है। भारतीय सेना की बड़ी संरचना दशकों से रूसी तकनीक पर आधारित रही है। एस 400 मिसाइल सिस्टम, ब्रह्मोस मिसाइल प्रोग्राम, परमाणु ऊर्जा साझेदारी और संयुक्त निर्माण मॉडल भारत को न केवल आधुनिक सैन्य क्षमता प्रदान करते हैं बल्कि उसे रणनीतिक स्वावलंबन भी देते हैं। ब्रह्मोस मिसाइल की अंतरराष्ट्रीय पहचान ने भारत को रक्षा निर्यातक देश के रूप में उभरने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। रूस समझता है कि भारत भविष्य की तकनीक और रक्षा नवाचार का केंद्र बनने की क्षमता रखता है, इसलिए वह संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन पर जोर देता है। इसी रणनीतिक ढांचे के तहत राष्ट्रपति पुतिन के दौरे से पहले भारत और रूस ने 2 अरब डॉलर की न्यूक्लियर सबमरीन डील को अंतिम रूप दिया। 2027 तक मिलने वाली यह परमाणु ऊर्जा चालित सबमरीन भारतीय नौसेना की समुद्री क्षमता को नई ऊंचाई देगी और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धताओं को और मजबूत करेगी। इस डील का दबदबा क्षेत्रीय स्तर पर भी महसूस किया जाएगा, क्योंकि यह पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों की सामरिक रणनीति पर सीधा प्रभाव डालेगी। ऊर्जा क्षेत्र में भी दोनों देशों की साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## आप की बात

### अब बिजली बिल का बोझ दोबारा न लद जाए

यूपी सरकार की बिजली बिल राहत योजना ऐसे लोगों के लिए किसी लॉटरी से कम नहीं है जिसका कई वर्षों से बिल बकाया है और वह जमा नहीं कर पा रहा था। सरकार ने इस योजना को अमली जामा पहना कर छोटे और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए राहत देने का कार्य किया है। ऐसे में सरकार को राजस्व की प्राप्ति तो होगी ही साथ ही ऐसे लोगों के बिल भी क्लीयर हो जायेंगे जो बिजली विभाग के कर्ज के तले वर्षों से दबे हुए थे। हालांकि सरकार की इस योजना से हजारों-लाखों लोगों को लाभ तो मिलेगा परन्तु अब ऐसे उपभोक्ताओं को चाहिए कि वह अब बराबर बिजली का बिल जमा करते रहे जिससे उनके ऊपर अब बिजली बिल का बोझ दोबारा न लद जाए।

**मनोज वैश्य, बछरावां**

### विराट कोहली संघर्ष, जुनून और निरंतरता का प्रतीक

विराट कोहली सिर्फ भारतीय क्रिकेट का सुपरस्टार नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा हैं जिसने पूरे देश की क्रिकेट सोच को बदल दिया है। कोहली का खेल देखने पर यह समझ आता है कि प्रतिभा और मेहनत का सही मेल किसे कहते हैं। उनका हर एक रन, हर एक शतक सिर्फ सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि उनकी मानसिक मजबूती और अनुशासन का परिचायक है। जब टीम दबाव में होती है, कोहली की मौजूदगी ही उम्मीद बन जाती है। बड़े लक्ष्यों का पीछा करते समय उनका आत्मविश्वास और आक्रामकता देखने लायक होती है। विरोधी टीमों के लिए भी वे हमेशा एक चुनौती रहे हैं, क्योंकि वह किसी भी परिस्थिति में अपने खेल का स्तर ऊपर उठाने की क्षमता रखते हैं। उनकी फिटनेस संस्कृति ने भारतीय टीम के भीतर एक नया मानक स्थापित किया है। डाइट, फोकस, ट्रेनिंग—हर क्षेत्र में कोहली ने खुद को एक परफेक्ट प्रोफेशनल साबित किया है। मैदान पर उनका जुनून युवाओं में सीखने की चाह पैदा करता है। हालांकि हर खिलाड़ी की तरह कोहली के भी कठिन दौर आए, लेकिन उनकी सबसे बड़ी खूबी यही रही कि उन्होंने अपनी आलोचनाओं को ईंधन बनाया और और भी मजबूत होकर वापसी की। मेरे लिए विराट कोहली सिर्फ एक क्रिकेटर नहीं, बल्कि निरंतरता, जुनून और संघर्ष की पहचान हैं।

**रूद्रवीर प्रताप शर्मा, सुलतानपुर**

### इकबाल लौटा तो खाकी का ख्याल भी बदला

जायज को नाजायज और नाजायज को जायज बना देने के कथित ठप्पे को लखनऊ पुलिस ने न केवल पूरी तरह मिटाने का प्रयास किया है. बल्कि खाकी अब मित्र की भूमिका में ड्यूटी बजा कर अपने कर्त्तव्यों काल बखूबी निर्वहन भी कर रही है। अपराधियों के खिलाफ सख्त दिखने वाली पुलिस ने अब अपनी छवि को काफी हद तक सुधारा है। योगी सरकार ने जिस तरह खाकी का इकबाल लौटाया है उसने पुलिस को अपना रवैया सुधारने पर विवश कर दिया। पुलिस की कोई भी सेवा अब आम नागरिकों के लिए बिना किस भय और आशंका के आसान हो गई है। इतना ही नहीं लखनऊ पुलिस ने कई मौकों पर इंसानियत की मिसाल भी पेश की गै। लोगों में अब खाकी का वह खौफ नहीं देखने को मिलता। अपवाद छोड़ दें तो हर मौके पर पुलिस की गाजिरी दोखने को मिलती है। शहर में सुरक्षा और कानून व्यवस्था ने आम शहरियों को काफी हद तक राहत पहुंचाई है। उनका खाकी में भरोसा बढ़ा है तो पुलिस का हौसला भी परवान चढ़ने लगा है। ऐसे में आम नागरिकों को भी पुलिस ड्यूटी के दौरान खाकी के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए ताकि नए परिवेश में अमन चैन और सुरक्षा की हालत और पुख्ता हो जाए। फिलहाल पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही और नागरिक समस्याओं को लेकर उसका नजरिया और रवैया दोनों बदला है। ऐसे में योगी सरकार के प्रयासों की सर्थकता अब साफ झलक रही है।

**प्रांजल, लखनऊ**

### जितना खा सकें उतना ही खाना ले प्लेट में

शादी-विवाह का दौर इस समय चल रहा है, किसी के पुत्र का विवाह है तो किसी के पुत्री का। तमाम तरह के व्यंजनों के साथ नास्तें की विभिन्न वैरायटियां भी मेजों पर सजी हैं। लोग-बाग सभी तरह के व्यजंनों को चखने के लिए खाने की प्लेट में सब कुछ रख लेते है। इस फेर में रहते है कि कहीं यह आइटम दोबारा न मिल पाये। इसके चलते यह इतना ज्यादा नास्ता या फिर खाना परोस लेते है जो उनके पेट में समां नहीं पाता है। फिर होता है खाना की बर्बादी का दौर...क्या खाने वाले ने इस बात को कभी सोचा है कि जिसने यह आयोजन किया है उसने किस तरह से जोड़-जोड़ कर आगुंतकों के लिए खाने का इंतजाम किया है। इस पत्र के माध्यम से मै यह ही कहना चाहती हूं कि कृपया ऐसा न करें, जितना खाना, खाना है उतना ही प्लेट में लें।

**अंशू, गोसाईगंज**

# नंधौर नदी में पांचों गेटों पर खनन कार्य हुआ आरंभ



■ नंधौर नदी में सिंचाई विभाग द्वारा किये जा रहे बाढ सुरक्षा के कार्यों का भी किया स्थलीय निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी/चोरगलिया**

अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की अगुवाई में शुक्रवार को खनन, राजस्व, वन एवं सिचाई महकमे के अधिकारियों के साथ पांचों गेटों का स्थलीय निरीक्षण किया। वर्तमान में पांचो गेटों से नदी से खनन निकासी का कार्य प्रारम्भ हो चुका है।

अपर जिलाधिकारी ने निकासी गेटों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निकासी गेटों पर वन विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने खनन में लगे वाहन स्वामियों से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में नियमानुसार खनन का कार्य करें।

इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी ने नंधौर नदी में सिंचाई विभाग द्वारा किये जा रहे बाढ सुरक्षा के कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी राहुल साह, जिला खान अधिकारी राजभर सिंह, अधिशासी अभियंता सिचाई दिनेश रावत, अनुभाग अधिकारी वन निगम मोहन सिंह महरा व उपखण्ड अधिकारी वन अमित जोशी आदि मौजूद थे।

## दर्दनाक हादसा : बारातियों से भरी बोलेरो खाई में गिरी

# मां बेटे समेत पांच की मौत, पांच घायल

■ घायलों को खाई से निकालकर लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय भेजा गया

**पायनियर समाचार सेवा। चंपावत**

उत्तराखंड में शुक्रवार की सुबह एक हृदय विदारक हादसे ने सबको झंकझोर दिया। शादी की खुशियों में शामिल होकर लौट रहे मां बेटे समेत पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि पांच घायल हैं।

चंपावत जिले में शुक्रवार सुबह पाटी से गंगोलीहाट लौट रही बारातियों से भरी एक बोलेरो जीप सिंगदा के पास अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसा सुबह करीब 3 बजे हुआ। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

गुरुवार को पिथौरागढ़ जिले के शेराघाट निवासी बबलू की बारात चंपावत जिले के बालातड़ी गांव आई हुई थी। बारात दुल्हन लेकर वापस लौट रही थी। वापसी में देर रात लोहाघाट घाट राष्ट्रीय राजमार्ग में बाघधार के पास बारात के काफिले का एक वाहन बोलेरो वाहन यूके 04 टीबी 2074 करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। इसमें सवार 5 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घायलों को खाई से निकालकर लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय भेजा गया है। सूचना पर पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों और शवों को खाई से बाहर निकाला। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त चालक नशे में था।





### सीएम धामी ने दुःख किया व्यक्त



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-09 पर तहसील बाराकोट (चंपावत) में बागधारा के समीप हुए वाहन दुर्घटना में 5 लोगों के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस अत्यंत दुःखद घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनके उपचार एवं सहायता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश भी दिए हैं।

# गजल्ड गांव में गुलदार का हमला, एक व्यक्ति की मौत



■ आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, सीएम से बात कराने की उठाई मांग

**पायनियर समाचार सेवा। पौड़ी गढ़वाल**

पौड़ी जनपद के गजल्ड गांव में आज सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां गुलदार के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई और ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला।

सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन स्थानीय लोग विभाग की कार्रवाई से बेहद नाराज दिखे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और गढ़वाल डीएफओ को तुरंत मौके पर बुलाने की मांग की।

इसी दौरान जब स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने विधायक से वन मंत्री सुबोध उनियाल और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से तुरंत बात कराने की मांग की, लेकिन फोन न लगने पर उनका गुस्सा और भड़क गया।

स्थिति और बिगड़ गई जब आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों को एक कमरे में बंद कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में लगातार हो रहे गुलदार हमलों पर विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा और हर बार निचले स्तर के कर्मचारियों को भेजकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक जिलाधिकारी और गढ़वाल डीएफओ मौके पर नहीं पहुंचते, वे कर्मचारियों को नहीं छोड़ेंगे। माहौल को बिगड़ता देख जिलाधिकारी स्वामी एस. भदौरिया तत्काल मौके पर पहुंचीं और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क पर लेटकर जाम भी लगा दिया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गुलदार को मारने के लिए शूटर भेज दिए गए हैं और मृतक के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### पीड़ित परिवार को मुआवजा

जिलाधिकारी ने चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन से मात्र दो घंटे में गुलदार को ढेर करने की अनुमति प्राप्त की, जिसके बाद प्रभावित क्षेत्र में सूटरों की तैनाती कर दी गई। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त मजिस्ट्रेट और वन विभाग के अधिकारी प्रभावित क्षेत्र में मौजूद हैं। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग के माध्यम से पशुओं के चारे की व्यवस्था करवाई और क्षेत्र के निजी व शासकीय स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों को 5 व 6 दिसंबर को अवकाश का आदेश दिया। वन विभाग के अनुसार, पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए का मुआवजा उपलब्ध कराया जा रहा है।

# कई गाड़ियों को टक्कर मारकर दुकान के अंदर घुसा ट्रक

■ ट्रक चालक की हालत गंभीर है, जिसे अस्पताल में कराया गया भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**



कोतवाली पटेल नगर क्षेत्र के अंतर्गत सुबह मोहब्बेवाला के पास खड़ी गाड़ियों में आशारोड़ी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसके बाद एक के बाद पांच गाड़ियों में टक्कर मार दी और ट्रक टक्कर मार दुकानों में घुस गया। टक्कर लगने से आसपास अफरा तफरी मच गई और स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही कोतवाली पटेल नगर पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। साथ ही आशारोड़ी से आ रहे सीमेंट से भरे ट्रक की डीजल टंकी फटने से डीजल लीक होने लगा, जिसके लिए फायर स्टेशन को भी सूचना दी गई है। वहीं पुलिस द्वारा घटना के संबंध में अग्रिम कार्रवाई जारी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह मोहब्बेवाला चौक आईएसबीटी कोतवाली पटेल नगर पर एक्सीडेंट की सूचना पर कोतवाली पटेल नगर पुलिस और सीपीयू मौके पर पहुंची। मौके मौजूद लोगों ने बताया कि एक ट्रक मोहब्बेवाला के पास बैक हो रहा था, जिस कारण मोहब्बेवाला चौक पर अन्य छोटी गाड़ियां रुकी थी। उसी दौरान आशारोड़ी की तरफ से एक सीमेंट से भरा हुआ ट्रक आया और जाम में खड़ी 3 कार, ट्रक और एक ऑटो को टक्कर मार कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और ट्रक मौके पर ही सड़क किनारे स्थित दुकानों में घुस गया और पलट गया। पुलिस द्वारा मौके पर क्षतिग्रस्त छोटे वाहनों को सड़क से हटा दिया गया है। कोतवाली पटेल नगर प्रभारी चंद्रभान अधिकारी ने बताया है कि सीमेंट से भरे ट्रक चालक की हालत गंभीर है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# शिक्षा विभाग में 182 पदों पर होंगी भर्तियां, शासनादेश जारी

**रुद्रपुर।** जिले के प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में रिक्त 182 पदों पर इसी महीने भर्ती प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। भर्ती प्रक्रिया आउट सोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से होगी। इन भर्तियों में स्थानीय ग्रामीणों को ही प्राथमिकता दी जाएगी।

> **स्थानीय ग्रामीणों को ही दी जाएगी प्राथमिकता**

माध्यमिक के 124 शासकीय, 29 अशासकीय व प्रारंभिक शिक्षा के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक के 986 विद्यालय हैं। जिले के स्कूलों में लंबे समय से विद्यालयी कार्यालय में परिचारक या स्वच्छक के पद रिक्त चल रहे हैं। राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग के अलग-अलग कार्यालयों और विद्यालयों में सृजित चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के खाली पदों (मृत संवर्ग) को आउटसोर्स के पदों में परिवर्तित कर इनमें नियुक्ति करने के लिए शासनादेश जारी कर दिया। यह भर्ती प्रयाग पोर्टल के माध्यम से होगी।

# भालूओ के बढ़ते आतंक को देखते हुए वन विभाग ने बढाई रात्रि गश्त



■ रात्रि के वक्त बाहर न निकलने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा। ज्योतिर्मठ**

भालू के बढ़ते आतंक को देखते हुए वन विभाग द्वारा रात्रि गश्त कर लोगों से रात में बाहर न निकलने की अपील की जा रही है।

गौरतलब हो कि इन दिनों ज्योतिर्मठ के आसपास भालूओ का आंतक बना हुआ है। जिससे आम लोगों कों भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वन विभाग द्वारा रात्रि में ज्योतिर्मठ के विभिन्न इलाकों में गश्त की जा रही है। नंदादेवी राष्ट्रीय पार्क के वन क्षेत्रधिकारी गौरब नेगी का कहना है कि भालू के बढ़ते आतंक को देखते हुए वन विभाग के कर्मचारीयों द्वारा ज्योतिर्मठ के विभिन्न इलाकों में रात्रि में गश्त की जा रही है तथा लोगों से रात्रि के वक्त बाहर न निकलने की अपील की जा रही है।

# डीएम ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**पायनियर समाचार सेवा। बागेश्वर**

जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई। वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन उपकरणों तथा सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की।

निरीक्षण के क्रम में पिछले माह की सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल भी की गई। उपस्थित अधिकारियों को सुरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर होनी चाहिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र देवली सहित बीजेपी के प्रतिनिधि मदन राम आगरी, कांग्रेस के प्रतिनिधि गोविन्द गिरी उपस्थित रहे।

## ऑल सेंट्स कॉलेज में क्रिसमस नाट्य व शैडो ड्रामा प्रस्तुति का आयोजन

# प्रेम, क्षमा और मानवता का संदेश मंच पर जीवंत

■ नन्हे कलाकारों की प्रस्तुति ने अभिभावकों व आमंत्रित अतिथियों को कर दिया मंत्रमुग्ध

**पायनियर समाचार सेवा। नैनीताल**

ऑल सेंट्स कॉलेज में कक्षा 1 से 5 तक के नन्हे बच्चों ने क्रिसमस नाट्य मंचन और शैडो ड्रामा से कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोहा लिया। विद्यालय में इस वर्ष आयोजित क्रिसमस समारोह में मंचित भव्य क्रिसमस नाट्य प्रस्तुति और भावपूर्ण शैडो ड्रामा ने दर्शकों को आध्यात्मिक संवेदना, सौंदर्य और सृजनात्मकता के अद्भुत अनुभव से भर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत शांत, तारों भरी रात्रि के प्रतीकात्मक दृश्य से हुई, जिसने मरियम और जोसेफ की यात्रा से लेकर प्रभु यीशु मसीह के जन्म तक की कथा को अत्यंत सौम्यता और आकर्षक अभिनय के साथ जीवंत किया। मंच पर प्रस्तुत नन्हे कलाकारों की प्रभावपूर्ण अभिव्यक्ति और मधुर कैरोल्स ने दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावकों एवं आमंत्रित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत हुआ शैडो ड्रामा दर्शकों के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं था। इस नाट्यांश के माध्यम से प्रकाश और छाया की अनूठी शैली में प्रभु यीशु द्वारा किए गए चमत्कारों को दशार्या और प्रेम, क्षमा, त्याग और मानवता का सशक्त संदेश दिया गया। शांत संगीत, मिनिमलिस्टिक प्रस्तुति और दृश्य-छाया का अद्भुत संयोजन तालियों की गड़गड़ाहट के बीच संपन्न हुआ। दर्शकों ने इसे अभिनव प्रयास, अविस्मरणीय प्रस्तुति और मन को छू लेने वाला अनुभव बताया। प्रधानाचार्या अंजिना रिचर्ड्स ने सफल प्रस्तुति के लिए विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रस्तुतियां बच्चों में सृजनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और सामाजिक-मानवीय मूल्यों को पोषित करती हैं।

## 71 प्रतिशत वन क्षेत्र वाले उत्तराखंड में भारतीय वन सेवा के अफसरों का बना हुआ है टोटा

# नए मुखिया की ताजपोशी के साथ ही बढ़ी वन विभाग की मुश्किलें

■ प्रभारी व्यवस्था पर डिवीजन में डीएफओ करने पड़ रहे हैं तैनात

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**




उत्तराखंड वन विभाग में नए मुखिया की ताजपोशी एक नई चिंता को पैदा कर रही है। दरअसल वन विभाग के पास पीसीसीएफ यानी सबसे ऊंची रैंक के अधिकारियों का जबरदस्त टोटा हो गया है। लगातार हो रही सेवानिवृत्ति के चलते इस रैंक के अधिकारी महकमे में बेहद कम रह गए हैं। जबकि आने वाले महीनों में ये दिक्कत और भी बढ़ने जा रही है। करीब 71 प्रतिशत वन क्षेत्र वाले उत्तराखंड में भारतीय वन सेवा के अफसरों का टोटा बना हुआ है।

हालात ये हैं कि महकमे में टॉप रैंक के अफसरों की कमी दिखाई देने लगी है। जबकि आने वाले महीनों में ये कमी और भी ज्यादा बढ़ने वाली है। खास बात ये है कि खुद विभाग के अफसर और मंत्री भी अधिकारियों की इस कमी को चिंताजनक मानकर इसपर रास्ता निकालने की बात कहते दिख रहे हैं।

**प्रतिनियुक्ति और रिटायरमेंट ने बढ़ाई मुश्किलः** फिलहाल विभाग के पास 5 पीसीसीफ स्तर के अधिकारी हैं।

इनमें से 2 अधिकारी राज्य प्रतिनियुक्ति पर ही विभाग से बाहर हैं। जबकि अगले 24 दिन में बीपी गुप्ता की सेवानिवृत्ति के बाद इनकी संख्या 4 ही रह जाएगी। उधर करीब 7 महीने में प्रमुख वन संरक्षक हॉफ रंजन कुमार मिश्र भी रिटायर हो जाएंगे। फिर पी सी सी एफ रैंक के 3 ही अफसर होंगे। खास बात यह है कि इसके बाद एपीसीसीएफ रैंक के भी राज्य में 6 ही अधिकारी हैं। इनमें से 3 अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर राज्य से बाहर हैं। यानी इस रैंक के भी प्रदेश में फिलहाल तीन ही अधिकारी मौजूद हैं। हालांकि इसके बाद प्रदेश में सीसीएफ रैंक के अधिकारियों की अच्छी खासी संख्या है। फिलहाल कुल 9 सीसीएफ स्टाफ के अधिकारी हैं। इनमें से 2 अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। एक अधिकारी राज्य प्रतिनियुक्ति पर विभाग से बाहर तैनात हैं। वैसे 2 सीसीएफ जल्द विभाग को प्रमोशन के बाद मिलने वाले हैं। राज्य में डीएफओ स्तर पर भी अधिकारियों की कमी दिखाई देती है। वन विभाग के लिहाज से यह पद फील्ड पोस्टिंग में सबसे अहम माना जाता है। प्रदेश में ऐसी कई डिवीजन हैं, जहां अधिकारियों को दोहरे चार्ज देने पड़ रहे हैं या प्रभारी व्यवस्था पर डिवीजन में डीएफओ तैनात करने पड़ रहे हैं।

> प्रदेश में अधिकारियों की कमी चिंताजनक है। वन विभाग में कई पदों पर अधिकारी तैनात करने के लिए उनकी कमी दिखाई देती है। हालांकि इसके लिए भी अलग फॉमूर्ला निकाल कर अधिकारियों की तैनाती की जाएगी।
>
> **-सुबोधउनियाल, वन मंत्री, उत्तराखंड**

# दिल्ली महारैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस कार्यालय में बैठक

■ विधायक भुवन कापड़ी ने केंद्र पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा। खटीमा**



जिला उधम सिंह नगर के खटीमा कांग्रेस कार्यालय में किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरजिंदर सिंह लाडी और कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने आगामी 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली रामलीला मैदान में होने वाली 'राहुल गांधी की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली' की तैयारियों को लेकर बैठक की। इस महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक में खटीमा विधायक भुवन कापड़ी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने बताया कि दिल्ली में प्रस्तावित महा रैली को सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर व्यापक योजना तैयार की जा रही है। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं और उत्तराखंड से बड़ी संख्या में लोगों को रैली में शामिल करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इस मौके पर विधायक भुवन कापड़ी ने केंद्र सरकार की चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में किए गए बदलाव पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा देश में पहली चोरी तब हुई जब केंद्र सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया बदल दी। पहले यह चयन एक पारदर्शी और संतुलित प्रणाली के तहत होता था, लेकिन अब सरकार ने प्रक्रिया बदलकर लोकतंत्र की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर गहरा प्रहार किया है। उन्होंने आगे कहा कि 14 दिसंबर की रैली ऐतिहासिक होने जा रही है, जिसमें उत्तराखंड से बड़ी संख्या में लोग दिल्ली पहुंचकर लोकतंत्र की रक्षा का संदेश देंगे। बैठक में मौजूद नेताओं ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे रैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें और संगठन स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दें।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 6 दिसंबर 2025



## एक नजर

### डीआईजी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज

**नागल।** गांव पनियाली कासिमपुर में एक विधवा महिला की उसके ही सगे संबंधियों के द्वारा धोखाधड़ी से करोड़ों रुपये की जमीन हड़पने के मामले में पुलिस उप महानिरीक्षक सहारनपुर के आदेश पर पुलिस ने पिता पुत्र सहित तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़िता रेखा पत्नी धर्मवीर ने गत दिनों डीआईजी अभिषेक सिंह को शिकायत कर अवगत कराया कि 18 अप्रैल 2023 को बीमारी के कारण उसके पति धर्मवीर की मृत्यु हो गई थी। उसने बताया कि गांव के निकट उनका करोड़ों रुपये की कीमत का बाग है जो पति की मृत्यु के बाद उनके नाम आ गया था। उसके जेठ तथा उसके पुत्र एवं उनके एक साथी ने पीड़िता की बेटी नेहा की शादी करने में खर्चे को लेकर जमीन पर बैंक से लोन कराने का झांसा देकर उनके आधार कार्ड सहित समस्त कागज ले लिये। करीब 2 सप्ताह बाद जब लोन की रकम के बारे में पूछे जाने कहां कुछ समय बाद तुम्हारे बैंक खाते में आ जायेगी। पीड़िता को कुछ समय बाद जानकारी हुई की उसने कागजों में धोखाधड़ी कर और उसके नाबालिक बेटे हरबंस की जन्म तिथि फर्जी तरीके से दिखाकर उस जमीन का बैनामा करा लिया।

### व्यापारी दुकानों के बाहर सीसीटीवी लगाएं : सीओ



**बेहट।** कोतवाली प्रांगण में व्यापारियों तथा अन्य कस्बे वासियों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, मुख्य बाजारों और अन्य दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए कहा गया। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकार एस एन वैभव पांडेय ने कहा कि सभी व्यापारियों को अपनी-अपनी दुकानों में अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने चाहिये। उन्होंने कहा कि पुलिस का सहयोग करना आप सब की जिम्मेदारी है पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने कहा कि व्यापारियों के साथ साथ कस्बे सहित पूरे क्षेत्र की सुरक्षा करना पुलिस की जिम्मेदारी है। बैठक को मोहम्मद अहमद काजमी,सुधीर कर्णवाल,अनिल सिंघल,वशिष्ठ गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप संयम गुप्ता,तुषांक गर्ग,मोहम्मद इमरान,मोहम्मद जावेद, सत्यम सिंघल,फैजान, परवेज,अहमद अली, तंवर गौरव धीमान,आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### कुत्तों के आतंक से कस्बावासी परेशान



**सहारनपुर।** बेहट कस्बे में पिछले कई महीनों से आवारा कुत्तों की फौज उतरी हुई है। हर गली, हर चौक में आवारा कुत्तों के झुंड दिखाई देते है जो राहगीरों पर हमला करने से भी नहीं चूकते। सबसे बड़ी समस्या छोटे छोटे स्कूली बच्चों के सामने आ रही है, जो सुबह स्कूल जाते समय और छुट्टी के समय दहशत के साए में गुजरते है। कस्बे के लोग पिछले दो महीने से आवारा कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग कर रहे है लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नगर पंचायत की ओर से एक दिन कुछ देर के लिए कुत्ते पकड़वाने का काम किया और सिर्फ 2-4 कुत्ते पकड़कर फोटो खिंचवाकर अपने काम की इतिश्री कर ली।

### स्कील डवलपमेंट सेमिनार का समापन



**सहारनपुर।** जेवी जैन महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत चल रही तीन दिवसीय सेमिनार का आज समापन हुआ महाविद्यालय में गत 3 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक चली सेमि नार में प्रैक्टिकल साक्षात्कार के अंतर्गत कक्षा बी ए प्रथम सेमेस्टर एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई बी ए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की संख्या 936 और बीएससी के छात्र छात्रों की संख्या 37 रही महाविद्यालय में चल रहे योग के इस सेमिनार में योग आचार्य मंजू राणा ने छात्राओं को प्रैक्टिकल के साथ-साथ साक्षात्कार भी दिया योगआचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को योग कराए इसी कड़ी में महाविद्यालय के योग आचार्य सुनील कुमार भी ने सभी प्रकार के योग कराए जैसे सूर्य नमस्कार चंद्र नमस्कार साष्टांग योग प्राणायाम कपालभाती अनुलोम विलोम आदि तथा योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला सभी अनुभवी शिक्षक और शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को नाना प्रकार के ज्ञान से उनके भविष्य को संवारने का प्रयास किया गया साथ ही परीक्षार्थियों को ज्ञान की शक्ति क्या होती है के बारे में भी उदाहरण सहित उनका उत्साह वर्धन कियामहाविद्यालय में तीन दिवसीय सेमिनार में योग गुरु आचार्य सुनील कुमार भीम और योग आचार्य मंजू राणा ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योग बताएं जिससे व्यक्ति स्वस्थ रहे। इस कार्यशाला में प्राचार्य प्रोफेसर वकुल बंसल एवं प्रोफेसर ममता सिंघल, मृत्युंजय विपुल,नारायण शर्मा विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

संगीत सोम ने महमूद मदनी के बयान पर साधा निशाना

# जिहाद को सही बताना खतरनाक

- शादी समारोह में पहुंचे भाजपा के फायर ब्रांड नेता ने दी चेतावनी
- बोले, ऐसे बयान देने बंद न हुए तो उठाने पड़ेंगे कड़े कदम



पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर

भाजपा नेता संगीत सोम ने मौलाना महमूद मदनी द्वारा जिहाद के समर्थन में दिए गए बयान पर गुरुवार रात मुजफ्फरनगर में आयोजित एक विवाह समारोह के दौरान तीखी प्रतिक्रिया दी। सोम ने कहा कि ऐसे बयान समाज में तनाव और गलत संदेश फैलाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की भाषा और बयानबाजी स्वीकार्य नहीं है।

संगीत सोम ने मीडिया से बातचीत में कहा, महमूद मदनी जैसे लोग जिहाद को अच्छा बताते हैं।

यह बीमार कौम के बीमार मौलाना हैं। सोम ने चेतावनी दी कि महमूद मदनी को बताना चाहता हूं कि ऐसे बयान बंद करें, नहीं तो हमें लाठी लेकर लाहौर तक दौड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्न पर स्पष्ट किया कि ऐसे लोग जिहादी हैं और उनकी बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

समाज में ऐसे बयान खतरनाक हैं और इससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित होता है। इसके अलावा, सोम ने रामपुर के सपा सांसद द्वारा महमूद मदनी के बयान का समर्थन किए जाने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ये मेंटली अपसेट लोग हैं। देश और समाज के हित में धर्म और जिहाद जैसे मुद्दों पर गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी से बचना चाहिए।

संगीत सोम ने कहा कि महमूद मदनी जैसी सोच वाले लोग समाज में गलत संदेश फैलाते हैं और उनका प्रचार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को उकसाने वाली चर्चाओं से दूर रहना बेहतर है, ताकि सामाजिक सौहार्द और शांति बनी रहे। संगीत सोम की यह टिप्पणी उस समय आई है, जब देश में धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को लेकर बहस तेज है। उनके बयान में चेतावनी भी शामिल है कि अगर ऐसे बयान जारी रहे तो कड़ा कदम उठाया जाएगा।

## अलग-अलग हादसों में दो की दर्दनाक मौत

- बुढ़ाना मार्ग पर ट्रक ने रिक्शा चालक को कुचला

पायनियर समाचार सेवा। खतौली

शुक्रवार की सुबह खतौली क्षेत्र दो अलग-अलग दर्दनाक हादसों से दहल उठा। बुढ़ाना मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी घटना में जानसठ मार्ग स्थित रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। दोनों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खतौली कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित आलू मील के पास सुबह अचानक तेज रफ्तार से आया ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक पहले बोर्ड, लोहे के खंभे और खड़े वाहनों को तोड़ता हुआ आगे दुकान में जाकर घुस गया। इसी दौरान वहां ई-रिक्शा में बैठे सवारियों का इंतजार कर रहे इस्लामुद्दीन पुत्र नसीर (28 वर्ष), निवासी आलू मील, ट्रक की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। दूसरी घटना जानसठ मार्ग स्थित फ्लाई ओवर के नीचे रेलवे लाइन पर हुई, जहां ट्रैक पार करते समय एक व्यक्ति मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची खतौली और जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर प्रयास के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस को मृतक की जेब से 2 से 3 हजार रुपये मिले, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह खतौली बाजार में खरीदारी के लिए आया होगा। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बच्चों ने मनाया वार्षिकोत्सव, अभिभावक बने मुख्य अतिथि



पायनियर समाचार सेवा। नकुड़

राजकीय हाई स्कूल टाबर में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गयो इसके उपरांत उनको मोमेंटो, मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक शादी राम, विकास, प्रदीप, मोहर सिंह, एवं अन्य को बनाया गया। इस दौरान कक्षा 10 के छात्र जीविका को ऑलराउंडर के रूप में पुरस्कृत किया गयो इसी कक्षा के शिवम को जनपदीय कबड्डी टीम मैं चयनित होने के लिए सम्मानित किया गया` विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्रों को भी सम्मानित किया गयो इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सुंदर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना दिवाकर ने सभी बच्चों को आशीर्वाद एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस ने रोका

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी में एक हाईटेक वाकया सामने आया जिसने महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की हकीकत पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। एक महिला थाने में मिट्टी का तेल लेकर पहुंची और अपने ऊपर तेल डालकर आत्मदाह करने लगी । मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दौड़कर महिला को पकड़ लिया और बड़ी घटना होने से बचा लिया। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसके देवर अनस ने तीन दिन पहले देर रात घर में अकेला पाकर उसके कपड़े फाड़े, नाखूनों से नोंचा और दरिंदगी का प्रयास किया असफल होने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला के अनुसार उसका पति मजदूरी के लिए बाहर रहता है। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपी को पकड़ा जरूर था, लेकिन मोटी रकम लेकर छोड़ दिया। पीड़िता एस.एस.पी ऑफिस जाकर न्याय की गुहार लगा चुकी है पर कार्रवाई न होते देख आज वह अपने बच्चों के साथ थाने में आत्मदाह की नीयत से पहुंच गयी।

## मांगों को लेकर कोटेदारों ने कलक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

- खाद्यान्न, चीनी लाभांश बढ़ाने व मिनिमम इनकम गारंटी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। शामली

जनपद के राशन कोटेदारों ने खाद्यान्न एवं चीनी लाभांश बढ़ाने व मिनिमम इनकम गारंटी की मांग को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर जमकर प्रदर्शन किया तथा समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी न हुई तो 28 जनवरी 2026 को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। कोटेदारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा गया।

शुक्रवार को जनपद के राशन डीलरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एडीएम को देते हुए बताया कि प्रदेश के कोटेदार शासन की मंशानुसार राशन का वितरण करते हैं, साथ ही कोरोना काल में भी कोटेदारों द्वारा प्रधानमंत्री अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क वितरण किया गया। कोटेदार अपने व अपने परिवार के जीवन की परवाह न करते हुए सरकार के दिशा निर्देश में ईपोस मशीन से वितरण किया लेकिन यूपी में कोटेदारों का लाभांश 90 रुपये प्रति कुंतल ही मिलता है जबकि अन्य प्रदेशों जैसे हरियाणा में 200 रुपये प्रति कुंतल, गोवा में 220 रुपये प्रति कुंतल, केरल में 200 रुपये, दिल्ली में 200 रुपये, गुजरात में मिनिमम इनकम गारंटी दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पूरी न की गयी तो 28 जनवरी 2026 को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व विधानसभा के घेराव के लिए मजबूर हो जाएंगे। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष ठा. श्याम सिंह, राजेन्द्र भगत, सलेक वर्मा, सोनू चौहान, सतीश, उदलसिंह, मंजू, नीतू, राजबाला, दयानंद, शिक्षा, देवेन्द्र कुमार, इमरान खान, सीमा, उर्मिला, राममेहर, रणधीर सिंह, सुशील कुमार, शिव कुमार, रितेश, सोहनलाल सहित अन्य कोटेदार मौजूद रहे।

## ब्लैकमेलर किक्की की गिरफ्तारी से फूले नहीं समा रहे पीड़ित

- कोतवाल व पुलिस टीम को फूल मालाओं से लादा
- शॉल ओढ़ाकर जताया आभार, सहयोगियों पर भी कार्रवाई की मांग तेज



पायनियर समाचार सेवा। खतौली

कुख्यात ब्लैकमेलर विनय उर्फ किक्की जैन की गिरफ्तारी ने खतौली में मानो राहत की बौछार कर दी है। वर्षों से ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली से परेशान व्यापारी और आम नागरिक अब पुलिस प्रशासन के साथ मजबूती से खड़े दिखाई दे रहे हैं।

शुक्रवार को जैन समाज, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों ने घंटाघर से एक भव्य जुलूस निकालकर कोतवाली पहुँचकर कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल, सेकेंड कोतवाल कमल किशोर, क्राइम ब्रांच टीम सहित पूरी पुलिस स्टाफ का फूलमालाओं और शॉल ओढ़ाकर जोरदार सम्मान किया। जनता ने कहा कि किक्की जैन की गिरफ्तारी से कस्बे में फैली सालों पुरानी गंदगी का सफाया होना शुरू हो गया है। कार्यक्रम में शामिल व्यापारियों व समाजसेवियों ने बताया कि इस कदम ने नगर में सुरक्षा और न्याय की नई उम्मीद जगाई है। सम्मान समारोह में नीरज अग्रवाल ने कहा, पुलिस ने साहसिक कदम उठाकर पूरे नगर को राहत दी है। अब सर्व समाज ब्लैकमेलरों के खिलाफ एकजुट है। अपराधियों के साथ-साथ उनके गुर्गों पर भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। लोगों ने जोर देकर कहा कि किक्की जैन की ताकत उसके वही लोग थे, जो उसे गुप्त सूचनाएँ देते थे और अवैध वसूली में साथ देते थे। इस दौरान उन सभी की पहचान कर कार्रवाई की माँग लगातार उठती रही। जवाब में कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने आश्वस्त किया कि मुख्य आरोपी के साथ-साथ उसके सहयोगियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की ब्लैकमेलिंग या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मां-बेटे को मारपीट कर किया घायल

**कैराना।** कस्बा के आलाखुर्द में पुराने विवाद को लेकर एक महिला और उसके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता शकीला पत्नी समेदीन ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला आलखुर्द निवासी शकीला ने तहरीर देते हुए बताया कि करीब 12 दिन पहले मेरे पुत्र सद्दाम और अहसान पुत्र हासिम के बीच रिश्तेदारी को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके चलते दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते गत 28 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे मेरा पुत्र मुकीम घर के बाहर खड़ा था तभी अहसान, जुनैद और जुबैर पुत्रगण हासिम लाठी-डंडों से लैस होकर आए और मुकीम पर एक राय होकर हमला कर दिया।

चीख-पुकार सुनकर रिहान पुत्र इस्तकार और मोहसीना बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि जब वह बचाव के लिए आगे आई, तो आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकत की और बुरी तरह मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। हमले में शकीला और मुकीम को गंभीर चोटें आईं।

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में दबंग आरोपी गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर

- फायरिंग के मास्टर के पैरों में लगी गोली

तितावी पुलिस ने गुरुवार रात देर मुठभेड़ में दबंग अनुराज को दोनों पैरों में गोली लगने के बाद घायल कर दिया, साथ ही उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी लंबे समय से फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देकर कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे थे। पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी तिरपड़ी कट से बघरा जाने वाले रास्ते पर स्कॉर्पियो और बिना नंबर की आई-20 खड़ी दिखाई दी। पुलिस के पास आने पर कार सवार लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में घायल हुए अनुराज निवासी दतियाना थाना छपार थे। उनके दो साथी पारस सहारावत निवासी जड़ौदा और निखिल निवासी मखियाली को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से पिस्टल, दो तमंचे, स्कॉर्पियो और आई-20 गाड़ी बरामद की गई। एसपी बंसल ने बताया कि अनुराज पर 15 हजार रुपये का ईनाम था। आरोपी लंबे समय से दबंग प्रवृत्ति के हैं और कई बार फायरिंग, अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

मुजफ्फरनगर में 78.73 प्रतिशत एसआईआर पूरा, नामावली को त्रुटिरहित बनाने के लिए घर-घर अभियान होगा तेज

# डीएम ने दी तहसीलवार जानकारी, जनता से मांगा सहयोग

- बोले, हर पात्र मतदाता का नाम दर्ज करें बीएलओ



पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने विकास भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कुल 78.73 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि विधान सभा बुढ़ाना में 82.60, चरथावल में 80.35, पुरकाजी में 78.19, मुजफ्फरनगर में 67.93, खतौली में 82.65 और मीरापुर में 81.20 प्रतिशत कार्य संपन्न हो चुका है।जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में शत-प्रतिशत दर्ज करना और इसे पूर्णतः त्रुटिरहित व अद्यतन बनाना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, खंड विकास कार्यालयों, तहसीलों और कलक्ट्रेट में हेल्प डेस्क और कैम्प स्थापित किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे गणना प्रपत्र भरकर जमा करें, तथा बीएलओ/ सुपरवाइजर द्वारा किए जा रहे सत्यापन में पूरा सहयोग करें। उन्होंने यह भी बताया कि राजनैतिक दलों ने प्रत्येक बूथ पर बीएलए तैनात कर एसआईआर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद की है। साथ ही, जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वे जन-जागरूकता अभियान का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ, ताकि शत-प्रतिशत पंजीकरण और स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने जनता से अनुरोध किया कि मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट या अनुपस्थित मतदाताओं के संबंध में किसी भी सूचना या आपत्ति की जानकारी समय पर दें, ताकि आवश्यक सुधार किए जा सकें। वार्ता के दौरान एडीएम प्रशासन संजय सिंह भी मौजूद रहे।

### सपा ने लगाया एसआईआर पीडीए प्रहरी कैंप

**सहारनपुर।** वार्ड 68 के पार्षद हाजी इमरान सैफी के कार्यालय पर पीडीए प्रहरी कैंप लगाया गया जिसमें अली अग्रहाण व अन्य क्षेत्रों के लोगों के वोट के एसआईआर फॉर्म भरें गए और 2003 लिस्ट से संबंधित जितनी जानकारी थी सब उपलब्ध कराई गई कैंप में वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने जाकर अपनी टीम के साथ कैंप में लोगों के फॉर्म भरने का कार्य किया और कहा किसी भी व्यक्ति का वोट नहीं कटने दिया जाएगा 11 दिसंबर से पूर्व सभी को अपने बीएलओ को फॉर्म जमा करने हैं फॉर्म भरने में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर पार्षद इमरान सैफी या अन्य किसी मजबूत पार्षद से आप संपर्क कर सकते हैं। पार्षद इमरान सैफी ने कहा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को जो निर्देश है उनका पूरी जिम्मेदारी से पालन किया जाएगा।




## वीवी इंटर कॉलेज में पूर्व सैनिकों के लिए कैंटीन का शुभारंभ

- नगर पालिका चेयरमैन ने काटा फीता, पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को किया सम्मानित
- कैंटीन का शुभारंभ होने से पूर्व सैनिकों को मिलेगी काफी सुविधाएं



पायनियर समाचार सेवा। शामली

शहर के वीवी इंटर कालेज में शुक्रवार को पूर्व सैनिकों के लिए कैंटीन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

शुक्रवार को शहर के वीवी इंटर कालेज में पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए सीएसडी कैंटीन कार्यालय का शुभारंभ किया गया। कैंटीन का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने फीता काटकर किया। पालिका चेयरमैन ने पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को मैडल पहनाकर सम्मानित भी किया। मेरठ से आए 75 मिडियम रेजीमेंट के नायब सूबेदार रविन्द्र सिंह व उनकी टीम ने कैंटीन का वितरण किया। कैंटीन के शुभारंभ पर पूर्व सैनिकों ने सभी का आभार जताया। वक्ताओं ने कहा कि कैंटीन का शुभारंभ होने से पूर्व सैनिकों को काफी सुविधा मिलेगी। पिछले काफी समय से पूर्व सैनिक शामली में कैंटीन की मांग कर रहे थे। कैंटीन का शुभारंभ होने पर सभी ने खुशी का इजहार किया तथा कैटीन से सामान की भी खरीददारी की। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, कालेज प्रधानाचार्य एसके आर्य, प्रबंधक संजय संगल, कैप्टन रजनीश कोरी, रामपाल सिंह, विजयपाल सिंह, विनय मलिक, विदेश मलिक, नरेन्द्र सिंह, ब्रजपाल, सत्यप्रकाश शर्मा सहित अन्य पूर्व सैनिक भी मौजूद रहे।

## ब्रांड यूपी की पहचान बनने के बाद अब लॉन्च होगा ओडीओपी 2.0

# ओडीओपी योजना को विस्तार देना समय की मांग: मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ब्रांड उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी 'एक जनपद- एक उत्पाद योजना' अब अपने अगले चरण ओडीओपी 2.0 टू के माध्यम से स्थानीय उद्योग, स्वरोज़गार और निर्यात को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक बाजार, आधुनिक मांग, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता और पैकेजिंग की नई आवश्यकताओं को देखते हुए ओडीओपी को अब और अधिक व्यापक, व्यावसायिक और परिणामोन्मुखी स्वरूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है। ओडीओपी 2.0 के माध्यम से सरकार का लक्ष्य होगा कि प्रदेश के पारंपरिक उत्पाद बड़े बाज़ार, निर्यात और स्थायी रोजगार का मजबूत आधार बनें।

शुक्रवार को इस संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जनपद की विशिष्ट खाद्य परंपरा को भी एक संगठित पहचान देने की दिशा में 'एक जनपद-एक व्यंजन' (ओडीओसी) की अवधारणा को साकार करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ी हुई है। प्रदेश के हर क्षेत्र में खान-पान की कुछ न कुछ विशिष्ट परंपरा है। कहीं हलवा अच्छा है तो कहीं दालमोठ। उन्होंने कहा कि हर जिले के विशेष व्यंजनों की मैपिंग कर उनकी गुणवत्ता, स्वच्छता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन को सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ओडीओपी' और 'ओडीओसी' मिलकर उत्तर प्रदेश को 'लोकल से ग्लोबल' की दिशा में नई गति देंगे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018 में प्रारंभ ओडीओपी योजना आज उत्तर प्रदेश के निर्यात और स्थानीय उद्योगों की रीढ़ बन चुकी है। अब तक 1.25 लाख से अधिक टूलकिट वितरित किए जा चुके हैं, 06 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण हो चुका है और 08 हजार से अधिक उद्यमियों को प्रत्यक्ष विपणन सहायता दी गई है।

प्रदेश में तीस साझा सुविधा केंद्र स्वीकृत किए गए हैं और 44 ओडीओपी उत्पादों को अब तक जियो टैग प्राप्त हो चुके हैं। ओडीओपी उत्पाद आज प्रतिष्ठित ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं और राज्य के कुल निर्यात में इनका योगदान पचास प्रतिशत से अधिक है। ओडीओपी को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है। मुख्यमंत्री ने ओडीओपी 2.0 को लेकर कहा कि यह अब केवल एक योजना नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार, स्थानीय उद्यम और निर्यात को नई ऊँचाई देने का सशक्त माध्यम बने। उन्होंने कहा कि अब उन इकाइयों और उद्यमियों को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिन्होंने पहले चरण में उत्कृष्ट कार्य किया है, ताकि वे अपने व्यवसाय का और विस्तार कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं को इस तरह आगे बढ़ाया जाए कि तकनीक, पैकेजिंग, गुणवत्ता और बाजार सहित चारों मोर्चों पर उत्तर प्रदेश के उत्पाद सशक्त रूप में स्थापित हों।

बैठक में यह भी बताया गया कि ओडीओपी से जुड़े कॉमन फैसिलिटी सेंटरों को अब और अधिक उपयोगी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कॉमन फैसिलिटी सेंटरों के साथ विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि छोटे उद्यमियों को तकनीकी परामर्श, डिज़ाइन, पैकेजिंग और उत्पादन से जुड़ा पूरा सहयोग एक ही स्थान पर सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ओडीओपी उत्पादों को केवल पारंपरिक बाजारों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें बड़े रीटेल नेटवर्क और आधुनिक बाजारों से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित हो रहे यूनिटी मॉल में ओडीओपी के समर्पित केंद्र बनाए जाएं। साथ ही सभी प्रतिष्ठित रीटेल नेटवर्क के साथ संवाद कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वहां उत्तर प्रदेश के उत्पाद प्रमुख रूप से प्रदर्शित हों। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि ओडीओपी उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान को और सुदृढ़ करने के लिए उन्हें प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से प्रमाणन और ब्रांड मूल्य प्रदान किया जाएगा, जिससे वैश्विक बाजार में उत्तर प्रदेश के उत्पाद विशिष्ट पहचान बना सकें।

# पडरौना: 12 से दौड़ेगी नई छपरा-अमृतसर एक्सप्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### यूपी में रेलवे विकास को नई गति

केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में बताया कि पडरौना पहले से ही गोरखपुर जंक्शन और थावे जंक्शन के माध्यम से राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ा हुआ है, जहां वर्तमान में 4 जोड़ी मेल, एक्सप्रेस तथा 4 जोड़ी पैसेंजर रेलगाड़ियां संचालित हो रही हैं, जो दिल्ली, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, मथुरा, जयपुर, अजमेर, अहमदाबाद और पटना जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ती हैं। यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए 12 दिसंबर से 15135/36 छपरा-अमृतसर एक्सप्रेस का पडरौना में ठहराव शुरू किया जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए गोरखपुरझवाल्मिकीनगर दोहरीकरण (96 किमी) और छितौनी-तमकुही रोड नई रेल लाइन (63 किमी) जैसी बड़ी परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं। रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने राज्य सभा में जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2020-21 से 2025-26 के दौरान भारतीय रेल पर कुल 2,617 किलोमीटर लंबाई की 21 मीटर गेज से ब्रॉड गेज रूपांतरण परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 19,485 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, क्षेत्रीय संपर्क और जिला मुख्यालयों को महानगरों से जोड़ने के उद्देश्य से 755 किलोमीटर लंबाई की 18 अतिरिक्त ब्रॉड गेज परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं, जिनकी लागत 8,273 करोड़ है। इन परियोजनाओं से देशभर में रेल संपर्क, यात्री सुविधा और माल ढुलाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने राज्य सभा में जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2020-21 से 2025-26 के दौरान भारतीय रेल पर कुल 2,617 किलोमीटर लंबाई की 21 मीटर गेज से ब्रॉड गेज रूपांतरण परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 19,485 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, क्षेत्रीय संपर्क और जिला मुख्यालयों को महानगरों से जोड़ने के उद्देश्य से 755 किलोमीटर लंबाई की 18 अतिरिक्त ब्रॉड गेज परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं, जिनकी लागत 8,273 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं से देशभर में रेल संपर्क, यात्री सुविधा और माल ढुलाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यूपी में रेलवे अवसंरचना विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। वर्ष 2009-14 में जहां औसतन 1,109 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का बजट आवंटन था, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 19,858 करोड़ तक पहुंच गया है, जो लगभग 18 गुना वृद्धि को दर्शाता है। नए रेलपथ निर्माण की गति भी दोगुने से अधिक हो गई है–2009-14 में जहां 996 किमी रेललाइन (199 किमी प्रतिवर्ष) कमीशन हुई थी, वहीं 2014-25 के दौरान 5,272 किमी रेललाइन (औसतन 479 किमी प्रतिवर्ष) कमीशन की गई।



लखनऊ प्राणि उद्यान में फुर्सत के क्षणों में कुछ इस अंदाज में जोर आजमाइश करता टाइगर फोटो-बलराम

# एसआईआर का आंकड़ा प्रकाशित करे बीएलओ पर जानलेवा दबाव न डाला जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अब तक हुए काम को प्रकाशित करने और यह सुनिश्चित करने की मांग की कि बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर 'जानलेवा दबाव' न डाला जाए।

यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मांग की कि राज्य में एसआईआर का जितना भी काम हुआ है, उसका आंकड़ा प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कहा, "बीएलओ पर जानलेवा दबाव हटाकर अतिरिक्त अधिकृत लोगों को समयावधि के अनुरूप इस काम पर लगाया जाए।'' यादव ने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि सत्ताधारियों के दल और उनके संगी-साथी पिछले दरवाज़े से इस काम में अब नहीं हैं और न आगे कभी होंगे।

सपा प्रमुख ने मांग की, "इस बात की पक्की जांच-पड़ताल हो कि हर विधानसभा में पीडीए समाज के कितने लोगों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश की जा रही है, हर हाल में इसे होने से रोका जाए।''

# अत्याधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल कर सुदृढ़ सुशासन दे रही सरकार

- त्रिनेत्र 2.0 और स्मार्ट मॉनिटरिंग से कानून व्यवस्था हुई मजबूत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार सुशासन के अपने मॉडल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तेजी से उन्नत तकनीकों को माध्यम बना रही है। कानून व्यवस्था को मजबूत करने और न्याय प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए सरकारी तंत्र में डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित समाधानों का दायरा लगातार विस्तृत और समृद्ध हो रहा है। इसका उद्देश्य अपराध नियंत्रण से लेकर न्याय की प्रक्रिया तक की दक्षता में वृद्धि करना है। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के उद्घाटन के दौरान कहा भी था कि ''अब प्रदेश में अपराधी के बचने का कोई रास्ता नहीं बचेगा। फोरेंसिक जांच अपराध की कड़ी को मिनटों में उजागर कर देगी और हर गंभीर मामले में वैज्ञानिक साक्ष्य निर्णायक भूमिका निभाएंगे''।

राज्य पुलिस प्रणाली को स्मार्ट तथा अधिक सक्षम बनाने के लिए सरकार ने त्रिनेत्र 2.0 के रूप में एक नया उन्नत डिजिटल डेटाबेस तैयार किया है। यह एक एआई एन्हांस्ड प्लेटफॉर्म है, जिसमें पुलिस रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित और व्यवस्थित किया जाता है। यह सिस्टम अपराधियों की पहचान और उनके इतिहास को समझने के काम को त्वरित और सटीक बनाता है। त्रिनेत्र फेशियल रिकग्निशन वॉइस आइडेंटिफिकेशन और टेक्स्ट बेस्ड क्वेरी जैसी आधुनिक तकनीकों के जरिए पुलिस को संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने में मदद मिलती है। इससे क्राइम के जांच की गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जुलाई 2023 से प्रदेश के समस्त जनपदों में ऑपरेशन त्रिनेत्र प्रारम्भ किया गया, जिसके अन्तर्गत महत्वपूर्ण चौराहों, संवेदनशील स्थानों, हॉटस्पॉट, बैंक, स्कूल, कॉलेज, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, धार्मिक स्थल, मोबाइल टॉवर, पेट्रोल पम्प, ढाबा आदि स्थानों पर नागरिक स्वयंसेवी सस्थाओं के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी थी और 2025 की शुरुआत तक ही तक प्रदेश के समस्त थानों में चिन्हित स्थलों पर 11,07,782 सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन कर दिया गया है। और इसी का परिणाम है कि 2025 की शुरुआत तक ही त्रिनेत्र के माध्यम से डकैती, लूट सहित अन्य गम्भीर कुल 5,718 घटनाओं का सफल अनावरण किया गया। जेल प्रशासन को स्मार्ट बनाने की दिशा में भी योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राज्य की जेलों में एआई पावर्ड वीडियो एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म लागू किया गया है जो बंदियों की गतिविधियों पर रियल टाइम नजर रखने में सक्षम है। इसके माध्यम से किसी भी संदिग्ध हरकत या संभावित जोखिम की पहचान तुरंत हो जाती है जिससे जेल सुरक्षा में प्रभावी सुधार आया है। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न जेलों की स्थिति को रियल टाइम में मॉनिटर कर सकते हैं और आवश्यक निर्देश तत्काल जारी कर सकते हैं। गोरखपुर में फोरेंसिक साइंस लैब के उन्नयन के बाद जांच एजेंसियों की वैज्ञानिक जांच क्षमता में भी उल्लेखनीय विकास हुआ है। अत्याधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित विशेषज्ञों से लैस इस लैब ने अपराध जांच की गुणवत्ता को नई ऊंचाई दी है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि आधुनिक फोरेंसिक तकनीकें अपराधों की सटीक और वैज्ञानिक जांच सुनिश्चित करती हैं और यही कारण है कि प्रदेश भर में फोरेंसिक और इन्वेस्टिगेटिव क्षमताओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन सभी पहल का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में सुशासन की ऐसी प्रणाली विकसित करना है, जिसमें पारदर्शिता दक्षता और तकनीकी सशक्तिकरण केंद्र बिंदु में हो। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की यह रणनीति प्रदेश को एक सुरक्षित कानून आधारित और तकनीक संचालित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

# पूर्वांचल की बदली तस्वीर, धार्मिक-क्लस्टर से औद्योगिक-क्लस्टर का सफर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### 15,000 से अधिक लोगों को रोजगार का आधार, वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में योगदान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूर्वांचल में विकास और समृद्धि का जो अभियान शुरू हुआ था, अब वह जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। वाराणसी और आसपास के जिलों में धार्मिक-पर्यटन के साथ-साथ औद्योगिक और लॉजिस्टिक क्षेत्रों में भी तेज प्रगति हो रही है। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में पूर्वांचल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। 2017 से पहले पूर्वांचल को माफियाओं और पिछड़ेपन के लिए जाना जाता था लेकिन मुख्यमंत्री योगी की नीतियों ने इसे विकास का रोल मॉडल बना दिया है।

पूर्वांचल आजादी के बाद से ही विकास के मामले में उपेक्षित रहा है। 2017 में उत्तर प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद सीएम योगी ने पूर्वांचल में विकास के लिए व्यापक रणनीति बनाई। प्रदेश सरकार के अनुसार वर्तमान समय में वाराणसी में 48 चालू परियोजनाएं क्रियान्वित हैं। इसमें से 1,180.95 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इन परियोजनाओं से 3,472 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। आगे 48 नई औद्योगिक परियोजनाएं और स्वीकृत की गई हैं जिनमें 5,702.18 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं से 12,110 रोजगार सृजित होने का अनुमान है। इस प्रकार कुल मिलाकर 15 हजार से अधिक रोजगार बनने का आधार तैयार हो चुका है। वाराणसी और पूर्वांचल क्षेत्र में औद्योगिक विकास की गति तेज हो गई है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वाराणसी एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर के चौधरी ने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। इसमें निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नीतियों और सुविधाओं का विकास शामिल है। प्रदेश सरकार वाराणसी और पूर्वांचल क्षेत्र को देश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग और उद्योगपति सरकार के प्रयासों से प्रसन्न हैं। औद्योगिक विकास में रोड, ट्रेन और एयर कनेक्टिविटी का सीधा लाभ मिल रहा है। वाराणसी और पूर्वांचल के जिलों में उद्योग, लॉजिस्टिक्स और भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। औद्योगिक इकाइयों, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र-उद्योग, घरेलू उत्पादों और हस्तकला आधारित इकाइयों को बढ़ावा दिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों को भूमि, विद्युत, परिवहन और अनुमति प्रक्रियाओं में सरलता देने से निवेशकों का झुकाव पूर्वांचल की ओर बढ़ा है।

## टहलने निकले व्यवसायी की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

चंदौली। पांच दिसंबर (भाषा) चंदौली जिले के सकलडीहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के टहलने निकले एक व्यवसायी की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सकलडीहा की पुलिस क्षेत्राधिकारी स्नेहा तिवारी के अनुसार, तुलसी आश्रम कस्बे के निवासी और स्थानीय व्यापारी उमाशंकर मौर्य (62) रोजाना की तरह सुबह करीब पांच बजे टहलने निकले थे। अमड़ा-सकलडीहा रोड पर स्टेशन से आगे बढ़ते ही गांव के ही बृजेश यादव (30) ने उन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

## बीएलओ के रूप में तैनात प्रधानाध्यापिका की दिल का दौरा पड़ने से मौत, जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अलीगढ़

अलीगढ़ जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के लिए बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के रूप में तैनात प्राथमिक विद्यालय की 59 वर्षीय प्रधानाध्यापिका की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। उनके परिवार और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानाध्यापिका साधना वर्मा का बृहस्पतिवार को उनके घर में निधन हो गया। उन्हें चार नवंबर को शुरू हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास के लिए तैनात किया गया था। उनके परिवार ने बताया कि उन्होंने हेवतपुर फगोई गांव में बीएलओ संबंधी अपने सभी कर्तव्यों को बिना किसी समस्या के निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया था। उनके बेटे चेतन ने आरोप लगाया कि वर्मा लंबे समय से भारी दबाव में थीं। वह अपनी बीएलओ संबंधी जिम्मेदारियों के कारण नहीं बल्कि अन्य समस्याओं के कारण परेशान थी। वह सेवानिवृत्ति के करीब थी इसलिये उन्हें परेशान किया जा रहा था। उन्होंने दावा कियाउनकी समस्याएं बीएलओ के रूप में उनके काम से संबंधित नहीं थीं बल्कि मुख्य रूप से उनके उप-प्राचार्य और राज्य शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न के कारण थीं, जिन्होंने उन्हें बार-बार किसी न किसी बहाने से परेशान किया।

## अज्ञात लोगों ने बोर्ड पर कालिख पोतकर गांव का नाम 'अकबरपुर' की जगह 'रघुवरपुर' कर दिया

मथुरा। मथुरा जनपद में कुछ अज्ञात लोगों ने दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव के नाम अकबरपुर को दर्शाने वाले बोर्ड पर कालिख पोतकर नया नाम 'रघुवरपुर' लिख दिया। घटना का पता चलने पर पुलिस जांच में जुट गई है। अधिकारियों ने कहा कि ऐसा लगता है कि इस घटना का संबंध बागेश्वर धाम के कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की उस टिप्पणी से है जिसमें उन्होंने 'अकबरपुर' नाम के गांव को दर्शाने वाले बोर्ड के दिखने का जिक्र करते हुए कथित तौर पर सुझाया था कि अब नाम को 'रघुवरपुर' कर दिया जाना चाहिए। सात नवंबर से 16 नवंबर के बीच दिल्ली से वृन्दावन तक निकाली गई पदयात्रा के समापन पर लोगों को संबोधित करने के दौरान कथावाचक ने यह टिप्पणी की थी।

## अखण्ड आर्यावर्त आर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी नजरबंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के तत्वावधान में कल छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि में देहरी पूजन एवं शौर्य दिवस में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले आज राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी सहित संगठन के कई पदाधिकारियों को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया। प्रदेश सरकार के निर्देश पर पुलिस प्रशासन के इस क़दम की निन्दा करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि संगठन कार्यकर्ता कल श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर पहुंच कर देहरी पूजन कर शौर्य दिवस जरूर मनायेंगे। मालूम हो कि अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने कल छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि में देहरी पूजन एवं शौर्य दिवस कार्यक्रम के आयोजन की घोषणा की थी और जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी को कार्यकर्ताओं के साथ छह फरवरी को मथुरा के लिए कूच करना था। इससे पहले आज सुबह पुलिस प्रशासन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के कुर्सी रोड स्वाथित आवास पर पहुंच कर घेराबंदी कर राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी को नजरबंद कर दिया। बताया जा रहा है कि संगठन के कई पदाधिकारियों को प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया है ताकि श्रीकृष्ण जन्मभूमि में आयोजित होने वाले देहरी पूजन के साथ शौर्य दिवस कार्यक्रम को विफल किया जा सके।

# 2047 तक स्वच्छता का पर्याय बनेगा उत्तर प्रदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## योगी आदित्यनाथ की सरकार बना रही रोडमैप

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार राज्य की आबोहवा को वर्ष भर शुद्ध रखने के लिए मास्टर प्लान पर काम कर रही है। इसके अंतर्गत वर्ष 2047 तक राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में सालभर एक्यूआई 'गुड' श्रेणी में रखने को लेकर कार्ययोजना पर काम हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि यूपी के नगरीय क्षेत्र भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक रहने योग्य, निवेश के लिए आकर्षक तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित बनें। योगी सरकार मानती है कि स्वच्छ वायु, स्वच्छ सड़कें तथा हरित आवरण युक्त अवसंरचना विकास राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का आधार बनते हैं। ऐसे में, उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरणीय दृष्टि से उन्नत राज्य बनाने के लिए व्यापक रोडमैप पर काम हो रहा है।

विजन 2047 के अंतर्गत योगी आदित्यनाथ की सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश सभी नगरीय क्षेत्रों का औसत एक्यूआई वर्ष भर 'गुड' श्रेणी में बना रहे। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि खराब वायु गुणवत्ता सीधे नागरिकों के श्वसन तंत्र को प्रभावित करती है तथा बीमारियों का बोझ बढ़ाती है। स्वच्छ आबोहवा से स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ेगा, अस्पतालों पर दबाव घटेगा और कार्यक्षमता बढ़ेगी। यह भी एक तथ्य है कि निवेशक उन नगरीय क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हैं जहां वायु गुणवत्ता लगातार बेहतर रहती है, इसलिए प्रदेश सरकार एक व्यापक रोडमैप के निर्माण के जरिए इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रोडमैप तैयार कर रही है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा।

**सी एंड डी कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण पर कड़ाई:** निर्माण तथा ध्वस्तीकरण कचरा जिसे सी एंड डी वेस्ट (कंस्ट्रक्शन एंड डिस्ट्रक्शन वेस्ट भी कहा जाता है) अक्सर शहरों में धूल व अव्यवस्था बढ़ाता है। इसे नियंत्रित करने के लिए योगी सरकार द्वारा नगर स्तरीय कलेक्शन और रीसाइक्लिग नेटवर्क स्थापित किए जा रहे हैं। निर्माण स्थलों पर ऑन-साइट डस्ट कंट्रोल उपाय न केवल अनिवार्य होंगे बल्कि पर्यावरण समावेशी मानकों का भी कड़ाई से पालन करना होगा वरना जुर्माने की कार्रवाई भी हो सकेगी। यह प्रणाली न केवल धूल प्रदूषण को कम करेगी बल्कि कचरे का पुनर्चक्रण बढ़ाकर निर्माण क्षेत्र को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाएगी। इससे शहरों की स्वच्छता तथा संसाधनों के संरक्षण दोनों में सुधार होगा।

योगी आदित्यनाथ की सरकार शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण को 33 प्रतिशत तक बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। इसके तहत मियावाकी वन, ग्रीनरी बफर जोन तथा हरित पट्टियां विकसित की जाएंगी। हरित क्षेत्रों में वृद्धि से प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों का तापमान नियंत्रित रहेगा, कार्बन अवशोषण बढ़ेगा तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में सहायता मिलेगी। यह कदम शहरों को अधिक रहने योग्य और पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित बनाएगा। योगी आदित्यनाथ की सरकार पूरे प्रदेश में स्मार्ट एयर मॉनिटरिंग सेंसर लगाने की कार्ययोजना पर भी काम कर रही है, जिसके जरिए निकट भविष्य में नागरिकों को रियट टाइम में एक्यूआई की जानकारी उपलब्ध करायी जा सकेगी।

### डस्ट-फ्री कॉरिडोर के विकास पर जोर

प्रदूषण में सड़कों पर उड़ने वाली धूल बड़ी चुनौती बनती है। ऐसे में, सड़कों का वैश्विक मानकों अनुरूप प्रॉपर कैरियेज-वे व पेवमेंट निर्धारण के जरिए इस समस्या को दूर करने की कोशिश की जाएगी। यही कारण है कि प्रदेश सरकार शहरी सड़कों को 100 प्रतिशत स्थायी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रमुख एवं आवासीय सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपिंग की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इतना ही नहीं, योजना के अनुसार हाई-ट्रैफिक कॉरिडोर पर डस्ट-फ्री मार्ग विकसित किए जाएंगे जिससे धूल के कण हवा में न फैलें। इससे न केवल वायु प्रदूषण कम होगा बल्कि धूल के कारण होने वाली दुर्घटनाएं भी घटेंगी तथा यातायात अधिक सुरक्षित होगा।

# बोगस फर्म बनाकर 10.77 करोड़ की जीएसटी चोरी

## काठमांडू घूमकर आए 3 दोस्त शाहजहांपुर में गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर



पुलिस ने जीएसटी की बोगस फर्म बनाकर 10 करोड़ 77 लाख रुपए की कर चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गौरव यादव और दीपक दिल्ली, सिद्धार्थ पांडेय प्रयागराज का रहने वाला है। आरोपी ने लग्जरी लाइफ जीने के 35 लाख रुपए कीमत की कार खरीदी और उससे अपने घूमकर अपने शौक पूरे करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 200 फर्जी रेंट एग्रीमेंट, 39 पैन कार्ड कापी, फर्जी नोटरी मोहर समेत कई दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

दरअसल, जीएसटी विभाग की तरफ से शाहजहांपुर में जीएसटी कर चोरी की एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद शाहजहांपुर एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देश पर जीएसटी कर चोरी करने वालों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। पुलिस ने कर चोरी करने वाले गौरव यादव जो दिल्ली का रहने वाला है। उसको गिरफ्तार किया है।

### असल में नहीं करते कोई खरीदारी, लगाते हैं फर्जी बिल

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि असल में कोई भी सामान व्यापारियों को नही दिया जाता है। फर्जी बिल जीएसटी पोर्टल पर अपलोड किए जाते हैं। जिसमे जीएसटी पोर्टल पर व्यापारी की आईटीसी दिखाई देने लगती है। इसी तरह करोड़ों रुपए के फर्जी बिल के माध्यम से आईटीसी पास हो जाती है।कुछ व्यापारी असली माल खरीदे बिना फर्जी बिलो के आधार पर आईटीसी ले लेते हैं। जिसमे उनकी टैक्स लायबिलिटी कम हो जाती है। कुछ व्यापारी अटना टर्नओवर नकली बिलो से ज्यादा दिखाते हैं। जिससे बैंक लोन में ज्यादा फायदा मिलता है और सप्लायर की क्रेडिट सीमा ज्यादा हो जाती है। इसी तरह धोखाधड़ी कर लाभ प्राप्त करते हैं। व्यापारियों से अच्छा कमीशन मिल जाता है। आरोपियों के अनुसार, हम लोग बिना आईडी के सिम बेचने वालों से एक्टिवेट सिम अधिक रुपए देकर खरीद लेते हैं। उसे जीएसटी की फर्जी फर्म बनाने, बैंक खाता खुलवाने में इस्तेमाल करते हैं। आरोपियों के मुताबिक उनके इस कार्य में कुछ बैंक कर्मी भी मदद करते हैं। अब तक जो फर्जी जीएसटी आईडी बनाई गई है उसमे पढ़ने वाले बच्चों, नौकरी करने वाले और बस के चालक या परिचालक की हैं। पुलिस के अनुसार, जीएसटी कर चोरी करने के मामले में कई व्यापारी उनकी रडार पर हैं। जो इन आरोपियों की बोगस फर्म का इस्तेमाल कर कर चोरी में शामिल हैं। आरोपी इसी कार से कुछ दिन पहले नेपाल के काठमांडू घूमने गए थे। वहां पर इस कार से एक्सीडेंट हुआ था लेकिन वह वहां निकल आए थे। इसी तरह आरोपी जीएसटी कर चोरी कर अपनी लग्जरी लाइफ जीते थे।

तीनों आरोपी आपस में दोस्त

आरोपी गौरव बीए पास है और उसने लग्जरी लाइफ जीने के लिए पत्नी के नाम 35 लाख रुपए कीमत की कार खरीदी थी। दूसरा आरोपी सिद्धार्थ पांडेय प्रयागराज का रहने वाला है जो 12वीं पास और तीसरा आरोपी दीपक दिल्ली का रहने वाला है जो सातवीं पास है। तीनों दोस्त हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को लोन दिलाने का विज्ञापन देते है। जो लोग हमसे लोन प्राप्त करने के लिए संपर्क करते हैं। हम उनके वॉट्सऐप पर बात करते हैं। हम लोग उनसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली का बिल धोखाधड़ी कर हासिल कर लेते हैं। फिर उनसे फर्जी हस्ताक्षर बनवाकर फर्जी रेंट एग्रीमेंट तैयार करके उनको असली के रूप में प्रयोग कर बोगस जीएसटी फर्म बनाते हैं। फिर उन फर्म के नाम पर बैंकों में करंट अकाउंट खुलवाते हैं। फर्जी जीएसटी बोगस फर्मों का हम लोग एक चैन बनाते हैं। ताकि हम लोग जीएसटी अधिकारियों के पकड़ में न आएं। और इन फर्जी फर्मों में जीएसटी 2ए में खरीद दिखाकर टैक्स बनाया जाता है। और आर-1 में फर्जी बिल बनाकर बिक्री दिखाकर उस टैक्स को असली व्यापारी को फायदा पहुंचाया जाता है।

# मिशन शक्ति फेज-05 के अंतर्गत एक दिन के लिए प्रिंसिपल के रूप में छात्रा का चयन

पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर



बी.एन.के.बी. पी.जी. कॉलेज, अकबरपुर में मिशन शक्ति फेज-05 के तहत छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, निर्णय-योग्यता एवं प्रशासनिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से ''एक दिन की प्रिंसिपल'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष पहल के अंतर्गत कॉलेज की प्रतिभावान छात्रा आंचल मिश्रा बी.एड प्रथम वर्ष को एक दिन के लिए प्रिंसिपल का दायित्व प्रदान किया गया।कार्यक्रम के दौरान चयनित छात्रा ने सेमिनार हाल में संबोधन दिया तथा कॉलेज की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना तथा संबंधित प्रकोष्ठों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कॉलेज की प्राचार्या प्रो.शुचिता पांडेय ने बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना तथा उन्हें नेतृत्व की मुख्यधारा से जोड़ना है। ऐसी पहल से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होती हैं। कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति समिति के प्रभारी सुमित्रा पटेल एवं सदस्यों के दिशा निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक, सभी प्रकोष्ठों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## किसानों को दिलाई गई मिट्टी संरक्षण की शपथ

भीटी, अंबेडकरनगर। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के कृषि विज्ञान केंद्र पाती, अंबेडकरनगर में विश्व मृदा दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. राम जीत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए किसानों को मिट्टी की सेहत, संरक्षण और सतत उपयोग के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी न केवल खाद्यान्न उत्पादन का आधार है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और जलवायु संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक संसाधन है। यही कारण है कि मिट्टी को जीवित संसाधन समझते हुए उसका संरक्षण प्रत्येक किसान का दायित्व बन जाता है।

# एसपी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली



पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर आयोजित साप्ताहिक परेड में सलामी ली। परेड निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस बल को दौड़ कराई तथा टोलीवार परेड ड्रिल का जायजा लेते हुए आरक्षियों को ड्रिल संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। परेड के बाद उन्होंने यूपी-112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण करते हुए हेडलाइट, हूटर, इंडिकेटर, फर्स्ट एड किट सहित सभी आवश्यक उपकरणों को मानक के अनुरूप रखने और उनकी देखरेख व सफाई सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश जारी किए। इसके उपरांत एसपी ने क्वार्टर गार्ड एवं शस्त्रागार का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षणरत आरक्षी रंगरूटों की तैयारी का भी जायजा लेते हुए उन्हें अनुशासन, दक्षता एवं प्रशिक्षण गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। साप्ताहिक परेड के बाद पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की जांच की गई तथा उन्हें अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के लिए आदेशित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसआईआर अभियान के तहत तेजी से हो रहा है मतदाता पुनरीक्षण कार्य



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विगत चार नवम्बर से मतदाता पुनरीक्षण कार्य का पूरे भारतवर्ष मे अभियान चलाया जा रहा है जो कि आगामी ग्यारह दिसम्बर तक बृहद अभियान चलाकर किया जाना है। जिसके तहत लखीमपुर ब्लाक व तहसील क्षेत्र के गांव भल्लिया व रजौरा के भाग संख्या 46 उच्चतर प्राथमिक विद्यालय भल्लिया में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, जिसमे कुल मतदाता 1050 है जबकि वहां बूथ लेवल अधिकारी रामदेवी, मंजुला शुक्ला,सुनीता पाण्डेय व माया देवी ने कडी मसक्तत के पश्चात लगभग 900 मतदाताओ के फार्मो का शुद्धिकरण कर डाटा फीड किया जा चुका है। इसके साथ ही आगामी ग्यारह दिसम्बर तक शेष बचे मतदाताओं का मतदाता पुनरीक्षण कर डाटा फीड किया जायेगा।

### ऑनलाइन उपस्थिति व अतिरिक्त कार्यों के विरोध में ग्राम पंचायत अधिकारी बैठे धरने पर



किछौछा/अम्बेडकरनगर। ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर बसखारी विकास खंड परिसर में ग्राम पंचायत अधिकारियों ने बुधवार को सांकेतिक धरना देकर अपनी तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। यह धरना ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की अनिवार्यता और गैर-विभागीय कार्यों के बढ़ते बोझ के विरोध में आयोजित किया गया। अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने धरना दिया और अपनी समस्याओं को प्रमुख सचिव तक पहुंचाने की मांग उठाई। धरनास्थल पर एडीओ आईएसबी धीरेंद्र सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांगें—ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था समाप्त करने, कृषि फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी सहित अन्य गैर-विभागीय कार्यों के दबाव को कम करने, अतिरिक्त कार्यों के लिए यात्रा भत्ता एवं मोबाइल सिम कार्ड उपलब्ध कराने—शामिल रहीं। अधिकारियों ने कहा कि लगातार बढ़ते भार से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए शासन को इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। धरने में सर्वेश मौर्य, दिनेश यादव, दिनेश कुमार, प्रवेश कुमार, अमरजीत वर्मा, इंद्रसेन, अनुज यादव, पूजा चौरसिया, देवेंद्र यादव, अभिषेक उपाध्याय, राजीव वर्मा, अशोक राजभर, शरद चंद, इरफान हैदर, जयंत यादव, शशांक वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने शासन से मांगों पर सकारात्मक विचार करने की अपील की।

### कृषकों को मिल रही राहत, किछौछा व बसखारी केंद्रों पर धान खरीद में तेजी



किछौछा/अम्बेडकरनगर। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मूंग, उड़द, मूंगफली, अरहर, तिल समेत धान की समर्थन मूल्य पर व्यापक स्तर पर खरीद जारी है। इसका सकारात्मक प्रभाव जमीनी स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। जिले के बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड बसखारी केंद्र पर अब तक 40 किसानों से लगभग 1400 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं किछौछा धान क्रय केंद्र पर खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा 107 किसानों से 5424 कुंतल धान खरीदा गया है। किछौछा क्रय केंद्र पर दो कांटे संचालित होने से किसानों को तौल में काफी राहत मिल रही है और इंतजार की समस्या भी नहीं हो रही। एसएमआई प्रवीण सिंह ने बताया कि किसानों के धान की खरीद शासन की मंशा के अनुरूप सुगमता से की जा रही है। बसखारी केंद्र प्रभारी सुरेंद्र कुमार वर्मा ने किसानों को सलाह दी कि जिनका ऑनलाइन पंजीकरण एवं लेखपाल द्वारा सत्यापन पूर्ण हो चुका है, वे धान को अच्छी तरह सुखाकर ही केंद्र पर लाएं। 17% से अधिक नमी पाए जाने पर तौल रोक दी जाएगी और धान सुखाकर पुनः तौल कराया जाएगा। केंद्रों पर बढ़ती खरीद से किसानों में संतोष का माहौल है।

## 31 दिसंबर तक चलेगा टीकाकरण अभियान

# बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाना उद्देश्य : अधीक्षक

पायनियर संवाददाता। लखीमपुर-खीरी




अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने कहा कि टीकाकरण उत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों व गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण से आच्छादित करना है, ताकि गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित हो सके अभियान के दौरान टीकाकरण की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर देने की बात कही गई।

स्वास्थ्य टीम ने बताया कि उत्सव के दौरान लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच बनाकर टीकाकरण किया जाएगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने कहा कि टीकाकरण न केवल 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव करता है, बल्कि यह प्रतिरोधक क्षमता को को भी बढ़ाता है और कुपोषण से रोकथाम होती है। इस अभियान में नियमित टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों पर विशेष जोर रहेगा। इसके साथ ही जिन बच्चों का टीकाकरण तो हो चुका है, लेकिन यूविन पर पंजीकरण नहीं है। उनका पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। टीकाकरण से एक दिन पहले आशा कार्यकर्ता लाभार्थियों को व्यक्तिगत तौर पर आमंत्रित करेंगी। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यूविन पोर्टल पर पंजीकरण के साथ ही बच्चे का टीकाकरण हो। ड्यू लिस्ट में जो भी बच्चे चिह्नित हैं, उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर माइक्रो प्लान के अनुसार किया जाए। टीका उत्सव अभियान सीएचसी क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 31 दिसम्बर माह आयोजित होगा।

### टीके पूरी तरह सुरक्षित :- डॉ अनिल यादव

जिला प्रोग्राम मनैजर डॉ अनिल यादव ने बताया कि 12 जानलेवा बीमारिया हैं। टीबी, पोलियो, काली खांसी, गलघोंटू, इन्फ्लूएंजा, टिटनेस, खसरा, डायरिया, निमोनिया, हेपेटाइटिस बी, रूबेला और जापानी इंसिफेलाइटिस। गर्भवती को टिटनेस व व्यस्क डिप्थीरिया (टीडी) के टीके लगाए जाते हैं। टीका पूरी तरह से सुरक्षित है।

### सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई घर-घर जाकर लोगों को किया जागरुक!

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 25 नवंबर से 25 दिसंबर 2025 तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है अभियान का मुख्य उद्देश्य छूटे हुए पात्र परिवारों और उनके सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवाना है इस अभियान के तहत, स्वास्थ्य कर्मियों की टीम आयुष्मान सूची के आधार पर घरों का सत्यापन कर रही है। आशा कार्यकर्ताओं की मदद से पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं और अन्य पात्र लोगों को भी कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत, पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक (जिनके परिवार में छह या उससे अधिक सदस्य हैं), अंत्योदय राशन कार्ड धारक और 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड निरंतर बनाए जा रहे हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने बताया कि सरकार आयुष्मान भारत योजना का लाभ हर गांव तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना उन गरीब परिवारों के लिए बेहद फायदेमंद है जो इलाज का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं।इस अभियान के दौरान जनपद के योजना जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनिल यादव,अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई व स्वास्थ्य टीम क्षेत्र के बांस ताली गांव में पहुंचकर बुजुर्ग का आयुष्मान कार्ड बनाया ।

### सीएचसी अधीक्षक ने किया अपील!

सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील किया कि वे टीकाकरण दिवस (बुधवार एवं शनिवार) पर अपने नजदीकी टीकाकरण सत्र पर 0-5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण जरूर कराएं, इससे उन्हें 12 तरह की गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और पॉक्सो एक्ट में दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता। बरेली



थाना शीशगढ़ पुलिस ने नाबालिग लड़की को साथ ले जाने और उसकी मांग में सिंदूर भरने के मामले में पॉक्सो एक्ट व बीएनएस की धाराओं में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला दीपावली के समय मेहमानी पर आए रिश्तेदारों का है, जो लौटते समय 14 वर्षीय किशोरी को अपने साथ ले गए थे।पुलिस के अनुसार, वादिनी की नाबालिग बेटी ने 29 नवंबर को अपनी बड़ी बहन के मोबाइल पर अभियुक्त करन के साथ माला डाले हुए फोटो भेजा था। बड़ी बेटी ने यह फोटो वादिनी को दिखाया तो वह स्तब्ध रह गई। वादिनी के अनुसार, किशोरी की मांग में सिंदूर तक भर दिया गया था। घटना की जानकारी होने के बाद वादिनी ने 3 दिसंबर को थाना शीशगढ़ में तहरीर दी। इसके आधार पर मुनिया पत्नी अशोक, अशोक पुत्र नामालूम और करन पुत्र अशोक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।मुखबिर की सूचना पर व0 उप निरीक्षक सुनील कुमार व टीम ने झुमका तिराहा के पास घेराबंदी कर अभियुक्त करन (19) और अभियुक्ता मुनिया (42) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, उनि सुनील कुमार, कांस्टेबल रिंकू और महिला कांस्टेबल अल्का शामिल रहे।

# जमीन विवाद में व्यक्ति को मारी गोली, गम्भीर

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर



वार्निंग देकर कुछ घंटे बाद मार दी गोली, हालत गंभीरः खेत को लेकर चल रहा था विवाद, बेटा बोला-शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई एक्शन नही लिया। शाहजहांपुर में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति को गोली मार दी गई।

घटना जलालाबाद थाना क्षेत्र के रूस्तमपुर मोहल्ले में देर रात करीब 9 बजे हुई। घायल की पहचान जलालाबाद निवासी जगदीप सिंह के रूप में हुई है, जिनके हाथ में गोली लगी है। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जगदीप सिंह देर रात अपने घर के बाहर थे, तभी चीख-पुकार और गोली चलने की आवाज सुनाई दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने जगदीप को घायल अवस्था में जमीन पर पड़ा पाया। इसी दौरान उनका एक रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचा, जिसने बताया कि वह तारों में उलझकर गिर गया और उसके पैर का अंगूठा टूट गया। दोनों को तत्काल सीएचसी ले जाया गया और पुलिस को सूचना दी गई। घायल जगदीप सिंह के बेटे अरशदीप सिंह ने आरोप लगाया है कि उनकी सिविल कोर्ट में जमीन को लेकर मुकदमा चल रहा है। गुरुवार शाम को दूसरे पक्ष के लोग गांव आए थे और खेत खाली करने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर खेत खाली नहीं किया तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। जब पिता ने कानून का सहारा लेने की बात कही, तो आरोपियों ने परिवार को खत्म करने की चेतावनी दी थी। अरशदीप सिंह का यह भी आरोप है कि उन्होंने इस मामले की सूचना पुलिस और आलाधिकारियों को दी थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनके पिता ने दूसरे पक्ष से भी कोर्ट जाने और वहां के फैसले को मानने की बात कही थी।

# गेहूं के खेत में मिला युवक का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

पायनियर संवाददाता। बरेली



थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव सैंथल में शुक्रवार की सुबह रहस्यमयी हालत में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। गांव के ही 22 वर्षीय लालता प्रसाद उर्फ मुकेश का शव शुक्रवार सुबह गेहूं के खेत में पड़ा मिला।

परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम गांव सैंथल में चिराग अली की मजार पर मेला लगा था। मृतक लालता प्रसाद उर्फ मुकेश (22) पुत्र राम प्रसाद मेला देखने गया था। रात करीब 11 बजे परिजनों ने उसे फोन कर घर बुलाया, लेकिन वह नहीं पहुंचा। रात 1 बजे दोबारा फोन किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। परिजन पूरे रात परेशान रहे और सुबह होने पर तलाश शुरू की।सुबह गांव वालों ने गेहूं के खेत में युवक का शव पड़ा देखा और परिवार को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलने पर हाफिजगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

टांडा, अम्बेडकर नगर। टांडा कोतवाली पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ 22 वर्षीय युवती को बहाने से बुलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी 45 वर्षीय अलीसान पुत्र स्व. मोहम्मद एहसान, निवासी फूलपुर, तीन बच्चों का पिता है।

घटना 1 दिसंबर 2025 की है, जब आरोप है कि अलीसान ने युवती को बहाने से दस रुपये देकर एक निर्माणाधीन मकान में ले जाकर शारीरिक शोषण किया। मकान मालकिन द्वारा घटना देखने पर आरोपी ने धमकी दी और मौके से फरार हो गया। पीड़िता की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया और आरोपी की तलाश शुरू की।

# ग्राम सचिवों का शांतिपूर्ण सत्याग्रह रहा जारी

- अपनी मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता। बांकेगंज-खीरी




विकास खंड मुख्यालय पर तीसरे दिन भी ऑनलाइन उपस्थिति और पंचायत सचिवों से लिए जा रहे गैर विभागीय कार्यों के विरोध में ब्लॉक परिसर बांकेगंज में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा शांतिपूर्वक सत्याग्रह आंदोलन किया गया।

गैर विभागीय कार्यों का विरोध करते हुए पंचायत सचिव ने सरकारी ग्रुपों से अपने आप को पृथक कर लिया सत्याग्रह आंदोलन में मौजूद ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा पंचायत सचिवों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश अव्यवहारिक तथा काम में बाधा पहुंचाने वाला है इसलिए इसका समाधान न होने तक हम सभी संगठन की मंशा के अनुसार इसका विरोध करेंगे। जिसको लेकर 5 दिसंबर को ब्लॉक परिसर में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर अशोक राणा, विजेंद्र अवस्थी, अमित गुप्ता,रुचि पांडे, योगेश वर्मा अभिषेक प्रताप सिंह हरि राना राकेश भार्गव विजेंद्र अवस्थी आलोक अवस्थी विकास श्रीवास्तव बृजेश सविता आदि ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# ब्लॉक मुख्यालय पर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में हुआ मंथन



पायनियर संवाददाता। बांकेगंज-खीरी

ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी एवं न्याय पंचायत की मासिक बैठक एवं संगठन सृजन अभियान और एसआई आर को लेकर जिला अध्यक्ष पहलाद पटेल की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई।

5 दिसंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉक्टर रामचंद्र मिश्रा के आश्रित पुत्र जिला महासचिव के के मिश्रा उर्फ अनु मिश्रा के बांकेगंज स्थित आवास पर कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक की गई जिसमें बैठक में उपस्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी से चर्चा की और एसआईआर को लेकर सभी को जागरूक किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल,रामपाल राज जिला सचिव जिला महासचिव के के मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष रघुनंदन राज पासी बदन सिंह यादव दिल्ली प्रसाद वर्मा रामाधार राज अनंत राम गौतम ओवैस खान संतोष कुमार राज सोनू सिंह शास्वात मिश्रा, गुलजारी लाल सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोहित-कोहली से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद,निर्णायक मैच में जायसवाल और गेंदबाजों पर होगी निगाह

# आज जो जीतेगा वहीं होगा सिकंदर





**विशाखापत्तनम।** भारत विराट कोहली और रोहित शर्मा से फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगा। भारत के कुछ युवा खिलाड़ी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसे में उन पर दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद अब वनडे श्रृंखला जीतने में भी कसर नहीं छोड़ेगा और ऐसे में भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है। भारत अगर इस मैच में जीत हासिल करता है तो पिछले कुछ समय से टीम को लेकर चल रही अटकलें पर भी विराम लग जाएगा। इसके लिए कोहली और रोहित को फिर से अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन दोनों का वनडे क्रिकेट में कोई सानी नहीं है और उन्हें इस तरह के दबाव वाले मैच में खेलने का अच्छा अनुभव है। इसलिए भारत की जीत में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

रोहित और कोहली अपनी करियर के अवसान पर हैं और वह इसमें एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे। कोहली ने अपनी पिछली तीन पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है, जबकि रोहित ने अपनी पिछली चार पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। उन्हें कुछ युवा बल्लेबाजों का अच्छा सहयोग मिल रहा है जैसा कि पिछले मैच में रुतुराज गायकवाड़ ने अपना योगदान दिया था। उन्होंने अपना पहला वनडे शतक लगाया था। लेकिन यशस्वी जायसवाल को अभी भी इस श्रृंखला में सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी क्षमता का भरपूर प्रदर्शन करना बाकी है। यह प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने के लिए उत्सुक होगा।

**30 बार बाएं हाथ के गेंदबाज के शिकार बन चुके यशस्वी**

जायसवाल को बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ जूझना पड़ रहा है फिर चाहे वह वेस्टइंडीज के जेडन सील्स हों या इस श्रृंखला में मार्को यानसन और नांद्रे बर्गर। वह अपने करियर में 30 बार बाएं हाथ के गेंदबाजों का शिकार बने हैं। जायसवाल और टीम प्रबंधन इससे अनजान नहीं रह सकते और इसमें सुधार करने का काम शायद पहले ही शुरू हो चुका है। लेकिन अगर वह सुधार नहीं कर पाए तो टीम को अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। टीम के पास गायकवाड़ के रूप में एक अदद सलामी बल्लेबाज मौजूद है। एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच अक्सर बल्लेबाजों के अनुकूल होती है और भारत का यहां शानदार रिकॉर्ड रहा है। उसने यहां 2005 से 10 एकदिवसीय मैचों में से सात में जीत हासिल की है लेकिन यहां खेले गए पिछले मैच में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत वाशिंगटन सुंदर को विश्राम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने पर भी गंभीरता से विचार करेगा। ऋषभ पंत भी एक विकल्प हो सकते हैं लेकिन तिलक स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक के भी हैं। कप्तान केएल राहुल ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन इस श्रृंखला में ओस के कारण टॉस की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। भारत वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया है जिसका खामियाजा उसे रायपुर में दूसरे वनडे में भुगतना पड़ा।भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अब भारत को उम्मीद होगी कि उनके युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रभावशाली अर्शदीप सिंह का पूरा साथ देंगे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन वह तेज गेंदबाज बर्गर और बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी की फिटनेस को लेकर चिंतित है। यह देखना होगा कि ये दोनों खिलाड़ी इस मैच के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं।

**दोनों टीमें**

**भारत:** केएल राहुल (कप्तान/विकेट कीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, केशव महाराज, मार्को यानसन, एडेन मार्क्रम, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

**मैच का प्रसारण दोपहर 1.30 बजे से**

## वाशिंगटन को गेंदबाज ऑलराउंडर माने: अश्विन



**नई दिल्ली।** पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को वाशिंगटन सुंदर की टीम में भूमिका को स्पष्ट करना चाहिए और अगर ऐसा नहीं होता है तो यह ऑलराउंडर इसी गफलत में रहेगा कि आखिर उसकी भूमिका क्या है। अश्विन ने कहा कि वाशिंगटन को गेंदबाज़ी ऑलराउंडर माना जाना चाहिए और उन्हें पूरे ओवर दिए जाने चाहिए जिससे बल्लेबाजी में भी उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में केवल सात ओवर फेंके और अभी तक उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला है।अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, एक बार जब आपने वाशिंगटन सुंदर को अंतिम एकादश में रखने का फैसला कर लिया, तो आपको उनकी भूमिका एक गेंदबाज के रूप में देखनी होगी जो बल्लेबाजी भी कर सकता है। आपको उन्हें उनके कोटे के सारे ओवर करवाने होंगे। उन्होंने कहा,लगातार गेंदबाजी करने पर ही वाशिंगटन मानसिकता एक ऐसे गेंदबाज की होगी जो बल्लेबाजी भी कर सकता है। अगर वह सिर्फ बल्लेबाजी और कुछ ओवर गेंदबाजी करेगा तो वह यही सोचता रहेगा कि आखिर टीम में उसकी भूमिका क्या है। उसे इस स्थिति में नहीं छोड़ना चाहिए और टीम को उसकी उचित भूमिका स्पष्ट करनी चाहिए।भारत दूसरे वनडे में 358 रन का बचाव करने में नाकाम रहा और दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट से जीत के साथ तीन मैचों की श्रृंखला बराबर कर ली। अश्विन ने कहा,भारत ने पहले दोनों वनडे में भी बल्लेबाजी से अच्छा फिनिश नहीं किया। हमारे पास हार्दिक पंड्या जैसा फिनिशर नहीं है, तो नीतीश कुमार रेड्डी जैसा बल्लेबाज़ क्यों नहीं खेला। उन्होंने वाशिंगटन की जगह नीतीश को अंतिम एकादश में शामिल करने का सुझाव दिया।उन्होंने कहा, मुझे लगता नहीं है कि वे ऋषभ पंत को फिनिशर के तौर पर देख रहे हैं या नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### वेलावन और अनाहत बने चैंपियन

**चेन्नई ।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने शुक्रवार को यहां स्क्वाश इंडियन टूर 4 में पुरुष वर्ग का और अनाहत सिंह ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। शीर्ष वरीय और दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने मिस्र के एडम हवाल को 11-7, 11-9, 9-11, 11-4 से हराकर पुरुषों का खिताब जीता।महिलाओं के फाइनल में दिल्ली की अनाहत सिंह (दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी) ने अनुभवी हमवतन जोशना चिनप्पा (पूर्व नंबर 10) को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 11-8, 11-13, 11-13, 11-6, 11-8 से शिकस्त दी।पिछले महीने डेली कॉलेज इंडियन ओपन के बाद अनाहत की यह चिनप्पा पर लगातार दूसरी जीत थी। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना और अभय सिंह अगले हफ्ते यहां शुरू होने वाले स्क्वाश विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अहलावत ने जीता जयपुर ओपन

**जयपुर।** वीर अहलावत ने शुक्रवार को यहां जयपुर ओपन के चौथे दौर में आठ अंडर 62 का कार्ड खेलकर इस टूर्नामेंट के अपने न्यूनतम स्कोर की बराबरी करते हुए खिताब अपने नाम किया। अहलावत तीसरे दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी से पांच शॉट पीछे चौथे स्थान पर थे लेकिन उन्होंने आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन कर पासा पलट दिया। गुरुग्राम के इस गोल्फर ने दूसरे दौर में भी 62 का कार्ड खेला था। अहलावत (67-62-70-62) ने कोर्स रिकॉर्ड 19 अंडर 261 के स्कोर के साथ अपना पांचवां खिताब जीता। इस जीत से वह 15 लाख रुपये की विजेता राशि हासिल कर 'पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में 38वें से 18वें स्थान पर पहुंच गए।रामबाग गोल्फ क्लब में इससे पहले सर्वश्रेष्ठ स्कोर का रिकॉर्ड संजय कुमार के नाम था जिन्होंने 2011 में पीजीटीआई स्पर्धा में में 16 अंडर 264 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद तीन शॉट से आगे चल रहे युवराज संधू (65-63-66-68) ने अंतिम दिन पांच बर्डी और तीन बोगी से 68 का कार्ड खेला। वह 18 अंडर 262 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। शौर्य भट्टाचार्य ने 64 का कार्ड खेलकर कुल 15 अंडर 265 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।


### गल्फ जायंट्स की 6 विकेट से जीत

**दुबई।** गल्फ जायंट्स ने यहां आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एमआई एमिरेट्स के खिलाफ छह विकेट की जीत से नए सत्र के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जिससे उसका छह मैचों की हार का सिलसिला भी टूट गया। पथुम निसांका की 42 गेंदों में 81 रन की तूफानी पारी और अजमतुल्लाह उमरजई के हरफनमौला प्रदर्शन ने जायंट्स की जीत में अहम भूमिका निभाई। निसांका की शानदार पारी के अलावा मोईन अली (21 गेंदों पर 26 रन) और उमरज़ई (16 गेंदों पर नाबाद 39) के उपयोगी योगदान से जायंट्स 14.4 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।इससे पहले निकोलस पूरन (39 गेंदों पर 46 रन) और कीरोन पोलार्ड (33 गेंदों पर 50 रन) के बीच 78 रन की साझेदारी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 163 रन बनाए। जायंट्स की तरफ से उमरज़ई और नुवान तुशारा ने दो-दो विकेट लिए।

### रियलमी का 4पीएक्स व वॉच 5 लांच

**नई दिल्ली।** रियलमी पी सीरीज ने शुक्रवार को अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी पी4एक्स लॉन्च और रियलमी वॉच 5 लॉन्च किए हैं। रियलमी पी4एक्स 7000एमएस बैटरी के साथ अपने सेगमेंट का सबसे तेज स्मार्टफोन है। वहीं, रियलमी वॉच 5 ब्रांड की नई मेक इन इंडिया स्मार्टवॉच है, जो ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) के साथ मिलकर बनाई गई है। ये प्रोडक्ट्स हर कैटेगरी में शक्तिशाली दैनिक परफॉर्मेंस, बेहतर ए.आई क्षमताएं और डिजाइन-फर्स्ट इनोवेशन प्रदान करने की रियलमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं।रियलमी पी4एक्स में रियलमी ने चिपसेट एफिशिएंसी, बैटरी एंड्योरेंस और ए.आई आधारित प्रोडक्टिविटी में को काफी अपग्रेड कर दिया है। यह उन युवा ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो ऑन-द-गो रहते हुए मल्टीटास्किंग, पढ़ाई, गेमिंग और क्रिएट करते हैं।

## भारत चुनौतीपूर्ण, हमारी बल्लेबाजी संतुलित: मैथ्यू



**विशाखापत्तनम।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि भारत शनिवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उनकी टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगा लेकिन उन्हें इससे पार पाने के लिए अपनी संतुलित बल्लेबाजी पर भरोसा है। तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर है और भारत को दक्षिण अफ्रीका से लगातार दूसरी श्रृंखला में पराजय से बचने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इससे पहले टेस्ट श्रृंखला में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। ब्रीट्जके ने तीसरे वनडे की पूर्व संध्या पर कहा,हम जानते हैं कि हमें एक बहुत अच्छी टीम का सामना करना होगा। हमें पता है कि वह जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह एक ऐसा मैच है जिसमें दोनों टीम के लिए जीत हासिल करना जरूरी है इसलिए यह एक बहुत अच्छा मुकाबला होने वाला है। इस 27 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि पिछले दो मैचों में दक्षिण अफ्रीका के मध्य और निचले क्रम ने अच्छा प्रदर्शन करके टीम की बल्लेबाजी को संतुलन प्रदान किया है जो कि उनकी टीम का मजबूत पक्ष बन गया है। दक्षिण अफ्रीका के लिए निचले क्रम में मार्को यानसन और कॉर्बिन बॉश जैसे बल्लेबाजों की मौजूदगी वरदान साबित हुई। ब्रीट्जके ने कहा,हमारी टीम में अच्छा संतुलन है। हमारे निचले क्रम में कुछ खिलाड़ी अच्छे बल्लेबाज हैं। हमारे पास (डेवाल्ड) ब्रेविस, यानसन और कॉर्बिन जैसे खिलाड़ी हैं जो मैच का रुख बदल सकते हैं। उन्होंने कहा,इसलिए मुझे लगता है कि हम एक-दूसरे के पूरक हैं। अभी हमारे बल्लेबाज आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और हमें कल फिर से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ब्रीट्जके ने कहा कि पावर-हिटर्स की मौजूदगी से शीर्ष क्रम के बल्लेबाज सहज होकर खेल सकते हैं।

## इंग्लैंड ने पांच कैच छोड़े, ऑस्ट्रेलिया को 44 रन की बढ़त

**एशेज सीरीज का दूसरा टेस्ट**

**एजेंसी। ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)**

ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष क्रम के सभी बल्लेबाजों को मिली अच्छी शुरुआत से शुक्रवार को यहां एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक इंग्लैंड के खिलाफ छह विकेट पर 378 रन बनाकर पहली पारी में 44 रन की बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड को खराब गेंदबाजी और कम से कम पांच कैच छूटने से काफी नुकसान हुआ जिससे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज फायदा उठाने में सफल रहे। सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड ने ऑस्ट्रेलिया की पारी की तेज शुरुआत कराते हुए 72 गेंद में 78 रन बनाए जबकि मार्नस लाबुशेन (65) ने लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने 61 रन बनाए। गाबा की पिच में कुछ असमान उछाल के बावजूद दिन में बल्लेबाजों का दबदबा रहा।

एलेक्स कैरी का दो बार कैच छूटा। एक बार जब उन्होंने खाता भी नहीं खोला था और फिर 25 रन पर उनका कैच छूटा जिससे वह स्टंप तक 45 गेंद में 46 रन बनाकर खेल रहे हैं। माइकल नेसर को भी एक जीवनदान मिला जिससे वह सातवें विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी में 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पर्थ में श्रृंखला का पहला मैच दूसरे ही दिन खत्म हो गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से जीत हासिल की थी। लेकिन ब्रिस्बेन में यह दिन-रात्रि टेस्ट लंबा चलता दिख रहा है। इंग्लैंड ने दूसरे दिन सुबह नौ विकेट पर 325 रन से आगे खेलना शुरू किया। लेकिन 11वें नंबर के खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर (38 रन) के आउट होने से पहले स्कोर में 14 गेंद में नौ रन और जोड़े। टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग के बल्लेबाज रूट ने 135 रन से खेलना शुरू किया लेकिन जब आखिरी विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी खत्म हुई तो वह 138 रन बनाकर नाबाद रहे जो ऑस्ट्रेलिया में उनका पहला एशेज शतक है। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के नायक रहे ट्रेविस हेड ने नौवें ओवर में विकेटकीपर जेमी स्मिथ द्वारा आर्चर की गेंद पर तीन रन पर कैच छूटने के बाद 30 रन और जोड़े। लेकिन ब्रायडन कार्स की गेंद पर जल्दबाजी में शॉट खेलने के कारण हेड (33 रन) गस एटकिंसन के हाथों लपके गए जिससे पहले विकेट के लिए 77 रन की भागीदारी समाप्त हुई। वेदरल्ड ने आसानी से रन जुटाते हुए 45 गेंद में 50 रन बना दिए और 72 रन पर आर्चर की फुल लेंथ गेंद पर पगबाधा आउट हो गए।वेदरल्ड अंपायर की तरफ बिना देखे पवेलियन लौट गए जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 146 रन हो गया। स्मिथ के क्रीज पर आने पर 'बार्मी आर्मी' ने उनकी हूटिंग की। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए लाबुशेन के साथ 50 रन की साझेदारी कर ली थी और दोनों बिना किसी परेशानी के खेल रहे थे। स्टोक्स ने लाबुशेन का विकेट लेकर इस साझेदारी को तोड़ दी। ऑस्ट्रेलिया ने आराम से खेलते हुए तीन विकेट पर 291 रन बना लिए थे।



61 रन बनाए कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने ओवरऑल चैम्पियनशिप बरकरार रखी, श्रीहरि सबसे सफल एथलीट

**जयपुर।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों (केआईयूजी) में अपना ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब बरकरार रखते हुए 67 पदकों के साथ अभियान समाप्त किया जिसमें 42 स्वर्ण, 14 रजत और 11 कांस्य शामिल थे। ओलंपियन और भारत के शीर्ष तैराक श्रीहरि नटराज केआईयूजी 2025 के सबसे सफल एथलीट रहे। उन्होंने नौ स्वर्ण और दो रजत पदक जीते जिसकी बदौलत बेंगलुरु की जैन यूनिवर्सिटी ने कुल 27 स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक हासिल किए।चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने कैनोइंग और कयाकिंग में कुल 30 में से 23 स्वर्ण जीतकर दबदबा बनाया जिसे पहली बार केआईयूजी में शामिल किया गया था। इसके अलावा उसने तैराकी में छह,



एथलेटिक्स में पांच, कुश्ती में दो और भारोत्तोलन, निशानेबाजी, साइकिलिंग, तीरंदाजी, टेबल टेनिस और कबड्डी में एक-एक स्वर्ण पदक जीता। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) 78 पदकों के साथ उपविजेता बनी, उसने चैंपियन से 11 अधिक पदक हासिल किए लेकिन स्वर्ण पदकों की संख्या कम रहने के कारण कुल तालिका में दूसरे स्थान पर रही। एलपीयू ने 32 स्वर्ण, 25 रजत और 22 कांस्य जीते।गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (जीएनडीयू) ने भी 32 स्वर्ण पदक जीते लेकिन उनके 22 रजत और 18 कांस्य पदकों की संख्या उन्हें तीसरे स्थान पर ले गई।केआईयूजी का पांचवां सत्र राजस्थान के सात शहरों में आयोजित किया गया जिसमें 222 विश्वविद्यालयों के 4448 खिलाड़ियों ने 23 स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। यह खेल भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और राजस्थान राज्य खेल परिषद के सहयोग से आयोजित किए गए और मेजबानी पूर्णिमा विश्वविद्यालय द्वारा की गई।केआईयूजी के इस चरण में एथलेटिक्स में 12 नए मीट रिकॉर्ड बने जिनमें दो अखिल भारतीय विश्वविद्यालय रिकॉर्ड भी शामिल हैं।

## टेस्ट :न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दिया 532 रन का लक्ष्य

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 466 रन पर समाप्त घोषित करके वेस्टइंडीज के सामने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन शुक्रवार को यहां 531 रन का लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज ने चौथे दिन लंच तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 20 रन बनाए थे और इस तरह वह अभी न्यूजीलैंड से 510 रन पीछे है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 167 रन पर आउट हो गई थी। न्यूज़ीलैंड ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर चार विकेट पर 417 रन पर समाप्त घोषित करने के बजाय खेलना जारी रखा और आखिर में तब आठ विकेट पर 466 रन पर समाप्त घोषित की जब उसका कोई फिट बल्लेबाज नहीं बचा था। न्यूज़ीलैंड चौथे दिन के शुरू में 481 रन से आगे था। उसने सुबह 14 ओवर खेले और इस दौरान चार विकेट गंवाए। विल यंग ने 23 रन, माइकल ब्रेसवेल ने 24 रन, मैट हेनरी ने आठ रन, जैकब डफी ने 10 रन और जैक फाउलकेस ने नाबाद 11 रन बनाए। केमार रोच ने ब्रेसवेल, हेनरी और डफी को आउट करके 78 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 12वीं बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। वह 37 साल की उम्र में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज़ हैं और अब उनके नाम पर कुल 291 टेस्ट विकेट दर्ज हैं।

**❖ केमार रोच ने 12वीं बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए**

**जूनियर हॉकी विश्व कप** — स्पेन ने भी न्यूजीलैंड को 4-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बना ली

# फ्रांस को शूटआउट में हराकर जर्मनी सेमीफाइनल में

**एजेंसी। चेन्नई**

सात बार की चैम्पियन जर्मनी ने जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप के रोमांचक क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को पिछली उपविजेता फ्रांस को शूटआउट में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि स्पेन ने भी न्यूजीलैंड को हराकर अंतिम चार में जगह बना ली। दो साल पहले खेले गए फाइनल की यादें ताजा करते हुए जर्मनी ने एक बार फिर जोश से भरी फ्रांस टीम पर अपना दबदबा कायम रखा।

मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर यह मुकाबला देखने के लिये दोनों यूरोपीय दिग्गज टीमों के खिलाड़ियों के परिजन मौजूद थे जो लगातार हौसलाअफजाई कर रहे थे । निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर रहने के बाद मैच शूटआउट तक खिंचा। शूटआउट में जर्मनी के लिये जोनास वोन जर्सम, जस्टस वारवेग और लुकास कोसेल ने गोल दागे जबकि फ्रांस के लिये सिर्फ आर्टिस्टाइड मिकालेस ही गोल कर सके। इससे पहले निर्धारित समय में फ्रांस ने आखिरी पांच मिनट बाकी रहते हुगो डोलोउ के फील्ड गोल के दम पर स्कोर 2 -2 से बराबर किया ।हाफटाइम तक दोनों टीमें एक एक गोल की बराबरी पर थी । जर्मनी के लिये 30वें मिनट में एलेक वोन श्वेरिन ने पहला गोल दागा लेकिन इसी मिनट जवाबी हमले में फ्रांस के मेलो मार्तिनेश ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील करके स्कोर बराबर कर दिया। ब्रेक के बाद छठे मिनट में जर्मनी के पॉल ग्लांडेर ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके टीम को फिर बढत दिला दी थी लेकिन फ्रांस के डोलोउ ने 55वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया।





जर्मनी के वॉन श्वेरिन एलेक अपने साथियों के साथ एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाफ गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

### अविला के आखिरी सेकंड में गोल से स्पेन की रोमांचक जीत

इससे पहले बेहद रोमांचक मुकाबले में आखिरी सेकंडों में पेनल्टी कॉर्नर पर ब्रूनो अविला के गोल के दम पर स्पेन ने न्यूजीलैंड को 4-3 से हराया। स्पेन ने पहले ही क्वार्टर में तीन गोल करके मैच का रूख एकतरफा करने की कोशिश की लेकिन न्यूजीलैंड ने अगले तीन क्वार्टर में एक एक गोल करके वापसी की और लग रहा था कि मैच शूटआउट तक जायेगा लेकिन स्पेन को आखिरी पलों में निर्णायक पेनल्टी कॉर्नर मिला। स्पेन के लिये निकोलस मुस्तारोस ने दूसरे मिनट में, जोसेफ मार्तिन ने दसवें और अलबर्ट सेराहिमा ने 12वें मिनट में फील्ड गोल किये। न्यूजीलैंड के लिये सैम लिंट्स ने 22वें और 60वें मिनट में गोल दागे जबकि रियान पार ने 34वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया ।



न्यूजीलैंड के खिलाफ गोल करने के बाद जश्न मनाते स्पेन के अविला ब्रूनो और साथी

# आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस के ट्रेंडी डिजाइंस

लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग डिजाइन वाली ज्वेलरी को स्टाइल करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक सुंदर नजर आता है। आप भी अगर हैवी की जगह कुछ अलग तरह की ज्वेलरी को स्टाइल करने के बारे में सोच रही हैं, तो ऐसे में आप आर्टिफिशियल डिजाइन वाले चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसके डिजाइन ऑप्शन आपको कई सारे मिल जाएंगे। जिसे आप ट्राई कर सकती हैं।





- **रेड एंड व्हाइट पर्ल डिजाइन चोकर नेकलेस सेट:** सुंदर दिखने के लिए आप तस्वीर में नजर आने वाले चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही इससे लुक रॉयल काफी क्लासी नजर आता है। इस तरह के चोकर नेकलेस से आपको अलग-अलग डिजाइन में मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। जिसे आप साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं।



- **हैवी वर्क वाला चोकर नेकलेस सेट:** आप लुक को रॉयल टच देने के लिए हैवी वर्क वाले चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको भगवान की आकृति वाले डिजाइन मिल जाएंगे। इयररिंग्स भी आपको इस तरह के डिजाइन वाले मिलेंगे। इससे नेकलेस सेट काफी अच्छा नजर आएगा। मार्केट से आप इसे आर्टिफिशियल डिजाइन में खरीदकर साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।
- **बीड्स डिजाइन वाला आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस सेट:** साड़ी में खूबसूरत दिखने के लिए आप बीड्स डिजाइन वाले आर्टिफिशियल डिजाइन वाले चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। इसमें आपको जाली वर्क और गोल्डन पर्ल मिलेगा। इससे नेकलेस सेट पहनने के बाद अच्छा लगेगा। मार्केट से आप इसे 300 से 500 रुपये में लाकर स्टाइल कर सकती हैं।
- **मल्टी कलर वाला आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस सेट:** साड़ी के साथ वियर करने के लिए आप तस्वीर में नजर आने वाले आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको हर एक स्टोन में अलग-अलग कलर मिलेगा। साथ में गोल्डन टच मिलेगा। इससे नेकलेस काफी अच्छा लगेगा। इसे आप जरूर ट्राई कर सकती हैं।
- **मोर डिजाइन वाला आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस सेट:** साड़ी में रॉयल लुक क्रिएट करने के लिए मोर डिजाइन वाले आर्टिफिशियल चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल करसकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। आसानी से आपको मार्केट में भी मिल जाएंगे। इसलिए आप इसे ट्राई करके लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

# राशा थडानी का वाइब्रेंट शरारा लुक
# देसी आउटफिट में ग्लैमर का तड़का

**बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी और उभरती फैशन स्टार राशा थडानी इन दिनों अपने ट्रेडिशनल और मॉडर्न फ्यूजन लुक्स को लेकर लगातार चर्चा में हैं। हाल ही में सामने आई उनकी एथनिक तस्वीरों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि क्लासिक इंडियन वियर को कैसे रिफाइंड, ग्लैमरस और कैमरा-रेडी बनाया जा सकता है। नेचर-फ्रेंडली बैकड्रॉप के बीच राशा का यह शरारा लुक ना सिर्फ एलिगेंस दिखाता है, बल्कि उनके स्टाइल सेंस की परिपक्वता को भी उजागर करता है। हॉट पिंक शरारा, ग्रीन दुपट्टा, मिनिमल मेकअप और सहज हेयरस्टाइल के साथ उनका पूरा अवतार ऐसा प्रतीत होता है जैसे पारंपरिक सौंदर्य को आधुनिक अंदाज में दोबारा परिभाषित किया गया हो।**





### शरारा सेट का कलर पैलेट

उन्होंने हॉट पिंक शरारा सेट चुना है जो ब्राइटनेस और रॉयल्टी का परफेक्ट मेल बनाता है। पिंक कलर उनकी स्किनटोन पर बेहद खिल रहा है और आउटफिट में एक युवापन का टच जोड़ता है।

### आउटफिट डिटेल्स

टॉप एक स्लीवलेस लॉन्ग कुर्ता स्टाइल में है जो सिंपल होते हुए भी सिल्हूट को एलिगेंट लुक देता है। शरारा पैंट पर गोल्डन लीफ पैटर्न की एम्ब्रॉयडरी आउटफिट को फेस्टिव और रिच फील देती है।

### दुपट्टा स्टाइलिंग

ग्रीन बंधेज पैटर्न वाले दुपट्टे पर गोल्ड जरी बॉर्डर पूरे लुक को खूबसूरती से कॉम्प्लिमेंट कर रहा है। पिंक और ग्रीन का कॉम्बिनेशन एक क्लासिक ट्रेडिशनल कलर पैलेट बनाता है जो कैमरे में बेहद आकर्षक लगता है।

### ज्वेलरी - मेकअप

राशा ने ज्वेलरी मिनिमल रखी- स्लिम बैंगल्स और एक स्टेटमेंट रिंग। उनका मेकअप भी सॉफ्ट ग्लैम में है- न्यूड टोन बेस, हल्का आई मेकअप, रोजी लिप्स और उनके माथे की छोटी लाल बिंदी लुक में इंडियन एथनिक ग्रेस जोड़ती है।

### हेयरस्टाइल

हेयर को नेचुरल सॉफ्ट वेव्स में स्टाइल किया गया है। फ्रंट सेक्शन में हल्की ट्विस्टेड ब्रेडिंग एक फ्रेश, यंग और एथनिक टच देती है।

### लुक वाइब

प्रकृति के बीच खड़े होकर, पत्थरों की सीढ़ियां और मंदिर का बैकड्रॉप- इन सभी तत्वों ने राशा के इस पारंपरिक लुक को और अधिक दिव्य और फोटोफ्रेंडली बना दिया। यह लुक फेस्टिव, वेडिंग फंक्शन, पूजा या डे-टाइम ट्रेडिशनल फोटोशूट के लिए एक परफेक्ट इंस्पिरेशन है।

# ग्लिसरीन से ऐसे बनाएं होममेड क्लींजर

सर्दियों में त्वचा का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। इस मौसम में अधिकतर महिलाएं फटी एड़ी की वजह से काफी परेशान रहती हैं। अगर आपकी भी सर्दियों में एड़ी या पैर की स्किन रूखी, बेजान और फट जाती हैं, तो अब इसे ठीक करने के लिए आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं और ना ही बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से एक ऐसे खास क्लींजर के बारे में बताएंगे, जिसे आप घर पर तैयार कर सकती हैं साथ ही इसका इस्तेमाल कर सर्दियों में स्वस्थ स्किन पा सकती हैं।

**क्लींजर बनाने के लिए सामग्री:** ग्लिसरीन, गुलाब जल, विटामिन ई कैप्सूल, लैवेंडर ऑइल।

**चेहरे के लिए घर पर बनाएं क्लींजर:** नोएडा की रहने वाली ब्यूटी एक्सपर्ट सोनिया, जिन्होंने लक्मे एकेडमी से कोर्स किया है और उन्हें इस फील्ड में 15 साल से ज्यादा का अनुभव है। उन्होंने बताया कि अगर आप भी सर्दियों में अपनी फटी एड़ी को मुलायम, सॉफ्ट और खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप आसानी से घर पर रहकर एक खास होममेड क्लींजर तैयार कर सकती हैं। इस क्लींजर को आप रोजाना भी इस्तेमाल कर स्किन को क्लियर और सॉफ्ट बना सकती हैं। इसे बनाने का तरीका भी बहुत आसान है।

**क्लींजर बनाने का तरीका:** घर पर रहकर आप आसानी से क्लींजर तैयार कर सकती हैं। ग्लिसरीन से क्लींजर बनाने के लिए आप एक बर्तन में ग्लिसरीन लें। अब इसमें बराबर मात्रा में गुलाब जल मिला दें।

दोनों को मिक्स करने के बाद आप इसमें विटामिन ई कैप्सूल और लैवेंडर ऑइल को मिक्स कर दें। अब आप इस मिश्रण को किसी एयर टाइट डिब्बे में भर कर रख दें। आप इस क्लीन्जर को रोजाना रात में सोने से पहले इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे चेहरे पर लगाने के लिए आप रुई, कॉटन बॉल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

यह क्लींजर सर्दियों में आपकी स्किन को हाइड्रेट और मुलायम रखने में मदद करेगा। आप इस क्लीन्जर को रात भर लगाकर भी रख सकती हैं।



# आसान टिप्स से बनाएं पलकों को घना और खूबसूरत

चेहरे की खूबसूरती में आंखें अपना अहम रोल रखती हैं। बड़ी आंखें, आईब्रो और पलकें किसे पसंद नहीं होती। ज्यादातर लड़कियों की ख्वाहिश होती है कि उनकी आंखें खूबसूरत और अट्रैक्टिव हो लेकिन पलकों की कम ग्रोथ और फिकी आईब्रो इसमें बाधा डालने का काम करती है। पलकों और डार्क आईब्रो से ही आंखें ज्यादा खूबसूरत लगती है।

**लगाएं ऑलिव ऑयल:** रात को सोने से पहले उंगलियों की मदद से पलकों ऑलिव या कैस्टर ऑयल अप्लाई करें। वैसे तो रातभर रखें लेकिन अनकम्फर्टेबल लग रहा हो तो कुछ घंटे रखने के बाद फेस वॉश कर लें। जल्द असर के लिए कुछ हफ्तों तक इसे रोजाना इस्तेमाल करें।

**दूध है फायदेमंद:** कॉटन को दूध में भिगोकर आईब्रोज की मसाज करें। 15 मिनट रखने के बाद पानी से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए रोजाना लगाएं। दूध में मौजूद विटामिन्स, मिनरल्स और न्यूट्रिएंस बालों को बढ़ाने के लिए बहुत ही कारगर होते हैं।

**ट्राय करें मेथी दाना:** मेथी दाने को रातभर पानी में भिगोकर रखें और सुबह अच्छे से पीसकर इसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को आईब्रोज पर लगाएं और 30-45 मिनट रखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। जल्द असर के लिए इसे हफ्ते में दो से तीन बार इस्तेमाल करें।

**बेस्ट है करी पत्ता:** करी पत्ते को सूखाकर इसे क्रश कर लें और कुछ देर के लिए गर्म पानी में डालकर छोड़ दें। अब पानी छानकर अलग कर लें। बचे हुए मिश्रण को रातभर आईब्रोज पर लगाकर रखें।

**काम के हैं नींबू के छिलके:** नींबू के छिलके को एक हफ्ते के लिए ऑलिव या कैस्टर ऑयल में रखें और फिर इसे पलकों पर अप्लाई करें।

**यूज करें पेट्रोलियम जेली:** नए मस्कारा वैंड के लिए पलकों पर पेट्रोलियम जैली अप्लाई करें और इसे रात भर लगा रहने दें।

**ट्रिमिंग:** आईलैशेज को ट्रिम करने से भी उनकी ग्रोथ बढ़ती है।

# ब्लाउज के बाजू पर बनवायें डिजाइन्स, दिखेंगी गॉर्जियस

**वेडिंग सीजन में हर ब्राइड या गेस्ट चाहती है कि उसका लुक सबसे अलग और स्टाइलिश लगे। ब्लाउज के डिजाइन सिर्फ कपड़े की सजावट नहीं, बल्कि आपके पूरे आउटफिट की शोभा बढ़ाते हैं। अगर आप ब्लाउज के बाजू पर खास तरीके से डिजाइन्स बनवाएं, तो यह लुक को ग्लैमरस और आकर्षक बना देता है।**

चाहे वी-शेप कट हो, बोटनेकलाइन या पारंपरिक एम्ब्रॉइडरी, सही डिजाइन आपके सिल्हूट को सुंदर तरीके से हाइलाइट करता है। इस सीजन में अपने दर्जी को ये फोटोज दिखाएं और अपने आउटफिट को बिल्कुल परफेक्ट बनवाएं, ताकि हर नजरें आप पर ही टिक जाएँ।

शादी में सिल्क या साउथ इंडियन साड़ियां हमेशा ट्रेंड में रहती हैं। अगर आप इन्हें और भी स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो इन्हें खास डिजाइन वाले ब्लाउज के साथ पेयर कर सकती हैं। सही कट और डिटेल वाला ब्लाउज आपके आउटफिट को मॉर्डन और एलिगेंट दोनों बना देगा। ऐसे ब्लाउज न केवल साड़ी को बेहतर ढंग से हाइलाइट करेंगे, बल्कि आपके लुक को गॉर्जियस और आकर्षक भी बनाएंगे। अगर आप बनारसी साड़ी के साथ स्टाइलिश ब्लाउज पहनना चाहती हैं, तो इस तरह की डिजाइन ट्राई करें। डायमंड कट और गोल्डन मटियांस लगी ये ब्लाउज बेहद शाही और ग्लैमरस लगेगी। अगर आप दो कलर के कपड़े से ब्लाउज बनवाना चाहती हैं तो बाजू पर कॉन्ट्रास्ट फ्रील और डिटेलिंग वाला डिजाइन चुनें। यह डिजाइन बहुत ही एलिगेंट और मॉर्डर्न लगेगा। बाजू की कटिंग और स्टिचिंग पर थोड़ी मेहनत करें तो ब्लाउज की खूबसूरती और बढ़ जाएगी।



# घर पर स्क्रब करने का सही तरीका

**फेस स्क्रब और बॉडी स्क्रब के अपने फायदे हैं। ये हमारी स्किन से डेड सेल्स हटाने में मददगार हैं। बदलते मौसम में यह दिक्कत नहीं ज्यादा होती है। खासतौर पर सर्दियों में ड्राइनेस के कारण स्किन जल्दी रूखी और बेजान नजर आने लगती है। इससे आपके चेहरे की रंगत फीकी पड़ जाती है। इस तरह की समस्या से बचने के लिए आप विंटर सीजन में हर दूसरे दिन घर पर ही स्क्रब करें। यहां जानें स्क्रब करने का आसान और सही तरीका...**

स्क्रबिंग द्वारा डेड सेल्स को हटाने से अंदर की हेल्दी स्किन बाहर आती है। साथ ही इस स्किन की सफाई हो जाने से यह खुलकर सांस ले पाती है, जिससे हमारी त्वचा अधिक ग्लोइंग लगती है।

स्क्रबिंग एक ऐसी प्रकिया है, जो त्वचा को स्वस्थ और सुंदर बनती है। इस प्रक्रिया में त्वचा की बाहरी सतह पर जमा डेड सेल्स हटाने का काम किया जाता है। यह प्रॉसेस पार्लर में मौजूद मशीनों से या घर पर भी आसानी से की जा सकती है।



## स्क्रब करने का सही तरीका

- नियमित रूप से स्किन को स्क्रब करने पर हमारी त्वचा के दाग-धब्बे दूर हो जाते हैं। स्क्रब का यूज करते समय पहले चेहरे को फेशवॉश से साफ करें और कॉटन के कपड़े से पौंछ लें।
- गुलाबजल में कॉटन भिगोकर चेहरे पल लगाएं और फिर उंगलियों पर स्क्रब लेकर सर्कुलर मोशन में घुमाएं। फॉरहेड और नेक को भी स्क्रब करें।
- 5 से 6 मिनट तक पूरे चेहरे, गर्दन और गले पर स्क्रब करने के बाद हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धोकर साफ करें और कॉटन के कपड़े से पौछ लें। अब अपनी पसंद का क्रीम लगाकर हल्की मसाज करें।
- जिन लोगों की स्किन ऑइली है या जिन्हें पिंपल्स की समस्या अक्सर हो जाती है, उनके लिए भी यह प्रक्रिया प्रभावकारी है। क्योंकि इससे त्वचा का अतिरिक्त तेल साफ हो जाता है। लेकिन जिस समय पिंपल्स चेहरे पर हों, उस समय इसे नहीं करना चाहिए।
- स्किन को स्क्रब करने पर त्वचा नरम व मुलायम भी रहती है। रफनेस कम होती है और सुंदरता बढ़ती है।
- ना केवल ऑइली स्किन वालों को बल्कि ड्राई स्किन वालों को भी इससे लाभ होता है। सफाई के बाद स्किन पर मॉइश्चराइजर लगाने से यह त्वचा में अंदर तक समा जाता है और लंबे समय तक स्किन को सॉफ्ट बनाए रखता है।
- स्क्रबिंग से त्वचा पर उम्र का असल जल्दी नहीं झलकता है। चेहरे की फाइनलाइन्स और उम्र के साथ खोनेवाली चमक पर यह कंट्रोल करता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा पंजीकृत कार्यालय 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष : 01169342500, 46035729 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. ए-8, सेक्टर 7, जिला गौतमबुद्धनगर- उत्तर प्रदेश, नोएडा 201, 301, फोन नंबर 0120-2470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।